■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 159
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
9 नवम्बर 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1947 :** जूनागढ़ को भारतीय संघ में शामिल किया गया।

**1989 :** तीन दशक तक पश्चिमी और पूर्वी बर्लिन को अलग करने वाली बर्लिन की दीवार को गिरा दिया गया।

**1989:** ब्रिटेन में मौत की सज़ा पर पूरी तरह से रोक लगाई गई।

**1996 :** एवेंडर होलीफील्ड ने तकनीकी आधार पर माइक टायसन को हराकर विश्व हैवीवेट मुक्केबाजी का खिताब तीसरी बार जीता।

**जब भी आप खुश होना चाहते हैं, तब ही खुश रहिए, इंतजार मत कीजिए।**

### महाराष्ट्र चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया नया नारा

# 'एक हैं तो सेफ हैं'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया नारा देते हुए कहा 'एक हैं तो सेफ हैं।' इस नए नारे को 'बटेंगे तो कटेंगे' का ही रूप माना जा रहा है। एक दिन पहले ही योगी आदित्यनाथ ने वाशिम में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर हम एक हैं तो नेक हैं और एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने कहा था कि बंटना नहीं है। जब भी हम बंटे थे तो कटे थे। धुले में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने जाति को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का खतरनाक खेल खेल रही है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी एक ऐसी गाड़ी है जिसमें न तो पहिए हैं और न ही ब्रेक है तथा वहां हर कोई ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए लड़ रहा है। राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर धुले में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन ही महाराष्ट्र का तेजी से विकास सुनिश्चित करेगा। मोदी ने कहा, 'आप सभी

**जातियों को लड़ा रही कांग्रेस**



जानते हैं कि महाराष्ट्र के साथ मेरा लगाव रहा है।' उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिले में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'हम जनता को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं, लेकिन कुछ लोग जनता को लूटने के लिए राजनीति में लगे हैं।' उन्होंने कहा कि जब भी उन्होंने महाराष्ट्र से कुछ मांगा है, राज्य के लोगों ने उन्हें दिल खोल कर अपना आशीर्वाद दिया है। मोदी ने कहा, 'मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि पिछले ढाई वर्षों से जारी महाराष्ट्र के विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ही महाराष्ट्र को वह सुशासन दे सकती है जिसकी उसे जरूरत है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र और महाराष्ट्र दोनों जगह एक साथ सत्ता में थी लेकिन उसे कभी मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्ज़ा देने की जरूरत महसूस नहीं हुई। मोदी ने कहा, 'कांग्रेस एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करने का खतरनाक खेल खेल रही है क्योंकि वह कभी दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों की प्रगति नहीं देख सकती।' उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने आरक्षण विरोधी नीतियों को लागू किया था। राजीव ने तो ओबीसी कोटे का ही विरोध किया था। आज वे लोगों को ओबीसी, दलित और आदिवासी के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह भारत के खिलाफ एक बड़ी साजिश है।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ घाट पर युवक की चाकू मारकर हत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बाजपट्टी थाना अंतर्गत मधुरापुर गांव में छठ घाट पर गुरुवार रात लगभग ढाई बजे कुछ लोगों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गांव के उमेश मंडल के 18 वर्षीय पुत्र अमरदीप कुमार के रूप में की गई है। मृतक के स्वजन ने बताया कि हम लोग रात भर छठ घाट पर ही रहते हैं। लगभग ढाई बजे अमरदीप गांव के ही दूसरे घाट पर चाय पीने गया था। दोनों घाट की दूरी सौ से सवा सौ मीटर तकरीबन है। वहां पड़ोसी गांव संधवारा के हरिश्चंद्र मंडल और उसके दोनों पुत्र तीन अन्य के साथ मिलकर सीने में चाकू मार भाग निकले।

### घर में सो रही महिला छठव्रती की हत्या

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के बेलबाग कॉलोनी स्थित लेदर फैक्ट्री के पास गुरुवार रात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर एक महिला छठ व्रती की हत्या कर दी। हत्या क्यों की गई, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। हालांकि, पुलिस इस मामले को संदिग्ध बता रही है। जानकारी के मुताबिक, वारदात के समय महिला घर में अकेली सोई थी। बगल के कमरे में मृतका का पति और बच्चे सो रहे थे। मृतका की पहचान बेलबाग कॉलोनी निवासी निड्डू सिंह की पत्नी मधुबाला सिंह(35) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत

**सारण(नबिटा ब्यूरो)।** सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा के दौरान जिले के तरैया थाना अंतर्गत पचभिंडा गांव स्थित तालाब में एक नाव पलटने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं आठ युवकों को किसी तरह सुरक्षित निकाल लिया गया है। मृतकों की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के पचभिंडा गांव निवासी 20 वर्षीय बिट्टू कुमार एवं 18 वर्षीय सूरज कुमार के रूप में हुई है।

## कपड़ा गोदाम में आग लगने से डेढ़ करोड़ का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला स्थित कपड़ा गोदाम में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दूर से ही इसकी लपट और धुएं का गुबार दिखाई दिया। इस गोदाम में कई व्यापारियों और टेंट हाउस के कपड़े रखे गए थे। गोदाम में ठंड के कपड़े, शादी के कपड़े, शादी सीजन को देखते हुए लहंगा, बनारसी साड़ी समेत महंगे कपड़े और बच्चों के कपड़े थे। सब जलकर खाक हो गए। इस घटना में करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जलकर राख हो गई। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। आग लगने की सूचना लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल की करीब 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुटी। इस घटना को लेकर आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। टेंट हाउस के मालिक राजू कुमार ने बताया कि पर्व, ठंड को लेकर नए कपड़ों का स्टॉक आया था जो जलकर राख हो गया। इधर, अग्निशमन पदाधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम यहां पहुंची और आग बुझाने में लग गई। बाद में 6 दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया है, लेकिन पूरी तरह बुझाने के लिए थोड़ा समय लगेगा।

## डूबने से तीन लोगों की मोत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** गुरुवार की शाम को अर्घ्य के दिन अलग-अलग जगहों पर पानी में डूबकर तीन लोगों की मौत हो गई। डूबने की घटना खोदावंदपुर, वीरपुर और बछवाड़ा थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद छठ के इस पावन मौके पर हर ओर कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र की है जहां मलमल्ला महंत पोखर में अर्घ्य देने के दौरान डूबने से मुकेश पासवान की मौत हो गई। दूसरी घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के पर्रा खैय पुल के पास की है जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से जीतन सहनी के बेटे मिथुन कुमारकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के काफी प्रयास से शव बाहर निकाला गया। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। छठ की खुशी मातम में बदल गई। वहीं बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा में संध्याकालीन अर्घ्य के दौरान एक बच्चा गहरे पानी में चले जाने से डूब गया।

### सीएम नीतीश ने लालकृष्ण आडवाणी को दी जन्मदिन की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज देश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने श्री आडवाणी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

### पहली बार छठ किये दो भाइयों की डूबने से मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत के तीसरे दिन जिले में छठी मइया का व्रत कर नहाने के दौरान दो युवक डूब गए। मिली जानकारी के मुताबिक भानस थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में नहर में छठ व्रत करने के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों युवक आपस में ममेरा-फुफ़ेरा भाई था। दोनों युवक इस बार छठ व्रत किया था। मृतक अभिषेक कुमार तुर्की गांव का रहने वाला था। वहीं आयुष कुमार पिपरा गांव का ही था। दोनों की उम्र 18 वर्ष थी। दोनों सूर्य को अर्घ्य देने पिपरा गांव के नहर में पहुंचे थे।

## उगते सूरज को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। चार दिनों तक चलने वाले छठ के पारण के साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया। आज सुबह 3 बजे से ही गंगा घाटों पर छठ व्रतियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सूबे के लगभग सभी जिलों में नदियों, तालाबों पर बने घाट पर जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। मान्यताओं के मुताबिक, सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार, राजा प्रियव्रत ने भी छठ व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। इससे पहले महापर्व के तीसरे दिन यानी गुरुवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठ घाटों पर व्रती और श्रद्धालुओं की भारी भीड़े देखने को मिली। कई लोगों ने घरों की छत और तालाबों में छठ पूजा मनाई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया और राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

## आदिवासियों-दलितों का विकास नहीं देखना चाहती भाजपा : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**लातेहार।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के कुन्दरी में उन्होंने झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम के पक्ष में वोट मांगा। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार भी किया और कहा कि वह झारखंड के आदिवासियों और दलितों का विकास होते नहीं देखना चाहती है। इसीलिए भाजपा के नेता राज्य में गिद्ध और कौवा की तरह मंडरा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार के कुन्दरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में बनी सरकार झारखंड राज्य में रहने वाले सभी गरीब, आदिवासी और दलितों के लिए लगातार काम कर रही थी। लेकिन पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार के द्वारा उन्हें लगातार परेशान करने का कार्य किया गया। भाजपा तमाम प्रकार के षड्यंत्र कर सरकार को गिराने के लिए लगातार प्रयास करती रही। सीएम ने कहा कि झूठे आरोप में फसाकर उन्हें जेल भी भेजा गया। बावजूद उन्होंने झारखंड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा। आज झारखंड की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। बिजली बिल माफ करने से लोगों को आर्थिक बोझ से निजात मिली। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में झारखंड सरकार महिलाएं को साल में एक लाख रुपए देगी। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अभी चुनाव के दौरान भाजपा के नेता और उनके गोरे सहयोगी हेलीकॉप्टर से आपके पास आएंगे और कई लुभावने वादे करेंगे। परंतु चुनाव खत्म होने के बाद उनका दर्शन भी दुर्लभ हो जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि तीर धनुष छाप पर वोट देकर जेएमएम प्रत्याशी वैद्यनाथ राम को विजयी बनाए।





**दिनांक 09.11.2024 को चलाई जा रही विशेष रेलगाड़ियाँ**

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **दिल्ली से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 23:35 | पुरी |
| 02398 | आनन्द विहार ट. | 08:20 | गया |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. |
| 05220 | आनन्द विहार ट. | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 05284 | आनन्द विहार ट. | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 03576 | आनन्द विहार ट. | 11:55 | आसनसोल |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. |
| 04032 | आनन्द विहार ट. | 05:15 | सहरसा जं. |
| 04044 | आनन्द विहार ट. | 23:15 | गोरखपुर जं. |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर जं. |
| 02878 | आनन्द विहार ट. | 04:00 | रांची जं. |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर ट. |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 07:30 | इंदौर जं. |
| 09004 | दिल्ली जं. | 11:45 | मुम्बई सेंट्रल |
| **उत्तर प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. |
| 01028 | गोरखपुर जं. | 14:45 | दादर |
| 02421 | सूबेदारगंज जं. | 21:35 | दिल्ली जं. |
| 01924 | वीरांगाना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:40 | हडपसर |
| 05303 | गोरखपुर जं. | 08:30 | महबूबनगर |
| 05017 | मऊ | 05:30 | उधना जं. |
| 05026 | मऊ | 05:30 | उधना जं. |
| 05052 | गोरखपुर जं. | 12:05 | कोलकाता |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04211 | वाराणसी जं. | 14:40 | चण्डीगढ़ जं. |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अंबाला |
| 04217 | वाराणसी जं. | 6:25 | लखनऊ जं. |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी जं. |
| 02270 | लखनऊ जं. | 14:15 | छपरा जं. |
| 04371 | लखनऊ जं. | 13:10 | देहरादून जं. |
| 09118 | सूबेदारगंज जं. | 19:25 | सूरत जं. |
| 09032 | गोरखपुर जं. | 04:00 | उधना जं. |
| **उत्तराखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:45 | साबरमती बीजी जं. |
| **राजस्थान से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05098 | दौराई जं. | 16:05 | टपरी जं. |
| 09653 | अजमेर | 17:50 | बांद्रा टर्मिनस |
| 04715 | बीकानेर | 12:10 | साईनगर शिर्डी |
| 04717 | हिसार | 14:10 | तिरूपति |
| 04823 | जोधपुर | 17:30 | मऊ |
| 04706 | जयपुर जं. | 13:05 | श्री गंगानगर |
| 04705 | श्री गंगानगर | 23:45 | जयपुर जं. |
| 09721 | जयपुर जं. | 06:15 | उदयपुर सिटी |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर जं. |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. |
| 09733 | जयपुर जं. | 07:00 | भिवानी |
| 09734 | रोहतक जं. | 16:05 | जयपुर जं. |
| 09657 | दौराई जं. | 15:00 | बदनी |
| 04721 | बीकानेर | 08:55 | हडपसर |
| **हरियाणा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09640 | रोहतक जं. | 13.20 | मदार जं. |
| **बिहार से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01482 | दानापुर जं. | 10:45 | पुणे |
| 01144 | दानापुर जं. | 21.30 | लोकमान्य तिलक |
| 01206 | दानापुर जं. | 05:30 | पुणे |
| 08519 | दानापुर जं. | 12:30 | विशाखापट्नम |
| 08420 | जयनगर जं. | 15:00 | पुरी |
| 02393 | पटना जं. | 20:10 | नई दिल्ली |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनन्द विहार ट. |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई |
| 05289 | मुजफ्फरपुर जं. | 21:15 | पुणे |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनन्द विहार ट. |
| 03219 | पटना जं. | 22:10 | कोटा |
| 03329 | पटना जं. | 14:05 | नई दिल्ली |
| 03639 | गया | 18:50 | आनन्द विहार ट. |
| 03278 | आरा | 15:45 | आनन्द विहार ट. |
| 05577 | सहरसा जं. | 13:10 | आनन्द विहार ट. |
| 05581 | दरभंगा जं. | 18:30 | आनन्द विहार ट. |
| 05583 | रक्सौल जं. | 22:00 | अमृतसर जं. |
| 03317 | दानापुर जं. | 08:15 | आनन्द विहार ट. |
| 03483 | भागलपुर जं. | 11:00 | नई दिल्ली |
| 04196 | फारबिसगंज जं. | 15:00 | आगरा कैंट. |
| 05069 | छपरा जं. | 13:15 | पनवेल |
| 05185 | छपरा जं. | 05:30 | यशवंतपुर |
| 05193 | छपरा जं. | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन |
| 05739 | पटना जं. | 17:40 | न्यू जलपाई गुडी |
| 04059 | जयनगर जं. | 17:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04067 | दरभंगा जं. | 18:00 | दिल्ली जं. |
| 04021 | सीतामढ़ी जं. | 18:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04313 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:00 | हरिद्वार जं. |
| 04047 | कटिहार जं. | 18:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04069 | राजगीर जं. | 22:50 | नई दिल्ली |
| 02251 | पटना जं. | 07:30 | नई दिल्ली |
| 02269 | छपरा जं. | 22:20 | लखनऊ जं. |
| 08184 | बक्सर जं. | 15:45 | टाटानगर |
| 06236 | दानापुर जं. | 08:05 | सर एम. विश्वेश्वरैय्या ट. |
| 07316 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:15 | हूब्बली |
| 06238 | बरौनी जं. | 10:00 | सर एम. विश्वेश्वरैय्या ट. |
| 06262 | दानापुर जं. | 18:30 | सर एम. विश्वेश्वरैय्या ट. |
| 01706 | दानापुर जं. | 11:45 | जबलपुर |
| 09046 | पटना जं. | 13:05 | उधना जं. |
| 09068 | बरौनी जं. | 21:30 | उधना जं. |
| 03401 | भागलपुर | 06:45 | आनन्द विहार ट. |
| 05185 | छपरा जं. | 05:30 | यशवंतपुर जं. |
| **आंध्र प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08557 | विशाखापत्तनम | 19:00 | चेन्नै एग्मूर |
| 08536 | विशाखापत्तनम | 12:00 | भुवनेश्वर जं. |
| **अरूणाचल प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा |
| **असम से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05932 | डिब्रुगढ़ जं. | 17:20 | कोलकाता |
| **गुजरात से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09063 | वापी जं. | 22:00 | दानापुर जं. |
| 09056 | उधना जं. | 16:15 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09195 | वड़ोदरा जं. | 19:00 | मऊ |
| 09435 | गांधीग्राम जं. | 20:20 | ओखा |
| 09421 | साबरमती जं. | 19:45 | सीमामढ़ी जं. |
| 09013 | उधना जं. | 07:00 | छपरा जं. |
| 09461 | अहमदाबाद जं. | 08:25 | दानापुर जं. |
| **झारखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02831 | धनबाद जं. | 16:00 | भुवनेश्वर जं. |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | जम्मू तवी |
| 03302 | धनबाद जं. | 18:40 | जयनगर जं. |
| 08105 | रांची जं. | 21:50 | जयनगर जं. |
| **केरल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01464 | कोच्चुवेली | 16:20 | लोकमान्य तिलक ट. |
| **कर्नाटक से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03248 | सर एम. विश्वेश्रैय्या ट. | 23:50 | दानापुर जं. |
| 07154 | सर एम. विश्वेश्रैय्या ट. | 10:50 | नरसापुर जं. |
| 07335 | वेलगावि | 12:30 | मणुगुरू जं. |
| **मध्य प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02190 | रीवा | 12.30 | रानी कमलापति जं. |
| 02189 | रानी कमलापति जं. | 22:15 | रीवा |
| 01661 | रानी कमलापति जं. | 14:25 | दानापुर जं. |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| **महाराष्ट्र से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01481 | पुणे जं. | 19:55 | दानापुर जं. |
| 01143 | लोकमान्य तिलक ट. | 10:30 | दानापुर जं. |
| 01415 | पुणे जं. | 06.50 | गोरखपुर जं. |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. |
| 01205 | पुणे जं. | 15:50 | दानापुर जं. |
| 01209 | नागपुर जं. | 19:40 | पुणे जं. |
| 01027 | दादर | 14:05 | गोरखपुर जं. |
| 01139 | नागपुर जं. | 15:05 | मडगॉव जं. |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:15 | गोरखपुर जं. |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 10:25 | गोरखपुर जं. |
| 07431 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 15.25 | ब्रहमपुर जं. |
| 08296 | हदसपुर | 15:00 | बिलासपुर जं. |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | 09:50 | उधना जं. |
| 09051 | दादर | 00:05 | भुसावल जं. |
| 09052 | भुसावल जं. | 17:40 | दादर |
| 09189 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार जं. |
| **ओड़िसा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02813 | भुवनेश्वर | 19:15 | बेलागवि |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जं. |
| 08439 | पुरी | 14:55 | पटना जं. |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखापट्नम |
| 02811 | भुवनेश्वर | 19:15 | यशवंतपुर जं. |
| 01930 | पुरी | 23:45 | ग्वालियर जं. |
| 07028 | ब्रहमपुर जं. | 16:45 | सिकंदराबाद जं. |
| **पंजाब से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05050 | अमृतसर जं. | 12:45 | छपरा जं. |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | कटिहार जं. |
| 04554 | अम्बाला जं. | 20:20 | सहारनपुर जं. |
| 08796 | अमृतसर जं. | 01:50 | दुर्ग जं. |
| **तमिलनाडु से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03326 | कोयम्बत्तूर जं. | 12:55 | धनबाद जं. |
| 06077 | चेन्नै एग्मूर | 23:45 | संतरागाछी जं. |
| 06055 | कोयम्बत्तूर जं. | 11:50 | बरौनी जं. |
| **तेलगांना से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07489 | सिकंदराबाद जं. | 22:15 | तिरूपति |
| 07053 | काचीगुडा | 21:30 | लालगढ़ जं. |
| 07051 | हैदराबाद डेक्कन | 20:35 | रक्सौल जं. |
| 07647 | सिकंदराबाद जं. | 21:00 | दानापुर जं. |
| 07419 | सिकंदराबाद जं. | 15:15 | दानापुर जं. |
| 07221 | सिकंदराबाद जं. | 06:45 | संतरागाछी जं. |
| 07446 | लिंगापल्ली | 19:00 | काकिनाडा टाउन |
| 07197 | कजीपट् जं. | 11:30 | दादर |
| 07003 | सिकंदराबाद जं. | 10:00 | पटना जं. |
| 08846 | सिकंदराबाद जं. | 19:50 | संतरागाछी जं. |
| **पश्चिम बंगाल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03043 | हावड़ा जं. | 23:00 | रक्सौल जं. |
| 03131 | सियालदह | 18.15 | गोरखपुर जं. |
| 03187 | सियालदह | 23:55 | जयनगर जं. |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं. |
| 03465 | मालदा टाऊन | 13.25 | दीघा |
| 05740 | न्यू जलपाईगुडी | 05:00 | पटना जं. |
| 04073 | हावड़ा जं. | 04:20 | दिल्ली जं. |
| 04073 | कोलकाता | 07:40 | दिल्ली जं. |
| 07224 | संतरागाछी जं. | 12:20 | सिकंदराबाद |
| 06088 | शालिमार | 17:10 | तिरूनेलवेलि जं. |
| 09028 | मालदा टाउन | 17:30 | बाद्रा टर्मिनस |

भारतीय रेल
WWW.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinindia

# छठ के मौके पर भक्ति के रंग में डूबा हर खास-ओ-आम

## अमेरिका, कोलकाता से लेकर गांव घरों तक छठ की धूम






झारखंड के गढ़वा में छठ व्रत के मौके पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण करने पहुंचे प्रकाश सिन्हा एवं आरती सिन्हा के परिवार के सदस्य










**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/कोलकाता/गढ़वा/औरंगाबाद।** इस बार भी कार्तिक छठ में हर खास-ओ-आम, पर भगवान सूर्य की भक्ति का रंग छाया रहा और आम लोगों से लेकर खास लोगों तक ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ छठ पूजा मनाई। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अपने सरकारी आवास स्थित तालाब में सपरिवार उगते सूरज को अर्घ्य देते हुए कहा कि दुनिया में अद्भुत अलबेला और इकलौता व्रत है जिसमें साक्षात भगवान की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि हम बिहारी सिर्फ उगते सूरज को ही नहीं बल्कि उसके पहले डूबते सूरज को भी नमन करते हैं। हमारी मान्यता है कि जिसका अस्त होता है उसका उदय भी होता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रेम का यह पर्व वैज्ञानिकता से भरा हुआ है। यह पर्व नहाए खाए से शुरू होकर उगते सूरज को अर्घ्य देने तक चलता है। उन्होंने इस अवसर पर बिहार के सभी वासियों को अपनी शुभकामनाएं अर्पित की। इसी प्रकार बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी विजय प्रकाश ने परंपरागत श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी पत्नी डॉक्टर मृदुला प्रकाश जो जानी-मानी शिक्षाविद और समाज सेविका है, के साथ भगवान सूर्य की आराधना की और उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। उन्होंने कहा कि छठ का पर्व न केवल आस्था का पर्व है बल्कि इसमें भारतीय विशेष कर बिहार की लोक संस्कृति की पूरी छाप मिलती है। यह बिहार की संस्कृति को प्रकट करने का एक व्यापक माध्यम भी है। इसी प्रकार रोहतास जिले के तिलौथू में सोन नदी के छठ घाट पर बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के आप्त सचिव शैलेंद्र कुमार ओझा ने भी सपरिवार छठ व्रत किया। उन्होंने कहा कि छठ व्रत हमें हमारी जड़ों की ओर ले जाता है और अपने परिवार तथा समाज से जोड़ने का बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रेम को समर्पित यह त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। औरंगाबाद की जानी-मानी चिकित्सक डॉ शोभा रानी और उनके पति डॉ रवि रंजन ने भी परंपरागत तरीके से अपने आवास पर छठ पूजन किया। उन्होंने इस मौके पर औरंगाबाद वासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि भगवान सूर्य सबों की मनोकामना पूर्ण करें तथा सभी को स्वस्थ रखें। उन्होंने कहा कि यह पर्व त्याग और तपस्या का पर्व है। यह पर्व आस्था का पर्व है जिसमें हम भगवान सूर्य देव के प्रति अपनी श्रद्धा समर्पित करते हैं। कोलकाता में भी बिहार मूल के लोगों ने छठ व्रत किया। वहां से रूपेश रंजन प्रसाद, राखी रानी प्रसाद, सिद्धांत रंजन प्रसाद, जाह्नवी प्रसाद, रितेश रंजन प्रसाद, स्नेहा रंजन प्रसाद, मनकेश्वर प्रसाद, मालती लता प्रसाद आध्या रंजन और अक्षिता रंजन ने परंपरागत तरीके से छठ का व्रत कर उगते सूर्य देव को अर्घ्य के साथ अपने व्रत को पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि हम भले बिहार से अलग हैं, लेकिन बिहार की संस्कृति और आस्था हमारे हृदय में है और हमारा परिवार हमेशा छठ पूजन करता रहता है। उनके यहां भी परंपरागत मगही गीतों के माध्यम से छठ पूजा की जाती है। औरंगाबाद से छठ व्रत कर रही सलोनी अम्बष्ट एवं मृदुला अम्बष्ट के साथ-साथ निभा सिन्हा ने परंपरागत तरीके से भगवान सूर्य देव की आराधना की तथा छठ का व्रत रखा। उन्होंने कहा कि यह कठिन व्रत भगवान सूर्य की कृपा से ही पूरा हो पाता है। उन्होंने कहा कि सदियों से उनके पूर्वज इस व्रत का अनुष्ठान करती आई है और उन्हें लगता है कि इस व्रत का पालन करना सदियों पुरानी बिहार संस्कृत का ही एक अंग है। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य सबों की मनोकामना पूर्ण करते हैं इसलिए दिनों दिन अधिक से अधिक संख्या में लोग छठ व्रत से जुड़ रहे हैं।

इधर प्रवासी भारतीयों ने भी अमेरिका में भी छठ की धूम मचा दी। न्यूयॉर्क में फिलहाल रह रहे सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि अमेरिका में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु निकटतम संभव तालाब में पहुंचे और वहां उन्होंने परंपरागत तरीके से छठ का पूजन अर्चन किया। श्री त्रिवेदी ने बताया कि छठ पूजा करने वालों में युवक-युवतियां भी बड़ी संख्या में शामिल थे।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने छठ पूजा बाद वापसी यात्रा के लिए किए गए विशेष इंतजाम का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना एवं दानापुर स्टेशन का निरीक्षण कर छठ महापर्व को लेकर यात्री सुविधा/सुरक्षा के मद्देनजर की गयी तैयारियों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने छठ पर्व में यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशनों पर बनाए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने छठ पर्व पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा सहित सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर आवश्यक सुविधाओं की निरंतरता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल द्वारा छठ पूजा बाद श्रद्धालु यात्रियों की



अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु बिहार एवं आस-पास से दूसरे राज्यों और शहरों को जाने वाले यात्रियों के लिए विषेष इंतजाम किए गए हैं। इनमें स्पशल ट्रेनों का परिचालन, स्टेशनों पर यात्रियों को बैठने के लिए सभी सुविधायुक्त होल्डिंग एरिया का निर्माण, अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी की तैनाती सहित यात्री सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े और भी कई व्यवस्थाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नई दिशा परिवार ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया

### 51 छठव्रती महिलाओं का सामूहिक छठ व्रत संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार ने आज महवीर घाट पिलर संख्या 147 के समीप उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद नयी दिशा परिवार की 51 छठव्रती महिलाओं का 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त हुआ और उसके बाद ही व्रतधारियों ने अन्न ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी और संस्था के संरक्षक कमलनयन श्रीवास्तव, मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ (मुन्ना यादव) सचिव राजेश राज, मनोज गुप्ता सहित अन्य गण-मान्य लोगों मौजूद रहे। नई दिशा परिवार द्वारा विगत 16 वर्षों से 51 महिलाओं का छठ व्रत जन-सहयोग से कराया जा



रहा है। व्रती महिलाओं के आवासन, पूजन सामग्री तथा अन्य सभी सुविधाएं संस्था द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। गिरिराज उत्सव पैलेस, पटना सिटी में महापर्व के पहले दिन पांच नवंबर को 51 छठ व्रतियों को सूप, साड़ी और साड़ी पूजन सामग्री उपलब्ध कराया गया। छठ व्रतियों को सम्मानित भी किया। एक ही पंडाल में 51 व्रतधारी महिलाओं ने नहाय-खाय के संकल्प के तहत नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गिरिराज उत्सव पैलेस में दूसरे दिन 51 महिलाओं ने सामूहिक 'खरना' अनुष्ठान किया। महापर्व के तीसरे दिन महावीर घाट पिलर संख्या 147 के समीप नयी दिशा परिवार की 51 छठ व्रती महिला समेत कई लोगों ने अस्ताचलगामी सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रितु राज, सपना रानी, सोनी प्रिया, संजना आर्या, प्रियांशी, अभिषेक श्रीवास्तव, उज्ज्वल राज, उजाला राज, परितोष सर, मुकेश वर्मा, आशीष सिन्हा, अजय वर्मा आदि सक्रिय रहे।

## खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विशाल खाटूश्याम भजन संध्या का आयोजन पटना के बैंक रोड स्थित प्रसिद्ध अग्रसेन भवन में किया गया। कार्यक्रम श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के द्वारा खाटू श्याम जन्मोत्सव पर किया गया। कार्यक्रम श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री श्री श्याम मंडल, पटना, श्री श्यामसेवा ट्रस्ट न्यू बहादुरपुर, श्री श्री बालाजी सुंदरकांड समिति, श्री खाटू श्याम सेना पटना एवं एकादशी निशान पूजन की भी



सहभागिता थी। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त में पधारे हुए थे। शक्तिधाम परिसर में खाटूश्याम के भव्य दरवार की सजावट की गयी थी जो सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। कार्यक्रम सूरजगढ़ के हजारीलालजी इंदोरिया एवं विष्णुजी निशनधारी के पावन सानिध्य में किया गया। श्याम दरबार के समक्ष कोलकाता के प्रसिद्ध श्याम भजन गायक श्याम अग्रवाल, पंकज निगम, सौरभ शर्मा केशु, राधाश्री, श्री किशोरी, प्रद्युम्न एवं अन्य चर्चित भजन गायकों के भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया था। इनके गाये भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। देश के सुप्रसिद्ध खाटूश्याम भजन गायक श्याम अग्रवाल के गाये 'श्याम घणी आने में जो देर लगाओगे, इतना समझ लो हारे हुए को और हराओगे' सुनते ही शक्तिधाम परिसर में मौजूद सैकड़ों श्याम भक्त झूमने लगे। इसके एक के बाद एक भजन 'नैया भंवर में जिसकी ओ तुम्हे ढूंढता है, तेरी गली का पता पूछता है' जिनको जिनको मिला सहारा, उनको ये बतलाना है, हारा हुआ जो भी मिल जाए उसका साथ निभाना है। सुनते हुए परिसर में उपस्थित पूरे जनसमूह को समय का पता ही नहीं चल रहा था। श्याम भक्तों द्वारा लगातार फरमाईश हो रही थी। इसके बाद मंच पर दूसरे विख्यात श्याम भजन गायक पंकज निगम का स्वागत दर्शकों ने तालियों से किया। निगम ने खाटू श्याम प्रभु की स्तुति में एक से बढ़कर एक भजन गाये। अपने गाये भजनों 'क्या क्या नहीं किया श्री राम के लिए' 'मुझे याद है मेरी पिछली कहानी, अपनो ने की जब बहुत मनमानी'।



पटना में लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' में लोग अपने-अपने घरों की छत पर छठ माता को अर्घ चढ़ाए। पटना जक्कनपुर में घर की छत पर पूरी श्रद्धा से अर्घ देती पल्लवी साहु।

## एमआईजी पार्क, कंकड़बाग में पूरी श्रद्धा के साथ महापर्व छठ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' में गंगा घाट के अतिरिक्त अनेकों मोहल्लों में बने पार्क में लोगों ने दोनों समय छठी मैया को अर्घ्य चढ़ाया। कंकड़बाग स्थित 100 एमआईजी पार्क में वन विभाग एवं नगर निगम द्वारा पूरी व्यवस्था की गई थी। वन विभाग द्वारा पार्क में बने टाइल्स लगे सुंदर छठ घाट को पूरी साफ-सफाई कर के स्वच्छ पानी भरा गया तथा इसमें गंगा का जल भी मिलाया गया। नगर निगम द्वारा अर्घ्य देने वाली महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए अच्छा चेंजिंग रूम बनाया गया। यहां पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने अर्घ्य देने के बाद अपने कपड़े बदलें। समाज सेवी डॉ गीता जैन ने प्रातःकाल में सभी के लिए चाय की व्यवस्था कराई। सैकड़ों लोगों ने अर्घ्य देने के बाद प्रातः कालीन चाय का आनंद लिया।

## एसएसबी के बचाव दल ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नदी में गश्ती का किया कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सशस्त्र सीमा बल सीमान्त (एस.एस.बी.) पटना के महानिरीक्षक नैयर हसनैन खान (भा.पु.से) के निर्देशानुसार छठ महापर्व के अवसर पर 07 और 08 नवम्बर 2024 तक गंगा नदी भद्रघाट पर तैनात राहत एवं बचाव दल के द्वारा पटना में गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नदी में गश्ती का कार्य किया।

इस अवसर पर नैय्यर हसनैन खान, महानिरीक्षक,




एस.एस.बी. सीमान्त पटना ने भद्रघाट पर पहुंच कर राहत एवं बचाव दल के सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश दिए। छठ महापर्व के दौरान एस.एस.बी के राहत एवं बचाव दल ने ज्युडिसियल अकादमी घाट, राजा घाट, गाय घाट, भद्र घाट तथा महावीर घाट पर लोगों की सुरक्षा के लिए गंगा नदी में मुस्तैदी के साथ गश्त किया और लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए तत्पर रहे। सशस्त्र सीमा बल सीमान्त पटना के अधीन सभी इकाइयों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में भी विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु राहत एवं बचाव दल को तैनात किया था। इसके अतिरिक्त महानिरीक्षक के निर्देशन में भद्र घाट पर एस.एस.बी द्वारा एक मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें जरूरतमंद श्रद्धालुओं का निःशुल्क उपचार किया गया तथा उनको मुफ्त दवाएं दी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर डॉ. अभय प्रकाश (उपमहानिरीक्षक/चिकित्सा) एस. एस. बी सीमान्त पटना, सुवर्णा सजवान, कमांडेंट 40वीं वाहिनी एस.एस.बी. पटना, डॉ निशिकांत (कमांडेंट/चिकित्सा), 47वीं वाहिनी एस.एस.बी रक्सौल तथा गौतम सागर, उप कमांडेंट, एस. एस. बी 40वीं वाहिनी के साथ- साथ एस. एस. बी के अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे।

CMYK

# उदयाचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को संपन्न हो गया। हर तरफ जलाशयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। सभी में छठी मैया के पूजन के प्रति दिखता उत्साह दूसरों को भी श्रद्धा से नतमस्तक करता रहा। गली से लेकर घाट तक दूधिया रोशनी से शहर व ग्रामीण इलाका जगमगा उठा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रमुख मार्गों समेत छठ घाट पर जगह-जगह पुलिस की तैनाती किए गए थे। उदयाचल गामी सूर्य को अर्घ्य देने को लोग अहले सुबह तीन बजे ही व्रती व घर के सदस्यों के कदम छठ घाट की तरफ बढ़ने लगे थे। यह क्रम छह बजे तक चलता रहा। पर्व को लेकर लोगों में घाटों पर गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। मन्नत पूरी होने पर कुछ श्रद्धालु दंडवत करते घाटों पर पहुंचे। व्रतियों ने सोन नदी व पश्चिमी संयोजक नहर के विभिन्न घाटों पर अर्घ्य दिया। उग हो सूरजदेव भइल अरग के बेर जैसे गीतों से घाटों का कोना-कोना गूंजता रहा। गली से लेकर घाट तक तोरण द्वार व भगवान सूर्य की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी रही। एसडीआरएफ की टीम सोन और नहर में तैनात दिखी। भीड़ नियंत्रण को प्रमुख मार्गो पर वाहनों पर प्रतिबंध रहा। वाहनों के आवागमन नहीं होने से बुजुर्गों को घर तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाहबाद प्रक्षेत्र के डी आईजी नवीन चंद्र झा ने एनिकट के घाट पर परिवार समेत पहुंच अपने कार्यालयकर्मी को अर्घ्य दिलाया। एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह, एएसपी कोटा किरण कुमार, थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, नप ईओ सुजीत कुमार ने घाटों का पैदल निरीक्षण किया। विभिन्न संगठनों ने व्रतियों की सेवा में लगे रहे। दूध और दातुन, चाय वितरित किया।



# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ ही लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन हो गया छठ पूजा के दूसरे अर्घ्य के मौके पर रामपुर प्रखंड के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस मौके पर हजारों छठ वृत्तियां ने उदय गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। अपने और अपने परिवार के लिए मंगल कामनाएं की देर रात से ही श्रद्धालुओं का छठ घाटों पर पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया था, और सूर्योदय तक जारी रहा छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की श्रद्धा भक्ति देखते ही बनी। इस अवसर पर छत वृत्तियां ने पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ भगवान भास्कर की विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण कर पारन किया। छठ पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस नजर आया इस दौरान सभी घाटों पर भारी संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी अपनी करते नजर आए।

# लोक आस्था के महापर्व को लेकर घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** लोक आस्था के महापर्व छठ कोचस समेत ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के वातावरण में मनायी गयी जब छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए कर्णप्रिय छठ गीतों को गाते हुए समूह में जब छठ घाटों पर गोधुलि बेला में पहुंची उस समय का दृश्य काफी मनमोहक हो उठा जब अपने- अपने डालियों सूप में छठ व्रतियों ने कतारबद्ध होकर दीपक जलाएं तो उस समय ऐसा महसूस हो रहा था कि दीपावली महापर्व का अहसास हो रहा था जहां वातावरण भी शांत प्रकृति का मानो स्वागत कर रहा था। एक तरफ जहां अभिभावक महंगाई का रोना रो रहे थे। वही युवा अपने ही रंग में रंगे हुए थे बच्चों के लिए यह महापर्व किसी मेले से कम नहीं था। महापर्व शांति पूर्ण समाप्त होने पर नपं मुख्य पार्षद स्नेहा कुमारी, प्रतिनिधि मलिक पासवान, उपमुख्य पार्षद विभा देवी, चुनमुन पांडेय ने छठ व्रतियों समेत प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित की है।



# आस्था, श्रद्धा और विश्वास का पर्व है छठ : पवन झुनझुनवाला

## ऊंच नीच का भेदभाव नहीं रहता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एक ऐसा त्योहार जो चार दिन चलता है, कोई दंगा नहीं होता, इंटरनेट कनेक्शन नहीं काटा जाता, किसी शांति समिति की बैठक कराने की जरुरत नहीं पड़ती, चंदे के नाम पर गुंडा गर्दी नहीं होती और जबरन उगाही भी नहीं। उक्त बातें मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पवन झुनझुनवाला ने नेहरु मेमोरियल क्लब बालगोविन्द बिगहा के द्वारा कर्पूरी चौक पर भव्य तोरण द्वार तथा मयूर नवयुवक संघ शिवगंज का तोरण द्वार का उद्घाटन करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि छठ पर्व में मिठाई के नाम पर मिलावट नहीं परोसी जाती है। ऊंच - नीच का भेद नहीं होता, व्यक्ति-धर्म विशेष के जयकारे नहीं लगते, किसी से अनुदान और अनुकम्पा की अपेक्षा नहीं रहती है, राजा रंक एक कतार में खड़े होते हैं। समझ से परे रहने वाले मंत्रों का उच्चारण नहीं होता और दान दक्षिणा का रिवाज नहीं है। एक ऐसी पूजा जिसमें कोई पुजारी नहीं होता जिसमें देवता प्रत्यक्ष हैं, डूबते सूर्य को भी पूजते हैं, व्रती जाति समुदाय से परे हैं, केवल लोक गीत गाते हैं, पकवान घर पर बनते हैं, घाटों पर कोई ऊंच नीच नहीं है, प्रसाद अमीर गरीब सभी श्रद्धा से ग्रहण करते हैं, प्रकृति संरक्षण का बोध होता है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संजीवनी मिलती हो, ऐसे सामाजिक सौहार्द, सद्भाव, शांति, समृद्धि और सादगी के महापर्व आस्था श्रद्धा और विश्वास का पर्व है छठ।



# छठ पूजा सामाजिक समरसता, संस्कृति और एकता की प्रतीक : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला।** प्रखंड के मुडियार गांव में संचालित न्यू बजरंग दल कमिटी द्वारा आयोजित भव्य छठघाट पर पानी के बीचों बीच छठी मईया की मंदिर एवं भव्य दिव्य ज्योति घाटों को छठव्रतियों को समर्पित किए जाने के अवसर पर लोजपा के प्रदेश महासचिव एवं रोहतास के चर्चित समाजसेवी राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने लोकआस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर ग्रामीणों व डिहरी विधानसभा वासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हुए कहा कि छठ पूजा संस्कृति और एकता का प्रतीक है, जो प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता और सामाजिक समरसता को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं द्वारा अद्भुत पंडाल सफाई व सजावटों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए समस्त ग्रामीणों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और प्रार्थना की कि छठी मईया और भगवान भास्कर सभी को सुख, समृद्धि और निरोगी काया प्रदान करें। सोनू सिंह ने शिवम पूजा कमिटि शिवगंज में बने राम मंदिर के भव्य तोरण द्वार अप्सरा सिनेमा के निकट दुकानदार संघ के द्वारा फूलों के गेट का उद्घाटन किया। वहीं मुखिया बबलू तिवारी एवं रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष बीरेंद्र पासवान ने पंचायत की उन्नति व चहुंमुखी विकास की कामना करते हुए छठी मईया से सभी आम अवाम के जीवन में सुख-समृद्धि उत्तम स्वास्थ्य और नई ऊर्जा का संचार की दुआ मांगी। इस अवसर पर डाक सुपरिटेंडेंट पिंटू तिवारी, सरपंच उदय सिंह, पूर्व उप प्रमुख सुदामा राम, पैक्स अध्यक्ष डॉ अजय यादव, पूर्व उप मुखिया डॉ ओमप्रकाश, पूर्व पैक्स अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, हेडमास्टर अजय पासवान, बैंक प्रबंधक नवीन कुमार, एसबीआई फील्ड रिलेशन अधिकारी राकेश तिवारी, न्यू बजरंग दल के अध्यक्ष दिनेश सोनी, रवि पासवान, प्रबुद्ध समाजसेवी किसान भगत, भीम चंद्रवंशी, गोपी पासवान, भोना पासवान, सुकर राम, उदय भगत, हरिहर भगत, सनोज चंद्रवंशी, राजेश गुप्ता, मुनन सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता, मोहन सोनी, गोलू चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, सोनू ठाकुर, अभय चौरसिया, प्रकाश गुप्ता, धनजी गुप्ता, पृथ्वीराज चौधरी, बंटी पासवान, अनील पासवान, पिंटू कुमार, रंजीत कुमार, भोली चंद्रवंशी, प्रकाशबारी, सुमन दास, राज कुमार प्रजापति, अरविंद पासवान, श्याम लाल भगत, अभयानस कुमार, संतोष भगत, विजय प्रकाश, कौशल चंद्रवंशी, बिनोद चंद्रवंशी, शानू गुप्ता सब इंस्पेक्टर आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# उगते सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** प्रखंड क्षेत्र के तुंबा, रसूलपुर, कशीगांवा, बसकटिया, बकनौरा, कुसडिहरा, जमुंआ, बंजारी सूर्य मंदिर, अकबरपुर में छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। सभी ग्राम के पूजा समिति के द्वारा व्रतियों के लिए छठ घाट पर विशेष रूप से पंडाल में दूध, आम का दातून आदि की व्यवस्था की गई थी। सभी कार्यकर्ता छठ घाटों पर मुस्तैदी से डटे रहे, व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसका विशेष रूप से ध्यान दिया गया। वहीं प्रशासनिक अधिकार सीओ, बीडीओ, थानाध्यक्ष समेत सभी नियुक्त मजिस्ट्रेट एसआई बिहार पुलिस के जवान सोन नदी के पानी के पास निगरानी करते दिखे। छठ व्रती घंटों पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए खड़े रहे। अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किए। नगर पूजा कमेटी के तरफ से सभी कार्यकर्ता समाजसेवियों को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। वही रोहतास नगर पंचायत की ओर से भी सभी नगर पंचायत के छठ घाटों पर लाइट वगैरह की व्यवस्था की गई।



# समस्याओं की लिखित शिकायत मुझे दीजिए, 2 दिनों में सर्वे के लिए अधिकारी पहुंच जाएंगे : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को रामगढ़ का दौरा किया जहां उन्होंने स्थानीय जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। प्रशांत किशोर ने खरसरा और महमूदगंज गांव के निवासियों से उनकी परेशानियों पर चर्चा की जहां रेलवे फाटक की कमी के कारण लोग गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में अंडर पास की ऊंचाई कम होने से स्कूली बच्चों के साथ लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय जनता हमेशा भय में रहती है। प्रशांत किशोर ने मौके पर पहुंचकर अंडर पास का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने गांव वालों को आश्वासन दिया कि वे रेलवे विभाग के नाम से समस्या का एक लिखित शिकायत पत्र लिख कर दे ताकि जल्द ही इस समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा आप सभी लोग एक पत्र में इस समस्या का विस्तृत विवरण दें जिन गांवों को इससे समस्या हो रही है, उनके बारे में बताएं। सभी जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर लेकर इस पत्र को मुझे सौंपें, मैं आश्वासत करता हूं कि 1-2 दिन में यहां सर्वे के लिए अधिकारी पहुंच जाएंगे और इस पर कार्यवाही शुरू होगी। रामगढ़ में जन सुराज के उम्मीदवार सुशील सिंह कुशवाहा और प्रशांत किशोर न केवल चुनावी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं बल्कि आम जनता की समस्याओं को भी प्राथमिकता देते हुए उनके समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।



# छठ देवी जागरण में लोक कलाकारों ने बिखेरा जलवा, झूमे श्रोता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** शांति छठ पूजा समिति मोहनियां रोड स्थित धर्मावती नदी के तट पर आयोजित देवी जागरण में लोक कलाकारों ने जमकर अपनी लोक कलाओं का प्रदर्शन व जमकर ठुमके लगाए जिसे सुनन-देखने के लिए छठ व्रतियों समेत आम दर्शकों का भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोक कलाकारों ने देवी जागरण के माध्यम से ऐसी समां बांधी कि लोग रात भर लोक संगीत के गंगोत्री में डुबोते उतरवाते रहे। लोक कलाकारों ने देवी जागरण में लोक आस्था के महान पर्व छठ गीत समेत बीर रस व श्रृंगार से लेकर समस्त रसों से युक्त गायकी का गायन किया। लोक गायकों में सुमंत सबेरा, मनोज श्रीवास्तव, ज्योति रानी, सुनैना से लेकर नृत्य मंडली भी शामिल थी। इससे पूर्व पूजा कमिटी ने उपस्थित आगंतुकों को शॉल देकर सम्मानित किया जिसमें विधायक संतोष मिश्रा, डॉ अनिल सिंह, मुन्ना कुमार पांडेय, गीता कुमारी, धीरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, राजेंद्र सिंह, बिंदास देवी आदि शामिल थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे — ई-नीलामी**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

**आक्शन कैटलाग नम्बर: BSB 28 PARKING 24**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 11:30 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 11:40 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 11:50 बजे तक |
| फेफना जं. स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:00 बजे तक |
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:10 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:20 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:30 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:40 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:50 बजे तक |
| रजापट्टी स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 13:00 बजे तक |
| रतनसराय स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 13:10 बजे तक |

**आक्शन कैटलाग नम्बर: BSB 29 PARKING 24**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 10:30 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 10:40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 10:50 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:00 बजे तक |
| किडिहरापुर स्टेशन स्थित(2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:10 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:20 बजे तक |
| करीमुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:30 बजे तक |
| चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:40 बजे तक |
| दुरौंधा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:50 बजे तक |
| बनारस (पी.एफ.-1) स्टेशन स्थित (एक्सेस कंट्रोल्ड) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 12:00 बजे तक |

**आक्शन कैटलाग नम्बर: BSB 30 PARKING 24**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| आजमगढ़ स्टेशन स्थित (3 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 27-11-2024 | 11:00 से 11:30 बजे तक |

नोटः ◆ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ◆ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन रू. 10,000/- (Non Refundabel) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी, जिसका भुगतान/कटौती उसी खाते से होगी। ◆ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के *E-Auction Leasing Section* में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-177 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# दिव्य चातुर्मास व्रतानुष्ठान सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए जलभरी आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर सह कंकाली मंदिर के प्रांगण में आयोजित दिव्य चातुर्मास व्रतानुष्ठान सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का जलभरी आज शनिवार को होगा। भव्य जलभरी के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यज्ञ अनन्त विभूषित स्वामी श्री मधुसूदनाचर्य जी महाराज के देखरेख में सम्पन होगा। यज्ञ अनुष्ठान में श्री श्री 108 श्री त्यागी बाबा व श्री श्री 108 श्री राम बालक दास भी उपस्थित रहेंगे। दुर्गावती नदी से जल लेने के बाद कलश यात्रा निकाला जाएगा, जो नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचेगा। प्रतिदिन दिन तीन बजे से सात बजे शाम तक प्रवचन होगा जबकि सात बजे शाम से दस बजे रात्रि तक रासलीला का कार्यक्रम होगा। यज्ञ में सातों दिन चौबीस घंटे भंडारा का आयोजन किया गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह डब्लू ने बताया कि यज्ञ में पूर्व प्रखंड प्रमुख गिरिजेश सिंह, राधेश्याम रस्तोगी, झिंगुरी जी, राजेश्वर जी, ललन सिंह, पियन पासवान समेत समिति के सक्रीय सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया है।

# श्रद्धापूर्वक आस्था का महाव्रत छठ सम्पन्न

## विभिन्न जलाशयों में व्रतियों ने डूबते व उगते भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** अनुमंडल क्षेत्र में आस्था का महाव्रत छठ शुक्रवार को श्रद्धापूर्वक सम्पन हो गया। क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों पर बने छठ घाटों पर भारी संख्या में छठ व्रतियों ने डूबते व उगते भगवान भास्कर को अर्घ्य दिए। छठ घाट पर साफ-सफाई व लाइटिंग की भव्य व्यवस्था किया गया था। चार दिवसीय छठ महाव्रत में व्रतियों व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस-प्रशासन की टीम चौकस थी। कुदरा के दुर्गावती नदी, सकरी पोखरा व कुदरा नदी के किनारे बने छठ घाट पर भारी संख्या में व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिए। लालापुर, पुसौली, बसहीं, केवढी, पंचपोखरी के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पूजा के लिए भव्य व्यवस्था किया गया था। सभी छठ घाटों पर छठ घाट पूजा समिति के सदस्य छठ प्रारंभ होने से समापन तक व्रतियों के सेवा में लगे रहे। लगभग सभी घाटों पर टेंट का व्यवस्था किया गया था। काफी संख्या में व्रतियों ने रातभर छठघाट पर रहकर भगवान भास्कर की आराधना की। छठ घाट जाने वाले रास्ते के किनारे दर्जनों जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री का वितरण किया गया। व्रतियों के अलावे हजारों की संख्या में श्रद्धालु छठघाट पर जाकर भगवान भास्कर से सुखमय जीवन की कामना की। छठ घाटों पर पेयजल, शौचालय व कपड़ा बदलने का स्थान बनाये गए थे। पुलिस-प्रशासन के अलावे सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व नेतागण भी छठघाट पर जाकर व्रतियों से आशीर्वाद ले रहे थे।



# सूर्य की उपासना अन्य देशों में भी होती है : पंडित लखन मिश्रा

**मदन कुमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** लोक आस्था के महान छठ पर्व कार्तिकेय षष्ठी पर सूर्य का विशेष महत्व है। ज्योतिषी शास्त्र के अनुसार सौर मंडल का केंद्र बिंदु तो है ही यह हिंदुओं के आराध्य देव भी है। ज्योतिषाचार्य पंडित लखन मिश्रा की माने तो पौराणिक मान्यताओं के साथ विश्व के इतिहास के पन्नों पर भी सूर्य उपासना का उल्लेख है। मिस्त्र की पौराणिक मान्यता के अनुसार हिलिया पोलियो को सूरज की राजधानी कहा गया है। अपोलो यूनानी वरुण के निवासियों के राज एवं इष्ट देव सूर्य हैं। कहा जाता है कि सूर्य पुत्र ने जब आग्नेय रात को आकाश मार्ग से हांकने का प्रयास किया तो वह पृथ्वी की कक्षा में शनि के निकट आ पहुंचा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि ईसाइयों के धर्म ग्रंथ ओल्ड टेस्टामेंट में जोशुआ को सूर्य प्रसाद में ही दफनाया गया। पादरी ने प्रभातकालीन सूर्य की सुनहरी किरणों की मौजूदगी में सत्संग का लाभ उठाने की बात कही थी। उन्होंने अपने घर का नाम वेद रोमेश रखा जिसका अर्थ सूर्य भवन होता है। चिर पुरातन की संस्कृति में उल्लेख है कि राजधानी कुन्को विशाल सूर्य मंदिर बना हुआ था। वही मैक्सिको के देवालय में आज भी विशाल सुनहरे रंग की स्वर्ण चकतिया हैं जो सूर्य उपासना का प्रमाण देती है। ब्राजील एवं न्यूजीलैंड के आदिवासी सूर्य को एक विराट आत्मा के रूप में मानते हैं। उत्तरी अमेरिका में अन्य को समुदाय शुल्क देवता मानते हैं और उनकी पूजा करते हैं। क्रो प्यूबलो, ब्लैक फूट, इरोकोइस व सिक्स नाम भी सूर्य के ही हैं। ध्रुव प्रदेश के एस्किमो जाति के लोग सूर्य नृत्य करते हैं। यहूदी और ईसाई धर्म के अनुयायी अपना धार्मिक दिन रविवार यानी संडे को मनाते हैं। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आर्कमिडीज ने सौर ऊर्जा के प्रयोग के लिए एक दशक शीशे का इस्तेमाल किया था जिसका बाद में युद्ध के दौरान आयुध के रूप में प्रयोग हुआ। यूनानी लोग सूर्य को अपोलो के नाम से पुकारते हैं। अंग्रेजी का हिलियम शब्द की उत्पत्ति सूर्य से ही हुई है वहीं भारतीय धर्म ग्रंथों के संपूर्ण विश्व के चार अंचल सबको ऊर्जा व जीवन देने वाला सूर्य ही है। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास की षष्ठी तिथि को सूर्य का खगोलीय माना गया है। इस समय सूर्य धरती के दक्षिण गोलार्द्ध में रहते हैं। सूरज के दक्षिणायन में रहने पर उसकी अल्ट्रावॉयलट किरणें धरती पर सम्मान से अधिक मात्रा में आती है जो जौंडिस सहित कई बीमारियों के लिए लाभदायक है सूर्य हर महीने राशि परिवर्तन करता है। इस दौरान सूर्य अपनी नीच राशि तुला में रहता है सूर्य को सभी ग्रहों का पिता कहा गया है। भारतीय शास्त्र ग्रंथों में स्पष्ट है कि संपूर्ण विश्व को सूर्य ही सबको जीवन देने वाला प्राण तथा ऊर्जा देने वाला है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि हर दिन सूर्य को जल देना चाहिए और बहुत से लोग इस नियम का पालन भी करते हैं। छठ व्रत का मुख्य उद्देश्य पति पत्नी, पुत्र-पुत्री और सभी परिजनों की मनोकामना से जुड़ा है।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या : एसडीएसटीई-एमओडी-पीकेआर-24-25, दिनांक : 06.11.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। **कार्य का नाम :** हावड़ा मंडल में साहिबगंज लूप लाइन के पाकुड़ स्टेशन पर गति को 15 केएमपीएच से बढ़ाकर 30 केएमपीएच करने के सम्बन्ध में 1 इन 8.5 स्विचों का 1 इन 12 स्विचों में बदली सहित टर्न आउट्स के लेआउट का रूपांतरण। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 2,90,08,151.24। **बयाना राशि:** रु. 2,95,100। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **बोली शुरू होने की तारीख :** 18.11.2024। **पूरा करने की अवधि :** 12 महीना। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 02.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय :** 06.11.2024 को अपराह्न 4.05 बजे। (HWH-395/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छठ पर्व के दौरान 20 लाख की चोरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 स्थित शिवनगर मोहल्ले में गुरुवार को एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। गृहस्वामी अरविंद प्रसाद अपने परिवार के साथ छठ पर्व मनाने के लिए सिपारा गांव स्थित अपने पैतृक घर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अरविंद प्रसाद ने बताया कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण वे हिलसा लौट नहीं सके। गुरुवार शाम जब वे घर आए तो देखा कि तीन मंजिला मकान का पिछला दरवाजा और छह कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने घर में रखे लगभग 4 लाख रुपये नगद और पत्नी व बहू के कीमती जेवरात समेत कुल 20 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। मकान में किरायेदारों के कमरे में से भी करीब 6-7 हजार रुपये की नकदी चोरी हुई है। गृहस्वामी के अनुसार, पटना में नवनिर्माणाधीन मकान के लिए मजदूरों को देने हेतु नकद राशि घर में रखी थी। इसके साथ ही एलआईसी के बॉन्ड पेपर भी चोरी हो गए हैं।इस घटना के संबंध में अरविंद प्रसाद ने हिलसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलते ही हिलसा थाना के एसआई दीपक कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहन छानबीन की। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जल्द ही अज्ञात चोरों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तोरण द्वार को असामाजिक तत्वों ने किया ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर में चक्रपाणि रेजिडेंशियल स्कूल द्वारा हॉकी मैच के मौके पर बनाये गये तोरण द्वार को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। इस संबंध में स्कूल के निदेशक डॉ. विश्वेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा छबिलापुर थाने में लिखित शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि राजगीर में 11 से 20 नवम्बर तक होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के स्वागत में उनके द्वारा विश्वविद्यालय बायपास और छबिलापुर रोड़ में तोरण द्वार बनाया गया था, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। डॉ. सिन्हा ने कहा कि राजगीर खेल परिसर में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय एशियन हॉकी प्रतियोगिता महिला का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक होना है। यह इस इलाके के लिए बहुत गर्व की बात है। ऐसे अवसरों पर लोग स्वागत व तोरण द्वार बनाते हैं। इस आयोजन से उन्हें भी खुशी है।

# अंतर जिला गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, कारतूस व हथियार बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** चंडी थाना पुलिस ने एक संगठित चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक गिरोह शटर काटकर दुकानों में चोरी करता है और पिकअप वैन में सामान लोड कर भाग जाता है। पुलिस ने माधोपुर बाजार में संदिग्ध हालत में घूमते एक पिकअप वैन को रोका और उसमें से चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। हिलसा डीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने अभियुक्तों की तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक शटर काटने वाली कैंची, तीन मोबाइल और एक पिकअप वैन बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि वे हिलसा और करयापरशुराय के ज्वैलर्स दुकानों में चोरी कर चुके हैं। चंडी थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया की यह एक संगठित चोर गिरोह है, जिनका मुख्य लक्ष्य शहरी क्षेत्र के ज्वेलर्स दुकानों में चोरी करना है। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और अन्य सदस्यों की पहचान कर रहे हैं। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्य गया जिला के चंदौती थाना क्षेत्र के बंगाली बिगहा निवासी संजीत कुमार, पटना जिला के मालसलामी थाना क्षेत्र के पटना सिटी निवासी विक्की कुमार, पटना जिला के भगवानगंज थाना क्षेत्र के करवा निवासी देवेंद्र वर्मा और गया जिला के चंदौती थाना क्षेत्र के बंगाली बिगहा निवासी राजू कुमार को गिरफ्तार किया है। इनका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

# हिसुआ विधायक ने किया छठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नरहट (नवादा)।** हिसुआ विधान सभा के कांग्रेस विधायक नीतू कुमारी ने अपने गांव नरहट में छठ व्रत का अनुष्ठान किया। इस दौरान उन्होंने पूरे विधि विधान से उत्साह पूर्वक चार दिवसीय छठ व्रत किया और नरहट छठ घाट पर डूबते और उगते सूरज को अर्घ्य अर्पण किया। सभी के लिए सुख शांति समृद्धि के लिए छठ मईया से मंगल कामना की। सभी स्वजनों ने छठ पर्व में विधायक को भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि लोक आस्था का यह महापर्व जीवन में बहुत कुछ सिख देती है। पूरा महीना सात्विक नियम धर्म का पालन करते हुए छठ व्रत का अनुष्ठान किया जाता है। जितने भी त्योहार है उसमें यह छठ का त्योहार महान है। छठ मईया का महिमा अपरम्पार है। छठ व्रत में जो भी भक्त सच्चे मन से छठी मईया से मन्नते मांगती है उनकी सभी मुरादे पूरी होती है। मन्नते पूरी होने के बाद भक्त चार दिवशीय छठ व्रत का अनुष्ठान करती है। छठ व्रत करने से घर में सुख शांति समृद्धि आती है।

# छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर निर्जला व्रत का किया समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**नवादा।** जिले में लोक आस्था के महापर्व छठ के चौथे और अंतिम दिन छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन किया। बड़ी संख्या में छठव्रती उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर पहुंचे और तालाबों और पोखरों के पानी में डुबकी लगाने के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सभी ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की.छठ घाटों पर अर्घ्य देने के लिए छठव्रतियों के लिए छठ पूजा समिति की ओर से दूध और फल का वितरण किया गया। साथ ही भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देकर घर लौट रहे छठव्रतियों के लिए शर्बत, चाय और पानी की व्यवस्था की गई। जिले के मुख्य छठ घाट मिर्जापुर के सूर्य मंदिर खुरी नदी की घाट और हिसुआ के तिलैया नदी घाट पर हजारों की संख्या में भीड़ देखने को मिला। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर हर जगहों पर पुलिस पदाधिकारी तैनात थे। नगर परिषद द्वारा भी व्यापक व्यवस्था किए गए थे। मेले में चिकित्सा शिविर, निःशुल्क चाय -पानी वितरण के साथ -साथ मनोरंजन के लिए भी कई झूले तथा मीनाबाजार लगाए गए थे। छठ घाट पर उपस्थित रहे जिले के आलाधिकारी : नवादा जिला में छठ पर्व को लेकर नवादा के मिर्जापुर छठ घाट पर मौजूद दिखे। नवादा के नए जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, जिला उप समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद एवं जिला के पुलिस कप्तान अभिनव धीमन ने छठ घाट का मुआयना किया और सुरक्षा को लेकर दल बल को उचित दिशानिर्देश दिया। बता दें कि नए पुलिस अधीक्षक एवं नए जिलाधिकारी के लिए नवादा में उनका पहला छठ पर्व है। इस छठ पर्व पर पदाधिकारियों ने भी छठ व्रतियों से आशीर्वाद एवं प्रसाद प्राप्त किया और जिला में शांति व्यवस्था बहाल रहने के लिए छठ माता से आशीर्वाद भी मांगा। आपको बता दें कि बिहार में छठ पर्व का विशेष महत्व है। बिहार के लगभग हर घर में छठ पर्व पूरी आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। साथ ही छठ में शुद्धता का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। नहाय-खाय के दूसरे दिन चावल और गुड़ से बने प्रसाद को भगवान को अर्पित करने के बाद छठ व्रती उस प्रसाद को ग्रहण करती हैं। जिसके बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। पर्व के तीसरे दिन तालाबों, पोखरों और नदियों में खड़े होकर छठ व्रती अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद अपने घर लौटती हैं। पर्व के अंतिम दिन छठव्रती सुबह-सुबह छठ घाट पर पहुंचती हैं और उगते हुए भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के बाद अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त करती हैं। रजौली संवाददाता की रिपोर्ट : **छठ पर्व का शांतिपूर्ण समापन, घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम –**

**रजौली (नवादा)।** रजौली के धनार्जय नदी घाट, हरदिया और अमावां सहित विभिन्न छठ घाटों पर कड़ी सुरक्षा और साफ-सफाई के साथ छठ पर्व का समापन हुआ। शुक्रवार सुबह व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। रजौली नगर पंचायत और छठ पूजा समिति ने घाटों पर साफ-सफाई, लाइटिंग, गंगाजल, पूजन सामग्री और चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। प्रमुख घाटों पर पुलिस बल की तैनाती और स्वास्थ्य टीम भी मौजूद रही।राज शिवलाय छठ घाट पर सूर्य भगवान और छठी मईया की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी रही, जहां श्रद्धालुओं ने फोटो खिंचवाए और पूजा की। नगर पंचायत की ओर से घाटों की सफाई और अन्य व्यवस्थाओं के लिए लोगों ने आभार व्यक्त किया। **सभी छठ घाटों पर सुरक्षा की थी व्यवस्था :** रजौली के सभी छठ घाटों पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस बलों की पर्याप्त व्यवस्था दिखी। वहीं एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, एसडीपीओ गुलशन कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश, लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह के अलावे वार्ड पार्षद संतोष कुमार वर्मा व पार्षद प्रतिनिधि सुमित कुमार सिंह के अलावे एसआई सत्येन्द्र सिंह, एसआई रंजीत कुमार के साथ पुलिस बल विभिन्न घाटों पर सुरक्षा व्यस्था आदि का मुआयना करते दिखे। वहीं फायर ऑफिसर मो. सैफुद्दीन के नेतृत्व में अग्निशमनकर्मी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम छठ घाटों पर विषम परिस्थितियों को संभालने के लिए तैनात रहे।

## एक नजर

### रानीबाजार छठ घाट पर शिव पर्वत मन्दिर कमेटी ने लगाया निःशुल्क सेवा शिविर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के ऐतिहासिक रानीबाजार सूर्य मंदिर छठ घाट पर शुक्रवार को छठ पूजा के अवसर पर शिव पर्वत मन्दिर कमिटी के सौजन्य से निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। इस दरम्यान मन्दिर कमिटी के कार्यकर्ताओं ने कमिटी के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में स्टॉल लगाकर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क कॉफी,चाय एवं बिस्कुट का वितरण किया। वहीं दूसरी ओर गुप्ता एक्वा नीर के मणिशंकर गुप्ता के द्वारा शिविर में निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया। शिविर समापन के बाद शिव पर्वत मन्दिर कमिटी के सभी कार्यकर्ताओं समेत छठ घाट निर्माण में सहयोग करने वाले स्थानीय कार्यकर्ताओं को स्थानीय मुखिया नीभा कुमारी एवं पूर्व मुखिया डॉ. चन्द्रिका प्रसाद के द्वारा भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामचंद्र साव, उमेश साव, बिपिन चौरसिया,अजित कुमार, उदय कुमार, प्रमोद,राजा, सत्यनारायण साव, सूरज साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। वहीं जोगाचक गांव के छठ घाट पर राजद के युवा नेता व समाजसेवी जोगाचक गांव निवासी सम्राट विकास यादव के द्वारा अपने निजी सहयोग से शुद्ध पेयजल, बिस्किट एवं चाय का शिविर लगाया गया।

### झिकरुआ सूर्य नारायण मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ प्रखंड क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति पूर्ण माहौल में शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्य नारायण मंदिर झिकरुआ में छठ व्रत के लिए काफी संख्या में छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ रही है जिसके कारण तालाब की सीढ़ियां छोटी पड़ गई। तालाब की सीढ़ी छोटी पड़ने के कारण छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में दिक्क्तों का सामना करना पड़ा। तालाब के पूरब और पश्चिम दोनों साइड सीढ़ी करीब आधा आधा भाग छूटा हुआ है। छठ पर्व के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु झिकरुआ सूर्य मंदिर छठ घाट पहुच रहे हैं तो यह तालाब की सीढ़ी जो बना हुआ है वह कम पड़ने लगी है। सीढ़ी कम पड़ने से छठ व्रती को अर्घ्य देने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि तालाब काफी लम्बा चौड़ा भाग में बना हुआ है लेकिन दोनों साइड में पूरा सीढ़ी नही बना हुआ है। छठ पर्व में बढ़ते छठ व्रती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए तालाब के दोनों किनारा पूरब और पश्चिम को अब पूरे भाग में सीढ़ी बनवाने की सख्त जरूरत है।

# बीडीओ व सीओ ने छठ घाट का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली(नवादा)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को बेहतर एवं सुरक्षित रूप से मनाए जाने को लेकर प्रखण्ड के अंधरबारी पंचायत के सलेमपुर एवं मननपुर गांव में सीढ़ी छठ घाट का निर्माण किया गया। वहीं पहली अर्घ्य के दिन गुरुवार को ग्राम पंचायत के मुखिया विनोद कुमार राम उर्फ भोला राम की अध्यक्षता में बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सीढ़ी छठ घाट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद सैकड़ो छठव्रतियों ने अपने परिजनों के साथ छठ घाट पर पहुंच भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। वहीं मुखिया भोला राम ने बताया कि पंचायत में बड़ी संख्या में छठ पूजा किया जाता है। पहले लोग गांव के मिट्टी के बने तालाब आदि में बहुत परेशानी से अर्घ्य दिया करते थे। इस समस्या को देखते हुए 15 वीं वित्त योजना के तहत सलेमपुर गांव के बड़ी पोखर एवं मननपुर गांव में सीढ़ी छठ घाट का निर्माण कराया गया है। छठ घाट के निर्माण से ग्रामीण छठव्रतियों में काफी खुशी का माहौल है। सीढ़ी छठ घाट के निर्माण हो जाने से बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अर्घ्य देने एवं पूजा-पाठ करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस मौके पर समाजसेवी संजय वर्मा, पूर्व मुखिया विनोद शर्मा, सुंदर यादव, कृष्णा यादव, कपिलदेव साव के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## अर्घ्य के दौरान युवक की नदी में डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में गोइठवा नदी में छठ पर्व के दौरान नहाते वक्त एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पुन्हा गांव निवासी अवधेश प्रसाद के पुत्र हिमांशु पटेल के रूप में हुई है। परिवार ने बताया कि हिमांशु के पिता ने छठ पर्व का व्रत किया था।

# उदय भारती को मिला मां मालती देवी स्मृति सम्मान और काव्य पाठ का सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ (नवादा)।** नालंदा का प्रसिद्ध छठ स्थल बड़गांव में सूर्यनारायण जागृति मंच द्वारा आयोजित छठ महोत्सव में कवि सम्मेलन में हिसुआ के कवियों ने भी रसधारा बहायी। हिसुआ के व्यंग्यकार उदय भारती सम्मानित अतिथि के रूप में और ओंकार शर्मा कवि के रूप में आमंत्रित थे। व्यंग्कार उदय भारती ने पेड़-पौधों के नामों से पति-पत्नी संवाद वाली पेड़ लगाने का संदेश वाली कविता से समां बांधा। हम रहें न रहें ये टेसू तो खिलेंगे– हम दोनों आकर फिर यहीं तो मिलेंगे। यादों के फूल खिलखिलाते रहेंगे तेरे मेरे प्रेम गीत ये गाते रहेंगे। कवि ओंकार कश्यप ने सिकंदर और पोरस की कविता सुनाकर वाह-वाही लूटी। सबसे पहले मंच से मां मालती देवी स्मृति न्यास द्वारा एक साहित्यकार व एक समाजसेवी को दिया जाने वाला प्रतिष्ठित सम्मान 'मां मालती देवी स्मृति सम्मान व्यंग्यकार उदय भारती को दिया गया। उन्होंने यहां पुरस्कार को भौतिक रूप से ग्रहण किया। मधुबनी में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पुरस्कृत होना था लेकिन अस्थवस्थता की वहज से नहीं पहुंच सके थे। वरिष्ठ कवि उमेश प्रसाद उमेश, अंतर्राष्ट्रीय कवि शम्भू शिखर व सम्मान के संयोजक संजीव मुकेश द्वारा दिया गया। अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह व 5100 रु की राशि प्रदान की गयी। काव्य पाठ के बाद उदय भारती सहित अन्य कवियों व हिसुआ अशोक स्मृति संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र आर्यण को नालंदा विश्वविद्यालय के मुहर की प्रतिकृत स्मृति चिन्ह मंच अध्यक्ष अखिलेश कुमार, सचिव पंकज कुमार, उपाध्यक्ष बबलू सिंह व सुधीर सिंह ने देकर सम्मानित किया। हम श्रम नायक हैं भारत के और मेधा के अवतारी हैं, हम सौ पर भारी एक पड़े, हम धरती पुत्र बिहारी हैं से प्रसिद्ध हास्य कवि शम्भू शिखर ने जैसे ही बिहारी स्मिता की बात उठायी तो लोग वाह-वाह कर उठे। नामचीन हास्य कवि शंभू शिखर, चर्चित कवियित्री डॉ तिष्या श्री, चंदन दिवेदी, प्रशांत बजरंगी, कुमार संजय, विकास राज, नवोदित कवियित्री अनमोल सिंह ने धूम मचा दिया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार उमेश प्रसाद उमेश ने मगही रचनाओं से खूब झूमाया और तीखे प्रहार किये।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, पांच घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के रहुई बाजार स्थित सूर्य तालाब के पास शुक्रवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के क्रम में एक पक्ष के 5 लोग घायल हो गए। रहुई थाना क्षेत्र के धर्मसिंह बीघा गांव से मिथलेश यादव के पुत्र का मुंडन होने के लिए बस से परिवार और गांव के लोग बाढ़ जा रहे थे। जहां मिर्जापुर मोड़ के समीप पीछे से आ रही एक बाइक सवार को तेज रफ्तार बस रहने के कारण धूल कण उड़कर बाइक सवार को पड़ गया। जहां गुस्साए बाइक सवार व्यक्ति ने बस को ओवरटेक कर रहुई बाजार स्थित सूर्य तालाब के पास बस को रोककर मारपीट किया। जहां बस पर सवार 5 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना रहुई थाना की पुलिस को दिया गया। जहां घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां इलाज किया गया। पीड़ित मिथिलेश यादव के द्वारा रहुई थाना में लिखित आवेदन दिया है।

# एक पेड़ छठी मैया के नाम पर वरीय नागरिक संघ ने बांटा पौधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** एक पेड़ छठी मैया के नाम, नवादा छठ घाट में वरीय नागरिक संघ जिला इकाई नवादा के द्वारा सूर्य मंदिर परिसर में हर छठ व्रतियों महिला को एक पेड़ छठ घाट पर दिया गया। डॉ. विमल प्रसाद ने कहा उमाशंकर रजक, डॉ. प्रकृति को स्वच्छ एवं सुंदर रखना है तो पृथ्वी को हराभरा रखना पड़ेगा इसीलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना है। समाजसेवी कृष्णा चौधरी उर्फ पड़कन ने कहा कि जिस तरह लगातार पेड़ों की कटाई हो रही है। यह वायुमंडल के लिए खतरा पैदा हो रहा है। छठ महापर्व प्रकृति की पूजा है और प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए हमें पृथ्वी को पेड़ से सजाना है। मौके पर डॉ. विमल प्रसाद, रविंद्रर सिंह, प्यारेलाल, राम सनेही सिंह, अवध किशोर सिंह, विजय चौधरी, सुनील देवी वार्ड पार्षद, पड़कन चौधरी समाजसेवी, रामदेव चौधरी , उमेश पंडित, महेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे। इधर गायत्री परिवार की ओर से हरिद्वार का गंगाजल, हरिद्वार का हुमाद , किताब, एवं दूध का खीर सभी श्रद्धालुओं को वितरण किया गया।

# भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के साथ छठ संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददता



**मेसकौर (नवादा)।** लोक आस्था के महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को मेसकौर प्रखंड के सभी 17 छठ घाटों पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ संपन्न हुआ। गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद मध्य रात्रि के बाद से ही बड़ी संख्या में छठव्रती सीतामढ़ी छठ घाट, तिलैया नदी सहित विभिन्न पोखरों और तालाबों में बने घाट पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। घाट पे भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने के बाद बहते पानी की धारा में खड़े होकर छठव्रतियों ने छठी मैया की पूजा अर्चना की। प्रकृति को समर्पित प्राकृतिक चीजों के साथ मनाई जाने वाली लोक आस्था के इस महापर्व छठ में श्रद्धालुओं ने फल और पूजन सामग्री से सजे सूप में अर्घ्य प्रदान किया गया। छठ को लेकर जिला एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। घाट सहित ट्रैफिक कंट्रोल करने में पुलिस के अधिकारी और बल मुस्तैदी से लगे रहे। विभिन्न घाटों पर जिला एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से नियंत्रण कक्ष स्थापित कर मॉनिटरिंग की जाती रही। घाट पर साफ सफाई और रोशनी के व्यापक इंतजाम किए गए।किसी भी हादसे से निपटने के लिए सभी घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थ। पूरा घाट छठ के गीतों से गुंजायमान रहा। प्रखंड प्रशासन की ओर से घाट से पहले ही वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। जहां तैनात दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी बलों के साथ वाहनों को पार्किंग स्थल पर लगाने की जुगत में लगे रहे। घाट पर बीडीओ नीतीश कुमार, सीओ अभिनव राज, सीतामढ़ी थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी, व मेसकौर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार के साथ प्रखंड श्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश एवं मीडियाकर्मी घूम-घूमकर छठव्रतियों से आशीर्वाद लेते दिखे। घाट पर निगरानी के लिए वॉच टावर का निर्माण किया गया था तो महिला छठव्रतियों के वस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई थी। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के नदी तालाब आदि किनारे छठ घाटों पर भी जनास्था का सैलाब व बच्चों का मुंडन संस्कार कराया गया। इस वर्ष जलस्त्रोतों में पानी रहने से व्रतधारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। सुरक्षा व्यवस्था का कमान खुद बीडीओ नीतीश कुमार, सीओ अभिनव राज के साथ सीतामढ़ी थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी व मेसकौर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार के साथ प्रखंड श्रम अधिकारी ओमप्रकाश ने संभाल रखी थी।

## वृद्ध की पीट-पीट कर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले में अपराधियों की बेखौफ हरकतें एक बार फिर से उजागर हुई है। नूरसराय थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव में देर रात महज 300 रुपया के लेनदेन के विवाद में एक वृद्ध को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया जिसका बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मृतक सदन मिस्त्री के पुत्र ने बताया कि उनके पिता ने गांव के ही मिट्ठू यादव से 300 रुपया उधार लिए थे। इसी उधर के पैसे को लेकर पहला अर्घ्य के दिन दोनों पक्षों में विवाद हुआ था।

# डीएम-एसएसपी छठ घाट पर रहे मुस्तैद, लोगों ने की प्रशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व के सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिले के डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम स्वयं भ्रमणशील रहकर विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया है। इसी क्रम में उन्होंने पुलिस लाइन स्थित सिंगरा स्थान घाट पर पहुंच कर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था को देखा। काफी समय तक घूम-घूमकर वहां प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को भीड़ नियंत्रण के बेहतर निर्देश दिए। डीएम ने घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं से भी संवाद स्थापित किया और उन्हें जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। जिला प्रशासन के इस प्रयास से भीड़ नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार हुआ जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाएं मिलीं। इस व्यवस्था से सभी श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने जिला प्रशासन की प्रशंसा की। जिला प्रशासन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

**एसएसपी भी पूरी पुलिस टीम के साथ मुस्तैद दिखें**

छठ पूजा के अवसर पर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिले के एसएसपी आशीष भारती, सीटी एसपी प्रेरणा कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के साथ लगातार भ्रमणशील हैं। इस दौरान एसएसपी के द्वारा बढ़े हुए यातायात दबाव को देखते हुए पैदल ही विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए गया पुलिस पूरी तत्परता से कार्यरत है। गया पुलिस की ओर से आप सभी को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दिए।

**एसएसपी ने कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता की जांच की**

एसएसपी के द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पैदल ही सीताकुंड, देवघाट, पिता महेश्वर घाट, रबरडैम और अन्य सभी प्रमुख घाटों/स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता की जांच की तथा उन्हें उनके कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सजग और प्रभावी रूप से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एसएसपी की उपस्थिति और उनके कुशल मार्गदर्शन से श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाएं प्राप्त हुईं जिसके फलस्वरूप छठ पर्व का शांतिपूर्ण और सफल समापन हुआ। सभी श्रद्धालु गया पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों से काफी प्रसन्न नजर आए।

# दो बाइकों की टक्कर में 3 घायल, 1 की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गया-पटना मार्ग को बेलागंज थाना अंतर्गत घटनास्थल रिसौद मोड़ के पास जाम कर दिया। घटना शुक्रवार की है। छठ पूजा में शामिल होने के बाद दोनों बाइक सवार विपरीत दिशाओं से आ रहे थे। इस बीच बेलागंज के रिसौद मोड़ के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग कई मीटर दूर तक जा गिरे। घटना में एक की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर हैं। घटनास्थल पर थानाध्यक्ष बेलागंज सदानंद कुमार और बेलागंज के अंचलाधिकारी पहुंचे हैं। घटना के बाद सड़क जाम को हटाने में पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची। आक्रोशित लोग खबर लिखे जाने तक सड़क जाम किए। उधर मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन की टीम सड़क जाम हटाने की कोशिश की। फिलहाल घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मृतक की पहचान सुधीर सिंह के रूप में हुई है जो कमालपुर गांव के रहने वाले थे। घायलों में सुधीर सिंह के भतीजे प्रिंस कुमार और अकल बीघा गांव के दो युवक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बाइक के तेज रफ्तार में होने के कारण इस तरह की घटना हुई है। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह बेलागंज थानाध्यक्ष सदानंद कुमार ने बताया कि रिसौद मोड़ के पास सड़क हादसा होने की सूचना मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

# नागपुर और नालंदा वाला लड़ाना चाहता है, लेकिन हमलोग नहीं लड़ेंगे : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बेलागंज उपचुनाव को लेकर आज राजद नेता तेजस्वी यादव ने पड़ाव मैदान में चुनावी रैली को संबोधित किया। महत्ती जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हम जीत गए तो इसका संदेश देश में जाएगा अगर देश में संदेश देना है और बिहार के तरक्की के लिए आप सब लोगों को एकजुट होना पड़ेगा। हम काम करने वाले लोग मुद्दे की बात करने वाले लोग, पढ़ाई दवाई कमाई सिंचाई की बात करने वाले लोग हैं। असली दुश्मन गरीबी है और महंगाई बड़ा दुश्मन है। उपमुख्यमंत्री नहीं रहते तो 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती। 17 महीने में मानदेय दुगना करने का काम किया। हम लोगों ने स्पोर्ट्स पॉलिस बनाया। उन्होंने लोगों से अपील की एक हो करके लालटेन पर बटन दबाकर भारी मत से विजय बनाए ताकि पूरे देश में संदेश जा सके। पूरे देश का इंडिया एलाइंस मजबूत होगा। शरीर में जितना खून था लालू जी से भाजपा को रोकने के लिए सारा खून कुर्बान किया। सर कटे तो कट जाए, मोदी के सामने लालू यादव नाक नहीं रगड़ेंगे। यादव जी को भैंस नहीं पटक पाया तो भाजपा क्या पटक पाएगा जब लालू जी नहीं डरे तो उनका लइका नहीं डरेगा। हमने भाजपा को दूर करने के लिए नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। भाजपा के लोग नए-नए लोगों को भेज करके लोगों को बांटना चाहती है। आप लोगों को होशियार सचेत करना मेरा काम है और आपको तेजस्वी गारंटी देता है कि खुद से गया जिला को देखने का काम करेंगे। भाजपा के लोगों ने हम लोगों के समाज को कितना तंग किया ? कितना गाली दिया? यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। अभी कुछ लोग यहां आए थे और सुरेंद्र जी को बुरा भला कहने का काम किया जिसको दस्त लगा हुआ है वह शंख फूक रहा है। नागपुर को जवाब देना है, नालंदा वाले को भी जवाब देना है। नागपुर और नालंदा वालों को लड़ाने से हमलोग नहीं लड़ेंगे।

# पोखर में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के असनी गांव में रिश्ते में सगी मौसेरी बहनें मनीषा कुमारी एवं वैष्णवी कुमारी, उम्र लगभग दस से बारह वर्ष की गांव के हीं पोखर में नहाने के दौरान डूब जाने से मौत हो गई। दोनों के शवों को थानाध्यक्ष चाहत कुमार एवं अंचलाधिकारी श्रीमती नुपुर की मौजूदगी में एनडीआरएफ की टीम द्वारा चार पांच घंटों की काफी मशक्कत के बाद देर रात को निकाला गया एवं पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। यह छठ पर्व इस गांव के ग्रामीणों के लिए विषाक्त हो गया। गौरतलब है कि असनी गांव के विनोद मिस्त्री के घर छठ पूजा को लेकर खरणा की तैयारी चल रही थी। छठ पूजा को लेकर परिजन को भी बुलाया गया था। विनोद मिस्त्री के शाली मैगरा थाना क्षेत्र के बिजुआ गांव से अपनी बेटी वैष्णवी कुमारी, उम्र लगभग दस साल के साथ आयी हुई थी। विनोद मिस्त्री की पत्नी और शाली अपने बच्चों को लेकर खरना का प्रसाद बनाने के पूर्व गांव के पोखर में स्नान करने गयी। खुद तो करीब पच्चीस फीट गहरे पोखर में सावधानी पूर्वक स्नान कर ली परन्तु इन दोनों अबोध बच्चियां जो लापरवाही से पोखर में कूद-कूद कर नहा रही थी, रोकने में असफल रही और परिणाम बेहद खौफनाक हो गया। दूसरी ओर गांव के हीं कुछ लोगों ने बताया कि हमारे गांव का पोखर काफी लंबा-चौड़ा है। इस पोखर के मिट्टी को गांव के हीं कुछ लोगों द्वारा भारत माला सड़क बनाने वाले ठेकेदार से मिट्टी को बेचकर करीब पच्चीस फीट से अधिक गहरा करवा दिया गया और करीब तीन से चार लाख रुपए कमा लिया गया। स्थानीय पुलिस - प्रशासन द्वारा छठ पूजा से पहले छठ घाटों का निरीक्षण कर खानापूर्ति तो किया गया परन्तु स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को निर्देश देकर छठ घाटों में ब्रेकेटिंग नहीं दिलवाया गया। अब प्रश्न यह उठता है कि हमेशा हो रही इस प्रकार की घटनाओं के लिए जिम्मेदार किसे ठहराया जाए माता पिता को जो अपने बच्चों को उचित देखभाल नहीं कर सकते हैं या पुलिस प्रशासन को जो पर्वों के नाम पर खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी निभा कर निश्चिंत हो जाते हैं या पूजा समिति अथवा गांव-पंचायत के जनप्रतिनिधियों पर जिनका काम सिर्फ वोट लेने तक हीं सिमट कर रह गया है।

# उदयीमान सूर्य को श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य

## चार दिनों तक चलने वाली छठ पूजा का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस तरह से चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा संपन्न हो गया। अहले सुबह से ही श्रद्धालु शहर के केंदुई घाट, पिता महेश्वर घाट, राय बिंदेश्वरी घाट, मौयार्घाट, महादेव घाट, लक्खीबाग घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचे और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। देखते ही देखते श्रद्धालुओं का जन सैलाब फल्गु नदी के विभिन्न घाटों पर उमड़ पड़ा। पूरे धार्मिक विधि विधान से लोगों ने पूजा-अर्चना कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विभिन्न घाटों पर चेंजिंग रूम, आकर्षक लाइट, साफ-सफाई, पार्किंग एवं सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। विभिन्न चौक चौराहा एवं घाटों पर पुलिस बल्कि तैनाती की गई थी। वॉच टावर से सुरक्षा कर्मी निगरानी कर रहे थे। कहीं कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस गश्ती भी कर रही थी।

# भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर व्रतियों ने की सुख-समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के उपरांत संपन्न हो गया। आस्था के इस महापर्व पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने छठी मईया की आराधना की और भगवान भास्कर से सुख समृद्धि की कामना की। छठ व्रत को लेकर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखे। खिजरसराय प्रखण्ड क्षेत्र के केनी फल्गु नदी घाट, रौनिया, मुकसूदपुर, औंगरी, बहबलपुर, आइमा इत्यादि घाटों पर भक्ति का माहौल था। तालाब और घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का भरपूर सहयोग देखने को मिला। व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी नहीं हो इसका खास ख्याल अनुमंडल प्रशासन के द्वारा रखा जा रहा था। वही प्रशासनिक शांति पूर्ण व्यवस्था में सुधार देखने को मिला जहां एसडीओ गोपाल कुमार, डीएसपी, प्रकाश कुमार, थानाध्यक्ष कमलेश राम, बीडीओ सुमन कुमारी, सीओ चन्दन कुमार मुस्तैद दिखे।

# उड़ीसा से बनवासी बच्चे शैक्षणिक यात्रा पर पहुंचे बोधगया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** श्री अरविंद आश्रम (दिल्ली शाखा) द्वारा उड़ीसा के सुदूरवर्ती कोरापुट जिले केचला गांव स्थित औरों मीरा विद्या मंदिर के 55 बनवासी बच्चों का दल गुरुवार को शैक्षणिक यात्रा पर बोध गया पहुंचा।

शैक्षणिक यात्रा में शामिल शिक्षिका मनस्मयी साहू के अनुसार आश्रम आदिवासी इलाके केचला में निःशुल्क आवासीय विद्यालय खोलकर दो सौ आदिवासी बच्चों को शिक्षा प्रदान करती है। पहली बार चार दिवसीय शैक्षणिक यात्रा पर बच्चे बिहार आए हैं। बोधगया में महाबोधि मंदिर समेत अन्य बौद्ध मंदिरों का दर्शन किया। गया में विष्णुपद भी गए। माउंटेन मैन दशरथ मांझी द्वारा पहाड़ काटकर रास्ते को भी देखा और जानकारी प्राप्त किया। बच्चे काफी उत्साहित रहे। उन्होंने बताया कि छठ के कारण दल ने रात्रि विश्राम और शुक्रवार को श्री अरविंद आश्रम पुडुचेरी के जुड़े सुमन कुमार के गांव अरई में ठहरे। शनिवार को नालंदा विश्वविद्यालय और रविवार को राजगीर का भ्रमण करेंगे।

# छठ व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य, खुशहाली की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच में भगवान भास्कर की गीत उग हो सूरज देव भईले अर्घ्य के बेर, कांच ही बांस के बहंगिया, केलवा के पात पर आदि गीतों एवं बैंड बाजों तथा डीजे की भक्ति पूर्ण गीतों के साथ गाते शुक्रवार को छठव्रती घाट पहुंचे जहां छठ घाटों पर छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का चार दिवसीय महा पर्व अनुष्ठान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इससे पूर्व कोंच तालाब, रजौरा, बरई, आंती, सिन्दुआरी, खटनही, सिमरहुआ, निमनाही, बीजहरा, तुलसी बिगहा आदि के छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने अर्घ्य दिए। तालाब में अर्घ्य देने पहुंचे छठ व्रती ललिता देवी, पूजा देवी, सरिता देवी आदि ने उगते सूर्य को अराध्य करते लोगों की खुशहाली की कामना की। छठ व्रतियों ने खुशहाल, समृद्धि और विकास की कामनाएं कीं, तालाब पर आंती मुखिया सुनीता कुमारी, प्रतिनिधि संजय यादव, जिला पार्षद शरीफा कुमारी, जिला पार्षद रेणु कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि राम विजय विश्वकर्मा, केर मुखिया शशि कुमार, राजद प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, श्री गांव मुखिया कलावती कुमारी, चबुरा मुखिया संजय यादव, पूर्व मुखिया अमित यादव, पैक्स अध्यक्ष राहुल यादव, काबर पैक्स प्रतिनिधि सुनील यादव, मुखिया प्रतिनिधि मोहन यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सीएसपी में लाखों की लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बैंक के सीएसपी में लाखों की लूट करने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा, जिंदा कारतूस आदि की बरामदगी की गई है। बीते दिन हुई इस घटना की सूचना मिलने के बाद गया एसएसपी आशीष भारती ने विशेष टीम का गठन किया था। विशेष टीम ने छापेमारी शुरू की थी। इसी क्रम में तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं कुछ और अपराधियों की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों चंदौती थाना अंतर्गत प्रेतशिला-अगरैली रोड के कोरमा हनुमान मंदिर के समीप संचालित सीएसपी केंद्र में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। हथियार के बल पर लूटपाट की घटना की गई थी। लाखों का कैश लूट कर अपराधी फरार हो गए थे। वहीं घटना की जानकारी के बाद चंदौती थाना की पुलिस मौके पर पहुंची थी और मामले में कार्रवाई में जुटी थी। पुलिस ने चिरैयाटांड़ पहाड़ी के निकट से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की गई और उनकी निशानदेही पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। सीएसपी से तकरीबन डेढ़ लाख से अधिक का कैश के लूट की घटना में कुछ और अपराधी शामिल थे जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है।

**इन अपराधियों की हुई गिरफ्तारी**

पुलिस के अनुसार तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में अमित कुमार, ईश्वरी दास और अभिषेक कुमार शामिल हैं। इनके पास से दो देसी कट्टा, तीन कारतूस, दो मोबाइल, 55 सौ रुपए कैश आदि की बरामदगी की गई है। अन्य अपराधियों की तलाश में कार्रवाई की जा रही है।

**क्या कहते हैं एसएसपी**

सीएसपी लूट कांड में तीन अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। बीते दिनों अपराधियों द्वारा सीएसपी में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और कैश की बरामदगी हुई है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की भी तलाश हो रही है। **आशीष भारती, एसएसपी, गया**


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच** **दिनांक: 29.10.2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा नं. 44, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है: **कार्य का नाम:** सियालदह मंडल की विशिष्ट सम्पत्तियों पर विज्ञापन की संविदा की सुपुर्दगी। ई-नीलामी सूचीपत्र का विवरण नीचे उल्लेखित है: **• नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-10-24-1; • नीलामी शुरू:** दिनांक 13.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **अनुक्रम सं.; लॉट सं/श्रेणी; विवरण** क्रमशः **एए/1;** एडीवीटी-एसडीएएच-डीडीसी-ओएसएन-36-24-1; (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)); सियालदह मंडल के क्लस्टर-IV (क्षेत्राधिकारः दमदम कैण्टोंमेंट से हृदयपुर तक) स्टेशनों के स्टेशन क्षेत्र के अंदर वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **अनुबंध अवधि:** 03 वर्ष।

**सं.: सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच** **दिनांक: 30.10.2024**

**• ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-10-24-2; • नीलामी शुरू:** दिनांक 14.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **अनुक्रम सं.; लॉट सं/श्रेणी; विवरण** क्रमशः **एए/1;** एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-55-23-1 (विज्ञापन - लोको का बाहरी हिस्सा); सियालदह मंडल द्वारा प्राथमिक रूप से रखरखाव की जाने वाली विद्युत रेल इंजन डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्रांडिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन अधिकार। **एबी/1;** एडीवीटी-एसडीएएच-बीएलएच-ओएच-20-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); क्लस्टर-XIII स्टेशनों (बेलघरिया-टीटागढ़) के स्टेशन क्षेत्र के बाहर वाणिज्यिक प्रचार के लिए बल्क अधिकार। **एबी/2;** एडीवीटी-एसडीएएच-आरएचए-ओएच-10-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-ए) में समूहबद्ध 04 लेवल क्रॉसिंग गेटों के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/3;** एडीवीटी-एसडीएएच-बीडीजेड-ओएच-11-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-बी) में समूहबद्ध 04 लेवल क्रॉसिंग गेटों के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/4;** एडीवीटी-एसडीएएच-डीईबी-ओएच-12-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-सी) में समूहबद्ध 03 लेवल क्रॉसिंग गेटों के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/5;** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएच-2-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); सियालदह रेलवे कॉलोनी (आरसी-1) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/6;** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएच-3-22-1; (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); नारकेलडांगा रेलवे कॉलोनी (आरसी-2) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/7;** एडीवीटी-एसडीएएच-एसजीबीए-ओएच-4-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); मोगलबागान रेलवे कॉलोनी (आरसी-3) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/8;** एडीवीटी-एसडीएएच-केओएए-ओएच-5-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); दक्षिणदाड़ी रेलवे कॉलोनी (आरसी-6) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/9;** एडीवीटी-एसडीएएच-बीएलएन-ओएच-6-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); बालीगंज रेलवे कॉलोनी (आरसी-7) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/10;** एडीवीटी-एसडीएएच-एनएच-ओएच-7-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); नैहाटी रेलवे कॉलोनी (आरसी-10) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/11;** एडीवीटी-एसडीएएच-केवाईआई-ओएच-8-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); कल्याणी रेलवे कॉलोनी (आरसी-11) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/12;** एडीवीटी-एसडीएएच-केएनजे-ओएच-9-22-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); कृष्णनगर सिटी रेलवे कॉलोनी (आरसी-12) के चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **एबी/13;** एडीवीटी-एसडीएएच-केओएए-ओएच-14-23-1; (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); कोलकाता स्टेशन के बाहर जोन बी (सर्कुलेटिंग एरिया) में वाणिज्यिक प्रचार के लिए बल्क अधिकार। **अनुबंध अवधि:** 03 वर्ष (प्रत्येक के लिए)। **एसी/1;** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएच-ओएसडी-61-24-1; (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (डिजिटल)); सियालदह रेलवे स्टेशन (जोन ए1) में डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के माध्यम से 50:50 समय/जगह की भागीदारी के आधार पर रेलवे संबंधित जानकारी के साथ वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से **www.ireps.gov.in** का ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। **अनुबंध अवधि:** 05 वर्ष (अनुक्रम सं. एसी/1 के लिए)।

(SDAH-223/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अभाविप बोधगया नगर इकाई ने किया फल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया (गया)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया नगर ईकाई के द्वारा छठ महापर्व के शुभ अवसर पर शनिवार को मोचारिम के पास दलित बस्ती में छठ पूजा कर रहे लोगों के घर पर जाकर फल का वितरण किया गया और यह संदेश दिया गया कि हमारे दलित परिवार अकेले नहीं हैं। बल्कि पूरा हिन्दू समाज उनके साथ खड़ा है। सभी धूमधाम से पर्व त्योहारों को मनाते रहे। बताया गया कि आए दिन सुनने को और जानने को मिल रहा है कि हमारे कुछ दलित भाइयों और बहनों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश किया जा रहा है। इसलिए सभी से अनुरोध भी किया गया है कि लोगों के बहकावे में नहीं आएं। मौके पर जिला संयोजक अमन शेखर, नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा, जिला सोशल मीडिया प्रमुख सुमित मौर्य, विशाल, अमरनाथ, अनुज, पिंटू आदि मौजूद थे।

# सनराइज मसाले ने की श्रद्धालुओं के छठ पूजा अनुभव को बढ़ाने के लिए एक नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** प्रमुख मसाला ब्रांड्स में से एक आईटीसी सनराइज मसाले ने बिहार में श्रद्धालुओं के छठ पूजा अनुभव को बढ़ाने के लिए एक नई पहल की है। ब्रांड ने विशेष रूप से छठ पूजा की तैयारी के लिए एक व्हाट्सएप कंपेनियन बॉट पेश किया है जो त्योहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेगा, जैसे - दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त के समय की जानकारी दी जाएगी जिसके लिए भारतीय मौसम विभाग का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा पूजा विधि, गानों की सिफारिश, रेसिपी, त्योहार का सांस्कृतिक महत्व आदि की जानकारी दी जाएगी। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालु त्योहार से संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से विवरण प्राप्त करते हैं। हालांकि ऑनलाइन कई लेख और जानकारियां उपलब्ध हैं, फिर भी कभी-कभी सही जानकारी तक पहुंचना भक्तों के लिए मुश्किल हो जाता है। उनकी आशंकाओं को दूर करने और एक सहज त्यौहार अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सनराइज ने इस बॉट को डिजाइन किया है जो व्हाट्सएप पर श्रद्धालुओं को तुरंत आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा जिससे यह आसानी से सुलभ हो सके। यह पहल सनराइज के उपभोक्ता केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो उपभोक्ताओं को जरूर पसंद आएगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 05.11.2024;** मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा नं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: टीएन-172-24-25; कार्य का नाम:** घोलसापुर रेलवे कॉलोनी में: एईएन/डब्ल्यू/II/सियालदह के क्षेत्राधिकार के अधीन एसएसई/वर्क्स/नोआपाड़ा के अधीन कम ऊंचाई की चाहरदीवारी को ऊंचा करना, नई चाहरदीवारी का प्रावधान तथा सम्पूर्ण चाहरदीवारी के ऊपर कंसर्टिना क्वायल के प्रावधान के साथ अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,02,03,301.72; **ईएमडी:** रु. 2,51,000; **कार्य समापन अवधि:** 08 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 27.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-222/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# चार दिवसीय छठ उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित के साथ सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**टिकारी (गया)।** सूर्योपासना का पवित्र पर्व उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित के साथ सम्पन्न हुआ। छठव्रतियों ने छठ पूजा पूरे विधि विधान से मनाई। क्षेत्र के संडा सूर्य मंदिर रामसागर घाट, पंचदेवता नदी घाट, सेनानी नदी घाट, बहेलिया बिगहा, शीतला माता मंदिर तालाब, रेवई सूर्य मंदिर तालाब, मउ सूर्य मंदिर तालाब, सिमुआरा सूर्य मंदिर तालाब, अकबरपुर सूर्य मंदिर तालाब, चैता सूर्य मंदिर तालाब सहित अन्य छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने उगते हुये सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। सबसे ज्यादा भीड़ टिकारी के उत्तर वाहिनी मोरहर नदी के पंचदेवता घाट पर लगती है। सेवा भारती से जुड़े सक्रिय सदस्य व बेलहड़िया पंचायत के पूर्व सरपंच रामाशीष प्रजापति ने नगर पर्षद प्रशासन पर व्यवस्था सुदृढ करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि नदी घाट पर झाड़ी रहने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। घाट पर अनुमण्डल अस्पताल प्रशासन के अलावे पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान लगातार निगरानी कर रहे थे।

## संपादकीय

# उमर अब्दुल्ला कर रहे चुनावी वादे का निर्वाह

अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा स्वतः समाप्त हो गया था। फिलहाल जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश है। इसलिए वहां शासन संबंधी बहुत सारी शक्तियां उपराज्यपाल में निहित हैं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने संबंधी प्रस्ताव पास होना एक तरह से सत्तारूढ़ दल का अपने वादे का निर्वाह करना ही है। इस बार वहां के विधानसभा चुनाव में अनुच्छेद 370 की बहाली प्रमुख मुद्दा था। इसे नैशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के अलावा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने भी अपने वादों में शामिल किया था। दरअसल, अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा स्वतः समाप्त हो गया था।

### राज्य की शक्तियां उपराज्यपाल के पास

फिलहाल जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश है। इसलिए वहां शासन संबंधी बहुत सारी शक्तियां उपराज्यपाल में निहित हैं। जबकि वहां की सरकार का वादा है कि वह लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसा तभी संभव होगा जब उसका विशेष राज्य का दर्जा बहाल हो।प्रस्ताव में भी कहा गया है कि विधानसभा विशेष दर्जे और संवैधानिक गारंटियों को बहाल करने की मांग करती है। इनसे जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा होती है। हम इसे एकतरफा हटाए जाने से चिंतित हैं। विधानसभा केंद्र सरकार से अनुरोध करती है कि वह विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत शुरू करे और एक संवैधानिक रास्ता निकाले।

### चुनाव की तारीखों में बदलाव से निर्वाचन आयोग पर उठ रहे सवाल

मगर असल अड़चन इसी मसले पर आ सकती है कि उसके विशेष राज्य के दर्जे को किस रूप में सुरक्षित रखा जाए। जिस कश्मीरियत की बात की जाती रही है, उसे इसी के जरिए सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाया जा सकता है। इस संवैधानिक पहलू पर केंद्र और राज्य सरकार किस तरह तालमेल बिठा पाती हैं, देखने की बात है। इस मसले को मिल-बैठ कर ही हल किया जाना चाहिए, बेवजह राजनीतिक रंग देने से यह और उलझ सकता है।



### विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग

प्रस्ताव में कहीं भी अनुच्छेद 370 की बहाली की बात नहीं कही गई है। यानी जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस मसले को तूल देने के बजाय विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई है। उधर, जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने पूर्ण राज्य के दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र को पहले ही भेज दिया था। केंद्र सरकार भी कहती आ रही है कि बहुत जल्दी पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

## मैं जीवन के बारे में थोड़ा और सोचने को मजबूर हो गया



इस सप्ताह के कॉलम में डॉ. संदीप चटर्जी (63) और रतुल सूद (58) का जिक्र करना चाहूंगा, कोलकाता के दो लोग, जिन्हें मैं जानता था। इस कॉलम में रोहित बल (63) और बिबेक देब रॉय (69) के बारे में भी बात करना चाहूंगा, दिल्ली के दो लोग, जिनसे मैं कभी मिला भी...

इस सप्ताह के कॉलम में डॉ. संदीप चटर्जी (63) और रतुल सूद (58) का जिक्र करना चाहूंगा, कोलकाता के दो लोग, जिन्हें मैं जानता था। इस कॉलम में रोहित बल (63) और बिबेक देब रॉय (69) के बारे में भी बात करना चाहूंगा, दिल्ली के दो लोग, जिनसे मैं कभी मिला भी नहीं था, लेकिन जिनके बारे में मैंने सिर्फ पढ़ा था। चारों चले गए। यह कोई चार-पक्षीय मृत्युलेख नहीं है। न ही यह चार सफल सज्जनों के लिए शोकगीत है, जो एक शहरी जंगल यानी भारतीय शहर में रहते थे। उनकी हाल ही में हुई मृत्यु, वे सभी मेरी ही उम्र के थे, ने मुझे जीवन के बारे में थोड़ा और सोचने पर मजबूर कर दिया है और जीने के बारे में। जैसा कि जॉन लेनन ने कहा था- ''जीवन वह है जो आपके साथ तब होता है, जब आप दूसरी योजनाएं बनाने में व्यस्त होते हैं!'' बड़े होने पर, फुटबॉल मेरा पसंदीदा आऊटडोर खेल था, जिसे मैं खेलता था। आप कभी अंदाजा नहीं लगा सकते कि मेरा पसंदीदा इनडोर 'खेल' कौन-सा था। कॉन्ट्रैक्ट ब्रिज! मेरे पिताजी ने मेरे दो छोटे भाइयों (एंडी, बैरी) और मुझे हमारी किशोरावस्था में ही ब्रिज सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरे 20 और 30 के दशक में एक ऐसा दौर था, जब मैं हफ्ते में तीन बार ब्रिज खेलता था। कभी स्थानीय क्लब स्तर से आगे नहीं खेला, लेकिन खेल से प्यार करता था। अफसोस, मुंबई के टैलीविजन स्टूडियो में मल्टी कैम क्विज शो की शूटिंग और राजनीति में पिछले दो दशकों के बीच, यह आकर्षक कार्ड गेम एक याद बनकर रह गया था। 25 साल से ज्यादा समय के बाद, मेरे ब्रिज के पुराने साथियों ने कोलकाता के एक क्लब 'डी' में तीन घंटे का सत्र आयोजित किया, जिसे हम अपना दूसरा घर कहते हैं।

## आज का कार्टून




# हमारे बचपन के समय की खेती-किसानी

**मा. मोहन लाल**

> संभव है आज के मशीनी युग के नौजवान किसान ने हमारे बचपन के किसान को नहीं देखा होगा? तब के खेती-औजारों का भी आज के युवा किसान को पता नहीं होगा। आज किसान के पास ट्रैक्टर-ट्राली, खेती के नए यंत्र, माडर्न तकनीक, नई खादें, नए बीज हैं, खेती करने के नए-नए ढंग सीख लिए हैं। आज के किसानी हाथों को नई क्रांति मिल गई है। खेती संबंधी नए-नए कालेज और विश्वविद्यालय नए-नए अनुसंधान कर रहे हैं।

हमारे वक्त किसान के सामने अंधेरा ही अंधेरा था। वह कर्ज और साहूकार के बही-खातों से डरा-सहमा था। यदि मेरे वक्त के किसान की दशा देखनी है तो आज का किसान मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास 'गोदान' को पढ़ लें। किसान के गंभीर हालात को और गंभीरता से जानना है तो बॉलीवुड के महान लेखक, निर्देशक और निर्माता स्वर्गीय महबूब खान की कालजयी फिल्म 'मदर इंडिया' के एक किसानी दृश्य को देखकर 1940 से 1955 तक के किसानी हालात को अवश्य देख लें।

तब किसान के पास दो बैल, एक हल पंजाली और दो अरलियां ही उसकी 'जोत' थी। दो घुमां खेती में सारा किसान परिवार लगा रहता। अनपढ़ किसान के लिए तब खेती व्यापार नहीं, अपितु गुजर-बसर करने का एक साधन था। ऊपर से अफसोस यह कि किसान की पकी फसल सुखीलाल जैसा साहूकार अपने झूठे बही-खातों से लूट लेता था। अगर फसल से कर्जा न चुक सकता तो सुखीलाल उसके बैल हांक ले जाता अथवा किसान की पत्नी का 'मंगलसूत्र' वापस न करता। है न तब के किसान की मानस विडम्बना? आज तो किसान कर्ज तले दब कर आत्महत्या कर लेता है, तब तो पंडित लोग 'गोदान' किए बिना मरने भी नहीं देते थे। आज का बी.ए. पास नौजवान ट्रैक्टर चलाने में शर्म महसूस करता है, तब युवा किसान वर्षा के लिए चौबीस घंटे आसमान और भगवान को देखता रहता था। जिस गांव थरियाल (माधोपुर) में मेरे चाचू छोटी-मोटी खेती करते थे उसमें 6 'बन्ड्रों' की जनता के लिए सिर्फ एक प्राचीन कुआं था जिसमें 37 हाथ लज्ज पड़ती थी। सिर पर घड़े उठाए महिलाओं का उस कुएं से पीने के पानी के लिए सतत् मेला लगा रहता था। घर की एक महिला तो सिर्फ पानी ढोने में ही लगी रहती थी।

खेती में चाचू का हाथ बंटाते-बंटाते लोगों के पशु भी चराने होते थे क्योंकि चाचू की खेती से परिवार पालना मुश्किल था। हम तीन-चार लड़के गांव के पशु चराते और बारी-बारी से 'मोडियां' भी करते। 1950 में 60 रुपए जोड़ कर थरियाल के पास पड़ते जैनी गांव से जाट परिवार से दो बैल भी जोतने के लिए खरीद लाए। सेहत-सुविधाओं का तब किसी को ज्ञान तक नहीं था। तब स्कूलों में लड़कियां कतई नहीं पढ़ती थीं। गांव के 90 प्रतिशत लोग अनपढ़ थे। उस गांव में सिर्फ गेहूं की फसल साल भर में होती। कुछेक धनी किसान चावल की खेती के लिए तब 'अठघड़' इलाके में अपनी जोतें लेकर चले जाते। आज तो उस गांव में सिंचाई के साधन उपलब्ध हो गए हैं। जब हम खेती करते तो मुतफरके का एक बड़ा तालाब तथा तीन छोटे-छोटे तालाब थे। आज के किसानों ने कुएं बेकार कर दिए, गांव की बावडियां और तालाबों पर किसानों ने ही कब्जे कर लिए। जो तालाब हैं उनमें गांव का गंदा पानी भर दिया। तालाब का



पानी अब पशु भी नहीं पीते। इसे समय का फेर समझो, आज गांव की धरती का स्वरूप ही नहीं बदला, किसानी स्वभाव भी बदल गया। किसी में संवेदना, प्यार-मोहब्बत रही ही नहीं। तब किसानों के पास गांवों में केवल झोंपडियां ही होती थीं। झोंपडियों में स्नेह बहुत देखा। फिर कृषि क्षेत्र में असमानता का दौर चल पड़ा।

गांव की शादी में महिलाएं लड़के वालों को सिठनियां देतीं, बारातियों को लोट-पोट कर देतीं। कभी लड़के वालों को मीठी गालियां भी देतीं। विदाई के वक्त रोती विवाहित लड़की की झोली में चवन्नी और ठूठी डाली जाती। सारे गांव का माहौल गमगीन हो जाता। विवाह से पहले महीना भर 'सुहाग' गाए जाते। घर वाले 'गुड़ की रेवड़ी', 'बताशे' या 'मूंगफली' सुहाग गाने वालियों की झोलियों में भर देते। अब वह शादियां कहां? वह बारातें कहां? बारात गांव से लड़के को बिहाने जाती तो बारातियों का रौब ही अलग होता। बारात में घोड़े, ऊंट सजाकर उन पर बाराती बैठकर जाते मैंने स्वयं देखे। विवाह समारोह में सारा गांव भागीदार बनता। दहेज की प्रदर्शनी लगाई जाती। गाय-भैंस दहेज में दी जातीं। आज गांवों में बड़े-बड़े रिजोर्ट बन गए हैं। मिनटों में शादी की सभी रस्में पूरी कर दी जाती हैं। विवाह पढ़ाने वाला पंडित पोथी वाचने ही लगता तो दूल्हा-दुल्हन हनीमून को चल देते। चट मंगनी, पट विवाह। डोली पर पैसे फैंकने, दूल्हे को शगुन डालना गांव की शान था। आधुनिक किसान यह भी जान ले कि खेती बीजने सर्दी में सुबह 'कुक्कड़ बांग' पर उठ जाता। खेत पहले ही उपज को तैयार करने वाला बना होता। हम पंजाली के दोनों रस्सों को ठीक कर बैलों को हांक देते। चाचू मेरा हल चलाता और मैं पीछे-पीछे 'केरा' डालता चलता, हाथ सुन्न हो जाते। पर किसानी धुन पक्की। कभी-कभार दूसरे किसानों के खेतों से तरबूज चुरा लाते। क्या मजेदार किसानी थी। तब किसानी व्यवसाय नहीं परिवार पालने की एक पद्धति थी। गेहूं की फसल तैयार हुई तो 'वाढियां' (कटाई) शुरू हो जातीं। गेहूं की भरियों के अखाड़े बन जाते। कर्ज में डूबे किसान के घर बही खाते लिए साहूकार आ जाते। झूठे बही खातों से किसान लुट जाते। तीन हिस्से तो किसान की उपज के साहूकार ले जाता। फिर कर्ज वहीं का वहीं रहता। खेती में किसान का सारा परिवार साल भर पसीना बहाता। आज के मशीनी युग में आधुनिकता का जामा पहने किसान को 1955 के पहले के किसानों की आर्थिक दशा का अनुभव नहीं है। आज का किसान सिर्फ भूसा ही बेचे तो कृषि के खर्चे निकाल सकता है।

हमारे वक्त की खाद भी गड्ढे खोद कर तैयार करके खेतों में बिखेरी जाती थी। आज नई-नई खादों, नए-नए खेती करने के ढंग, नए-नए बीज तैयार किए जा रहे हैं। आज खेतों की मिट्टी रासायनिक खादों से कड़वी और कसीली हो गई। पंजाब की मालवा बैल्ट तो बंजर हो गई। सेम वहां की धरती से जाती ही नहीं। बढ़ती आबादी और सिमटती जाती जमीन समस्या बन गई है। यदि वनों का इसी तरह से बेरोक-टोक काटना चलता रहा तो पंजाब रेगिस्तान बन जाएगा। पंजाब में मौसम पहले ही बेरहम बना हुआ है। सरकारों को वातावरण, पर्यावरण की कोई सुध ही नहीं। पंजाब का किसान कराह रहा है। दूध, दही, पनीर, सब्जियां, मिठाइयां, सब बनावटी। मनुष्य मर रहा है। प्रैस मीडिया को सरकार का गुणगान करने के सिवाय कुछ आता ही नहीं।

**(पूर्व परिवहन मंत्री, पंजाब)**

# भारत के रतन का जाना...



**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री , भारत**

आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है।

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।



भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे।

रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों को ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे...तो उनका डॉग 'गोवा' भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था।

रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा, नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना, इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया कि ङ्क भारत रुकेगा नहीं...भारत निडर है और आतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है।

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे।

जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति श्री रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था। वह इस जन आंदोलन के मुखर समर्थक थे। वह इस बात को समझते थे कि स्वच्छता और स्वस्थ आदतें भारत की प्रगति की दृष्टि से कितनी महत्वपूर्ण हैं। अक्टूबर की शुरुआत में स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के लिए उनका वीडियो संदेश मुझे अभी भी याद है। यह वीडियो संदेश एक तरह से उनकी अंतिम सार्वजनिक उपस्थितियों में से एक रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।


मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं - वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई सन्देश भेजना हो।

अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति श्री पेड्रो सान्चेज के साथ वडोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे। श्री रतन टाटा ने ही इस पर काम शुरू किया था। उस समय मुझे श्री रतन टाटा की बहुत कमी महसूस हुई।

आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हमें उस समाज को भी याद रखना है जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। जहां व्यापार, अच्छे कार्यों के लिए एक शक्ति के रूप में काम करे, जहां प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता को महत्व दिया जाए और जहां प्रगति का आकलन सभी के कल्याण और खुशी के आधार पर किया जाए। रतन टाटा जी आज भी उन जिंदगियों और सपनों में जीवित हैं, जिन्हें उन्होंने सहारा दिया और जिनके सपनों को साकार किया। भारत को एक बेहतर, सहृदय और उम्मीदों से भरी भूमि बनाने के लिए आने वाली पीढ़ियां उनकी सदैव आभारी रहेंगी।

## चिंतन

### 'जो होता है अच्छे के लिए होता है',



एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे।

राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- राजन! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है। राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े।

इधर राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती।

राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ? मंत्री मुस्कराए और बोले - राजन्! यदि आपने मुझे भिन्न राह पर न भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते, पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी। इसलिए भगवान जो करते हैं, अच्छा ही करते हैं।

## राशिफल

**मेष** मित्र आपके लिए निवेश संबंधी योजना को लेकर आ सकता है, जिसमें आप बहुत ही सोच समझकर निवेश करेंगे।

**वृषभ** परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर आपको परेशानी रहेगी और भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

**मिथुन** आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। व्यापार में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए किसी लेनदेन पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद में आपको जीत मिलेगी।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर सावधान रखना होगा। आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको मन मुताबिक लाभ मिलेगा।

**तुला** आपको व्यापार में किसी सहयोगी से कोई बातचीत बहुत ही देखभाल कर करनी होंगी। खान-पान पर नियंत्रण रखना होगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको काम की अधिकता रहने के कारण आप परेशान रहेंगे।

**धनु** आपके स्वास्थ्य में समस्याओं को यदि आपने नजरअंदाज किया, तो बाद में वह कोई बड़ी समस्या बन सकती है।

**मकर** आज का दिन प्रेम सहयोग की भावना लेकर आएगा। आपको ऑफिस के कामों को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने रहने वाला है। आपको बिजनेस में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने के योग बनते दिख रहे हैं।

# कंपनी ने 2032 तक 130 गीगावॉट विद्युत क्षमता उत्पादन का रखा लक्ष्य

## धूमधाम से मना एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी थर्मल पावर स्टेशन में एनटीपीसी लिमिटेड का 50वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जयदीप घोष परियोजना प्रमुख बरौनी ने प्लांट परिसर में स्थित सेवा भवन में एनटीपीसी ध्वज फहराते हुए उपस्थित कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। एनटीपीसी ध्वजारोहण के साथ ही एनटीपीसी कर्मियों ने एनटीपीसी गीत अंधकार की घोर निशा में ज्योति किरण बनकर हम छाये सुस्वर गाया। साथ ही अपने सर्वश्रेष्ठ योगदान द्वारा एनटीपीसी लिमिटेड को सर्वश्रेष्ठ विद्युत उत्पादन कंपनी बनाने का संकल्प लिया।

परियोजना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी की स्थापना 07 नवम्बर 1975 को राष्ट्र को निर्बाध और सुनिश्चित बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुई थी। यह वर्ष एनटीपीसी के स्थापना का 50वां है। निरंतरता के साथ विद्युत उत्पादन करते हुए कंपनी इस मील के पत्थर तक पहुँची है। एनटीपीसी विगत 50 वर्षों में अधिक सशक्त हुई है तथा यह विद्युत क्षेत्र में वैश्विक रूप से बिजली उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति के साथ खुद को सर्वश्रेष्ठ विद्युत कंपनी के रूप में स्थापित किया है। एनटीपीसी समूह निर्बाध बिजली उत्पादन के साथ साथ पर्यावरण हितैषी ऊर्ज़ा के क्षेत्र में प्रगति की ओर भी अग्रसर है। 50 वर्षों पूर्व शून्य से शुरू हुआ यह सफर आज एनटीपीसी लिमिटेड की कुल संस्थापित क्षमता संयुक्त उपक्रम सहित 76,475 मेगावॉट है। कंपनी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावॉट की स्थापित विद्युत क्षमता उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें से 60 गीगावॉट नवीकरणीय स्त्रोतों जैसे सोलर जल वायु आदि से उत्पादित किया जाएगा। विशेषकर एनटीपीसी बरौनी के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि इस इकाई से उत्पादित सम्पूर्ण बिजली बिहार राज्य को समर्पित है। विद्युत उत्पादन के साथ-साथ समीपवर्ती क्षेत्र के सामुदायिक विकास के लिए निरंतर कल्याणकारी गतिविधियों का भी संपादन किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसे स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा समुदाय को सीधा लाभ हो रहा है। स्कूलों में पढ़ने का माहौल बेहतर बनाने के लिए क्लास निर्माण शौचालय निर्माण स्मार्ट क्लास कम्प्यूटर आदि सुविधाएं सरकारी स्कूलों को मुहैया कराई जा रही हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपने अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 कर्मियों को पावर एक्सेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केक काटने और गुब्बारा छोड़ने के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। कार्यक्रम में एनटीपीसी कर्मचारी सीआईएसएफ व एसोसिएट्स उपस्थित रहे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई जलभरी

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे सलेमपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए आज धूमधाम से हाथी घोड़े ऊंट गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। कलश यात्रा में हिस्सा लेने हेतु दूर-दूर से लोग आए हुए थे। समिति के अध्यक्ष सालिक दुबे एवं वीरेंद्र दुबे उर्फ राजेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता विधि व्यवस्था को बनाए हुए थे। दूर-दूर से साधु संत भी कलश यात्रा में हिस्सा लेने हुए आए थे। स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में हिस्सा लेने का बहुत बड़ा पुण्य होता है। जिसका सौभाग्य होता है ऐसे कार्यक्रम में वे हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपनी मर्यादा का परित्याग नहीं करना चाहिए। श्री राम वन वन भटकते रहे लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी मर्यादा का परित्याग नहीं किया। इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा जाता है। यज्ञ में हिस्सा लेने से बड़ी से बड़ी परेशानियां समाप्त हो जाती है। ईश्वर की कृपा बनी रहती है तथा घर में माता लक्ष्मी का वास होता है 12 नवंबर को तुलसी विवाह उत्सव है।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं ने की भगवान भास्कर की पूजा अर्चना

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व विधायक अमिता भूषण ने लोकस्था के महापर्व छठ पूजा की। उन्होंने पूजा अर्चना कर परिवार कल्याण समाज कल्याण जिले वासियों की मंगल कामना के लिए भगवान भास्कर से प्रार्थना की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार सिंह पूर्व प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर प्रशांत भूषण, डॉ पुनम कुमारी, मणिभूषण सिंह, कुणाल कुमार, डॉ कन्हैया कुमार, कुणाल भूषण कुमार, रत्नेश टुल्लू सहित अन्य मौजूद थे।

### सेवा, आस्था और श्रद्धा भाव के साथ छठ महापर्व संपन्न

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोक आस्था का महापर्व छठ बिक्रम में सेवा और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। असपुरा सूर्य मंदिर परिसर में मदर इंडिया एग्रो फूड की ओर से व्रतधारियों के लिए पूजन सामग्रियां एवं अंगवस्त्र वितरित किए गए। वहीं असपुरा, महजपुरा, गोरखरी आदि घाटों एवं सूर्य मंदिर में हजारों व्रतधारियों ने पूजार्चना की। वहीं खोरैठा छात्र युवा संघ द्वारा भगवान भास्कर के सुंदर प्रतिमा एवं पंडाल का निर्माण किया गया है। महावीर सेवा समिति की ओर से मदन दास के नेतृत्व में व्रतधारियों के लिए कई व्यंजन परोसे गए।

### फूल तोड़ने गए सगे भाई-बहन कुएं में गिरे, बहन की मौत

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गनौली गांव में छठ पूजा के दिन गुरुवार सुबह एक दुखद हादसा हुआ, दो सगी भाई-बहन पूजा के लिए फूल तोड़ने के गांव के एक मंदिर के पास गई थी ,जहां पास के एक पुराने कुएं में अचानक गिर गई। घटना के बाद बहन की मौत हो गई, गंभीर भाई का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक बच्ची की पहचान रंजना कुमारी (10 वर्ष) के रूप में हुई है, घायल भाई का नाम हर्ष कुमार बताया गया है। दोनों दरभंगा जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के कुमार पोखर गांव के रहने वाले बताए गए। ग्रामीणों ने बताया दोनो बच्चे अपनी मां लक्ष्मी देवी के साथ गनौली गांव छठ पूजा में शामिल होने आए थे। गुरुवार सुबह फूल तोड़ने के लिए निकले थे। रास्ते में एक पुराना कुआं झाड़ियों से ढंका हुआ था, जिसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। दोनों अचानक कुएं में गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने कुएं में कूदकर दोनो बच्चों को बाहर निकाला। जिसके बाद डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने छोटी बच्ची रंजना कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हर्ष कुमार को गंभीर बताया, जिसके बाद उसके गंभीर हालत को देख दरभंगा ले गए, घटना को लेकर शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष छोटेलाल सिंह ने बताया कि मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर 9 व 13 नवंबर को चलेगा सोशल मीडिया हैशटैग अभियान

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी मतदाताओं को आवश्यक रूप से मतदान करवाने के लिए वृहत जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसे लेकर 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालयों, सभी महाविद्यालयों, उच्च विद्यालयों, सभी कोचिंग संस्थानों, सभी व्यावसायिक संगठनों, सभी बूथ अवेरनेस ग्रुप, सभी कार्यालयों में गठित वीएएफ सदस्यों एवं अन्य प्रतिष्ठानों और संस्थाओं के माध्यम से सोशल मीडिया पर चलाया जायेगा। इस दौरान कोई भी मतदाता/व्यक्ति आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े कुछ भी पोस्टर,विडिओ या कोई अन्य जागरूकता संदेश के साथ अपने सोशल मीडिया के हैंडल पर पोस्ट कर सकते हैं।

### अमित शाह के आगमन की तैयारी पूरी, काफी उत्साहित हैं भाजपा कार्यकर्ता

**मेदिनीनगर ( पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छतरपुर स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय के मैदान में शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह को आना सुनिश्चित हुई है जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि छतरपुर विधानसभा के प्रत्याशी पुष्पा देवी के पांच वर्ष के कार्यों से लोग काफी खुशहाल हैं इसलिए क्षेत्र में इनका काफी बोलबाला है। इस विधानसभा क्षेत्र से पुष्पा देवी के रूप में भाजपा को बहुत बड़ी जीत होगी।

### राजद प्रत्याशी विजय राम को जीत दिलाने का आह्वान

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के नौडीहा बाजार के नामुदाग में शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने राजद प्रत्याशी विजय राम के पक्ष में वोट की अपील की। कहा कि राजद प्रत्याशी विजय राम एक ईमानदार व कर्मठ नेता हैं। 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय राम को लालटेन छाप पर ईवीएम बटन दबाकर अपार मतों से विजयी बनाएं। कहा कि राजद अन्य पार्टियों की तरह खोखले वादे नहीं करती। जो कहती है वही करती है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि झारखंड में झामुमो की सरकार में चहूंमुखी विकास हुआ है।

# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय सूर्योपासना संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा/बेलाउर/सहार/कोइलवर/बड़हरा (भोजपुर)।** आस्था के महापर्व छठ व्रत के चौथे दिन जिले के विभिन्न नदी, सूर्य मंदिरों के समीप बने तालाबों गांवों के पोखर, तालाबों, नहरों तथा घरों के छतों पर स्नान कर फलों एवं पकवानों से पृथ्वी के साक्षात देवता अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने उपरांत शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को सभी उम्र के महिला एवं पुरुष छठ ब्रतियों ने अर्घ्य दिए। अर्घ्य दान कराने में घर परिवार के सदस्यों का सहयोग किए जाने में पूरी पवित्रता का ख्याल रखा गया था। आरा मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट तालाब, धरहरा से लेकर पियानिया पुल तक नहर के किनारे बने घाटों पर दर्जनों मोहल्लों एवं गांवों के व्रतियों ने द्वारा अर्घ्य दिया वहीं गांगी, बड़हरा प्रखंड, शाहपुर प्रखंड के गंगा किनारे बने सैकड़ों घाटों एवं कोइलवर प्रखंड स्थित सोन नद के घाटों पर अर्घ्य दिया गया। दोपहर से ही फलों एवं मौसमी सभी फलों एवं शुद्धता के साथ बना ठेकुआ से भरा कलसूप सजाकर दऊरा पुरुष एवं बच्चे सिर पर रख एवं महिलाएं छठ गीत गाते जाना शुरू कर दिए थे जो सूर्योदय होने के उपरांत जारी रहा। भोजपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध बेलाउर के सूर्यं मंदिर में विशाल तालाब में महिला पुरुष व्रतियों ने स्नान कर सूर्योपासना कर अर्घ्य दिए। सूर्य मंदिर ट्रस्ट कमिटी के सचिव संटू चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाखों की संख्या में छठव्रती अर्घ्य देने पहुंचे हैं। चार दिवसीय महापर्व छठ शान्ति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो गया। **बड़हरा (भोजपुर)।** चार दिवसीय महापर्व छठ शान्ति तथा आपसी सौहार्द के बीच शुक्रवार को उद्दीयमान सूर्य को अर्घ्य समर्पित करने साथ ही सम्पन्न हो गया। हालांकि रामसागर, सिरिसिंया, एकवना आदि कुछ गांवों के सूर्य मंदिर प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम अभी भी संचालित है। जिसके आयोजन को लेकर स्थानीय पूजा समितियां तत्परता से जुटी हुई है कि कोई गड़बड़ी नहीं हो सके। रामसागर सूर्य भगवान के मंदिर प्रांगण में आयोजित छठ पूजा का कार्यक्रम कई दिनों का होता है। जिसे संचालित करवाने के लिए गांव के बड़ी संख्या में मुसलमान संप्रदाय के लोग भी पूजा समिति में रहते हैं। पूजा को लेकर प्रखंड के सभी गांवों में चार दिनों तक खूब रौनक, साफ-सफाई, लाइटिंग व्यवस्था तथा आकर्षक धार्मिक वातावरण बना रहा। विभिन्न गांवों के गंगा किनारे छठ घाटों का दृश्य देखने लायक बनाया गया था। महुली गंगा छठ घाट पर भीड़ के बीच दूर-दूर से आये छठ व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया। वहां का नजारा अद्भुत था। भीड़ को नियंत्रित करने व सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी जुटी हुई थी। वहीं विन्दगांवा संगम, बबुरा, सिरिसिंया, एकवना, बड़हरा, पड़रिया, सेमरिया, केशोपुर, नेकनामटोला, नथमलपुर, सिन्हा, केवटिया, बलुंआ, पिपरपांती आदि गंगा घाटों पर भी छठ व्रतियों ने भारी संख्या में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। **जगदीशपुर (भोजपुर)।** भोजपुरी गीतों की स्वर लहरियों के बीच शुक्रवार सुबह छठ व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हुए 36 घंटे का निर्जला व्रत संपन्न किया। भोजपुर जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र एवं अनुमंडल अनुमंडल के जगदीशपुर, बहरी महादेव स्थान, बिहिया व शाहपुर, पीरो, चरपोखरी समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को महिलाओं ने 16 शृंगार करते हुए आटा, गुड़, पंचमेवे और घी से तैयार ठेकुआ, फल, और मिठाई थी टोकरी और सूप में लेकर पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया से संपन्नता और खुशहाली की कामना की। साथ ही लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति भाव वाले वातावरण में समापन हो गया। छठ पूजा को लेकर नगर के ऐतिहासिक शिवजी सह छठिया पोखरा, बिहिया सूर्य मंदिर व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर मेला सा नजारा उत्पन्न हो गया था। जगदीशपुर के दावा, तेन्दुनी, हरिगांव, दलिपपुर, बरनाव, बभनियांव, पिलापुर, पूर्वी और पश्चिमी आयर, दुलौर सहित अन्य ग्रामीण इलाकों के पोखरा सहित विभिन्न छठ घाटों को बेहतरीन ढंग से सजाया गया था। नगर ऐतिहासिक शिवजी छठिया पोखरा, सड़कों और गलियों की बेहतर तरीके से साफ-सफाई कर रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया था जिसका अद्भुत और मनोरम दृश्य देखते ही बन रहा था।

# लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सुपौल।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही शुक्रवार को चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व संपन्न हो गया।

लोक महत्ता के इस प्रकृति पावन पूजनोत्सव को लेकर छठ व्रतियां बीते चार दिनों से जुटी हुई थीं। मंगलवार को नहाय खाय व कद्दू भात के साथ आरंभ छठ पूजा के क्रम में बुधवार को खरना एवं गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा अर्चना की गई और शुक्रवार के अहले सुबह से ही व्रती सहित श्रद्धालुओं का अपने-अपने चिह्नित घाटों पर जुटान होने लगा। इसके बाद व्रतियां पानी में स्नान कर भगवान भास्कर की आराधना में लीन हो गईं। घाटों पर पटाखों का शोर युवाओं को आनंदित कर रहा था तो बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया। उदीयमान सूर्य की लालिमा छटा में दिखते ही व्रती एवं श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख, समृद्धि व शांति की कामना की। छातापुर में छठ पूजा के लिए सुरसर, गेड़ा, मिरचैया नदी के अलावा विविध तालाब एवं पोखर आदि घाटों की साफ सफाई कर उसे आकर्षक रूप से सजाया गया था। इस दौरान हजारों श्रद्धालु, खासकर महिलाओं ने पानी में उतरकर आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने एक सप्ताह पूर्व से इस त्योहार की तैयारियां शुरु कर दी थी। कहीं कहीं तालाब न होने के कारण लोगों ने आर्टिफिशियल पोखर बना कर पूजा अर्चना की। छातापुर बाजार से पूरब रानीपट्टी वितरणी नहर पर बना मॉडल छठ घाट आकर्षण के केंद्र में रहा। मॉडल घाट के पास सूर्य मंदिर परिसर में भगवान भास्कर सहित विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई थी। वहीं नहर पर बने चचरी पुल के बीच स्थापित गंगा मइया की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। जहां भव्य पंडाल व प्रकाश व्यवस्था की सजावट छटा बिखेर रही थी। इस दौरान छठी मैया के गीतों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। चार दिनों तक चले छठ पूजा के दौरान कहीं से भी किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना नहीं है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चिह्नित घाटों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

## शिवाजीनगर प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ छठ महापर्व संपन्न

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी गांव में चार दिनों से चलने बाला लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। गांव के लोगों ने छठ के तीसरे दिन अपने अपने गांव के छठ घाट पर जाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया, वहीं चौथे दिन शुक्रवार सुबह से ही पुरुष महिला सभी वर्ती अपने अपने घाटों पर पानी में खड़े होकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। ग्रामीणों के द्वारा शिवाजीनगर के करेह नदी सहित गांव के सभी पोखरों को रंग बिरंगे लाइटों से सभी घाटों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। सुरक्षा को लेकर जगह जगह पुलिस बलों की नियुक्ति की गई थी। करेह नदी किनारे बने सभी छठ घाटों पर व्रतियों के लिए स्थानीय पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण युवाओं के द्वारा सभी सुविधा उपलब्ध कराया गया था। प्रखंड क्षेत्र के रहटोली, मधुरापुर, बल्लीपुर, बंधार सहित सभी पंचायतों के सभी घाटों पर छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी, बरियाही घाट, पूरा सहित कई गांव के युवाओं के द्वारा पोखर में भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया, पूजा समाप्ति पर भगवान सूर्य को सभी वर्ती ने अर्घ्य देकर परिवार में सुख शांति के लिए मन्नते मांगा। मौके पर शिवाजीनगर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, अंचलाधिकारी वीणा भारती, बीपीआरओ राजू कुमार, थानाध्यक्ष छोटेलाल सिंह, मोनू कुमार राय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# सोन नदी में नहाने के क्रम में पांच बच्चे डूबे, दो की मौत

## दो बच्चों को ग्रामीणों ने बचाया, एक की खोज जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** लोक आस्था के पर्व छठ के अवसर पर अपने बुआ के घर आए बच्चे एवं मामा के बच्चियां सोन नद में नहाने गई जिसमें दो की डूबने से मौत हो गई जबकि दो को ग्रामीणों ने बचा लिया वहीं एक लापता है जिसकी खोजबीन की जा रही है। गुरुवार को प्रथम अर्घ्य के दिन सहार थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी सूरज सोनी एवं रविन्द्र सोनी का परिवार अपने बहन के घर अंधारी निवासी संतोष सोनी के घर छठ पर्व करने आए थे। इनके परिवार के महिलाओं के साथ बच्चे भी साथ आए थे। गुरूवार के दिन संतोष सोनी के पुत्री गुड़िया (11 वर्ष), तनु (10 वर्ष) छाया कुमारी (9 वर्ष) तथा इमादपुर गांव निवासी सुरज सोनी के प्रिया कुमारी (13 वर्ष) नीशी कुमारी और रविंद्र सोनी के 10 वर्षीय पुत्र गोलु कुमार सोन में नहाने चले गए। नहाने के दौरान गोलु कुमार डुबने लगा जिसे प्रिया कुमारी बचाने के लिए आगे बढ़ी जिससे वह भी डुबने लगी। डूब रहे दोनों को बचाने छाया, तनु और गुड़िया कुमारी ने प्रयास किया गया। एक दूसरे के बचाने के क्रम में पांचों बच्चे डुबने लगे। आसपास स्नान कर रहे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा गुड़िया, तनु, छाया एवं प्रिया को नद से बाहर निकाला गया जिसमें छाया एवं प्रिया की मौत हो गई। वहीं गुड़िया एवं तनु को बाहर निकालने में तो सफलता मिली। जिसका इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल में चल रहा है जबकि गोलु की खोजबीन की जा रही है।छठ पर्व के अवसर होने के कारण सजग पुलिस प्रशासन घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर एएसपी के.के.सिंह,चौरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार, सीओ राकेश शर्मा, सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार, स्थानीय जन प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों ग्रामीण सोन नद में शव की खोजबीन के दौरान उपस्थित थे।इस हृदय विदारक घटना से ग्रामीणों में शोक तथा परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित काली मंदिर के समीप स्वर्गीय सुशांत सिंह यादव स्मृति दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में स्थानीय 24 पहलवान पहुंचकर अपना करतब दिखाएं। इस दौरान पहलवानों में एक दूसरे को पटकनी देने की होड़ देखी गई। अंतत सभी पहलवानों को पटकनी देते हुए सरेन गांव निवासी पहलवान पवन कुमार ने प्रथम, महगुपुर निवासी विकास कुमार दुतीय एवं महगुपुर गांव निवासी सत्राजित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। दंगल का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता सुमन यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद नेत्री कुमारी सुमन सिद्धार्थ एवं नगर पंचायत मखदुमपुर के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज कुमार विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने विजेता पहलवान को इनाम स्वरूप प्रथम को 11000 नगद एवं शील्ड, दूसरे स्थान पर रहने वाले पहलवान को 5500 रुपये एवम सील्ड तथा तीसरे स्थान पर आने वाले पहलवान को 3100 रुपये नगद एवम सील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सुमन यादव ने बताया कि पिछले 4 वर्षों से स्वर्गीय सुशांत सिंह यादव के स्मृति में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इसके पूर्व दंगल सुशांत सिंह यादव आयोजित कराते थे। उनके निधन होने के बाद उनके स्मृति में दंगल आयोजित करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में मुखिया अजित कुमार उर्फ खट्टू यादव, राजद नेता राजप्रेम यादव, ललन यादव अवधेश यादव, जयनन्दन कुमार, विजय गुप्ता, मनोज पहलवान वीरेंद्र महतो विल्ला यादव समेत दंगल देखने के लिए हजारों हजार की संख्या में लोग मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं ने दिया भगवान भास्कर की अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** छठ महापर्व के अवसर पर संध्या-काल डूबते सूर्य को जल अर्पित करने के समय जहानाबाद मुख्यालय के ठाकुरवाडी घाट के पास जिला प्रशासन के द्वारा भास्कर महोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में जिला के प्रसिद्ध लोक गायक विश्वजीत अलबेला, अरविंद कुमार आंजाश, गौतम परासर, राधे श्याम जी, सुबोध कुमार का जोडी ने एक से बढ़कर एक छठ गीत का प्रस्तुति किया। इस अवसर पर वरीय उपसमाहर्ता शिल्पी आंनद सहीत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व जिले के विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन हो गया। छठ पूजा के दूसरे अर्घ्य के मौके पर जहानाबाद के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। इस मौके पर हजारों छठ व्रतियों ने उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर छठ व्रतियों ने अपने परिवार के लिए मंगलकामनाएं की। देर रात से ही श्रद्धालुओं का विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो सूर्योदय तक जारी रहा। छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में आस्था और उमंग देखते ही बन रही थी। छठ पूजा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह चौकस नजर आया। इस दौरान सभी घाटों पर प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद दिखे। वही प्रमुख घाटों पर एसडीआरएफ के जवान लगातार पेट्रोलिंग करते नजर आए। छठ के शांतिपूर्ण आयोजन पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी चैन का सांस लिया।

CMYK

# उलार्क सूर्य मंदिर में पांच लाख व्रतियों ने दिया सूर्य को अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**







**पालीगंज।** चार दिनों तक चलने वाला लोकआस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद समाप्त हो गया। देश के मान्य 12 अर्क (सूर्य) स्थलों में से एक पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हीनबाजार से 4 किलोमीटर दक्षिण उलार्क सूर्य मंदिर अर्क स्थलों में गिनती कोणार्क और देवार्क (देव औरंगाबाद) के बाद होती है। व्रत के तीसरे दिन प्रसिद्ध सूर्य मंदिर उलार्क में छठ व्रतियों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। करीब पांच लाख छठ व्रतियों ने तालाब में स्नान कर अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। उसके बाद व्रतियों ने मन्दिर में स्थापित भगवान भास्कर की प्रतिमा की पूजा अर्चना किया। मन्नते पूरी होने के बाद व्रत करने पहुंचे व्रतियों ने नेटुये का नाच भी नचाया। इस दौरान तालाब के चारों तरफ अनहोनी घटना से निपटने के लिए बेरिकेडिंग की गई थी। साथ ही तालाब में एसडीआरएफ की टीम मोटरबोट के साथ निगरानी कर रहे थे। वही दुल्हिनबाजार थानाध्यक्ष सोनू कुमार दल बल के साथ भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे रहे। जबकि कंट्रोल रूम में पालीगंज एसडीओ अमनप्रीत सिंह, एसडीपीओ 1 प्रीतम कुमार, एसडीपीओ 2 उमेश्वर चौधरी चौधरी बीडीओ, पंकज दीक्षित सीओ श्वेता सिंहा, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक आभा कुमारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट मुस्तैद दिखे। मन्दिर के पास चिकित्सकों की टीम, पुरुष व महिला सुरक्षाकर्मियों की टीम, अग्निशमन विभाग की टीम सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीमें सहित अन्य लोग भी सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। वही समय समय पर मन्दिर परिसर में बने कंट्रोल रूम से आवश्यक निर्देश व सूचनाएं दी जा रही थी। इस दौरान मन्दिर के पास से गुजरनेवाली सड़के अस्त व्यस्त रही। प्रखण्ड क्षेत्र के काब, सदावह सहित कई गांवों में स्थित तालाबो में छठ व्रतियों इस अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

**वहीं चकिया संवाददाता के अनुसार** हर्षो उल्लास के साथ चकिया में महापर्व छठ सम्पन्न हुआ। प्रखंड अंतर्गत घनश्याम पकड़ी ग्राम में युवा शक्ति पूजा समिति घनश्याम पकड़ी द्वारा विशाल भव्य पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें सूर्य भगवान का प्रतिमा स्थापित किया गया। समिति के सचिव डॉ अंगेश कुमार ने बताया कि छठ पूजा का सनातन धर्म में बड़ा ही धार्मिक महत्व है। छठ पूजा हमे बताती है कि जिसका अस्त होता है उसका उदय भी होता है। इसमें साक्षात डूबते हुए सूर्य भगवान एवं उगते हुए सूर्य भगवान कि आराधना कि जाती है। मौके पर पूजा अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद, पूजा प्रभारी मदन प्रसाद, डॉ अंगेश कुमार, नीरज गुप्ता, श्यामल कुमार, राजेंद्र साहनी, छोटेलाल कुमार उन्नतिलाल गिरी, रत्नेश कुमार, कृष्णनंदन कुशवाहा, दीपक कुमार, यशोदानंदन कुशवाहा, राधेश्याम कुमार, बच्चा पार्टी एवं सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण एवं छठवर्ती मौजूद थे। **वहीं एकमा संवाददाता** ने बताया कि उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ का समापन हुआ। चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत का समापन पारंपरिक आस्था व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार की सुबह छठ व्रतियों के द्वारा पारंपरिक छठ लोक गीतों के सामूहिक सुमधुर स्वर में गायन के बीच नगर पंचायत एकमा बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर उगते हुए भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा अर्घ्य सामग्री अर्पित किया गया। वहीं छठ व्रतियों द्वारा घर पहुंच कर अन्न जल व प्रसाद ग्रहण कर पारण करने के साथ ही चार दिवसीय छठ व्रत का समापन हुआ। इस दौरान व्रतियों ने सूर्य देवता एवं उनकी बहन छठी माता से छठ व्रतियों ने अपने परिवार के लिए निरोगी काया, सुख-समृद्धि व दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद छठ घाटों से घर लौटकर छठ व्रतियों की ओर से छठ व्रत के पारंपरिक प्रसाद स्वयं एवं परिजनों को ग्रहण कराने के साथ ही पारण की रस्म पूरी की। एकमा नगर पंचायत के मौज बाबा के मठिया छठ घाट पर छठ व्रतियों को सहयोग करने वालों में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार, वार्ड संख्या 3 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, नेता लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, भाजपा नेता चैतेंद्र नाथ सिंह, शिक्षक सोनू सिंह आदि अन्य शामिल थे। वहीं एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर स्थित कृत्रिम छठ घाट पर पुजारी पं. नागेन्द्र मिश्रा के द्वारा छठ व्रतियों को सुबह पारंपरिक तरीके से उदयीयमान भगवान भास्कर को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य अर्पित कराया गया। यहां छठ व्रतियों को पूजा उपासना एवं अर्घ्य अर्पण में सहयोग करने वालों में वर्दीधारी सात पुत्रियों के पिता राजकुमार सिंह उर्फ कमल सिंह व भाई राजीव कुमार सिंह, शिव मंदिर के पुजारी पंडित नागेंद्र मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, संजय कुमार तिवारी, पंकज सिंह, राकेश मिश्रा, संजय बाबा, आशुतोष तिवारी चुन्नू तिवारी, शिक्षक बबलू गुप्ता, लखन लाल प्रसाद, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, ब्रजेश तिवारी, आशीष कुमार, उमाशंकर प्रसाद, विजय शंकर प्रसाद, डॉ के एम प्रसाद, रुचि कमल सिंह, कृतिका सिंह आदि ने सहयोग किया।

# पूर्व मंत्री ने किया छठ घाट पर सौंदर्यीकरण निर्माण का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह नरकटिया के राजद विधायक डॉ. शमीम अहमद द्वारा गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के बिजबनी जगिरहा छठ घाट की सौंदर्यीकरण कार्य सहित पार्क विकास कार्य का उद्घाटन किया गया। यह कार्य विधायक के निजी कोष के दस लाख रुपये की राशि से कराया गया है। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि एक जगह पूजा के लिये इतनी बड़ी भीड़ आपसी भाईचारा और एकता को प्रदर्शित करता है।उन्होंने कहा आपकी एकता हमारे लिए बल है।दिन प्रतिदिन बिजबनी जगिरहा और बनकटवा छठ घाट पर छठ व्रतियों की भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके लिए सौंदर्यीकरण के साथ व्यवस्था में भी परिवर्तन जरूरी है। बिजबनी छठ घाट की सुंदरता और बढ़ेगी जिसका प्रयास आगे किया जायेगा। उन्होंने कहा प्रखण्ड के लगभग अधिकांश छठ घाट का पक्का सीढ़ी घाट बनाने का काम किया गया है। वे बिजबनी, बनकटवा, सठौरा, भतलहिया, निमोइया सहित कई अन्य छठ घाट पर पक्का निर्माण कराने की बात कही। ग्रामीणों के आग्रह पर वे बिजबनी जगिरहा छठ घाट पर सूर्य मंदिर की स्थापना के साथ और आकर्षक बनाने का भी आश्वासन दिया। विधायक के साथ मुखिया संघ अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ प्रेमकिशोर यादव, जिला परिषद सदस्य श्रवण यादव, हरिशंकर सिंह, हारून आलम, हाकिम अंसारी, संजय जायसवाल व राकेश कुमार यादव के अलावे कई अन्य थे।

# घाटों पर उमड़ी श्रद्धा की बेमिसाल भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज।** आस्था का महापर्व छठ पर्व सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त हो गया। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए घरों के छतों, नदी, तालाब, पोखरों व नहरों, पइन में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घाटों पर छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर उनकी उपासना की। इस दौरान कई लोगों ने भगवान से मन्नते भी मांगी। वहीं, पूजा के लिए श्रद्धालु सुबह 4 बजे से ही घाट के लिए निकलने लगे थे। कई श्रद्धालुओं ने घाट पर ही पूरी रात गुजारी। इस दौरान छठी मईया की गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। पालीगंज के मिल्की नहर, अख्तियारपुर के पास नहर, सोन नदी के महावलीपुर घाट, उदयपुर घाट, मसौढ़ा घाट, पुनपुन नदी के चढ़ोस मठिया, मदा, बउआ, नदहरि निरखपुर गांव स्थित लोआई नदी पर बने घाटों पर हजारों की संख्या में व्रतियों ने आस्था की डुबकी लगाई। गुरुवार को अस्ताचलगामी व शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने को लेकर उत्साह देखने को मिला। हजारो की संख्या में विभिन्न घाटों पर व्रतियों ने अर्घ्य दिया। स्वयंसेवियों ने छठ घाट तक आने जाने वाली सभी सड़क, गांवो की गली को साफ सफाई के बाद दूधिया लाइट से सजाया गया था। कई छठ व्रतियों ने लेटते हुए घाटो तक जाकर भगवान भास्कर के अर्घ्य दिया। पालीगंज नगर पंचायत सहित खपुरा, निरखपुर, धरहरा, भगजोगा, दरियापुर, फतेहपुर के वासियों ने मिल्की नहर पर हजारों की संख्या में छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर के अर्घ्य दिया। इस अवसर पर सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। वही मिल्की नहर घाट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया था। समाज सेवी के द्वारा जगह-जगह पर कॉफी,चाय, खीर की स्टॉल लगाकर लौटते व्रतियों को प्रसाद दिया जा रहा था।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** भोपतपुर थाना क्षेत्र के पुरानी डीह गांव के शिवपूजन भगत (52) की पटना के पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना 23 अक्टूबर को हुई थी। उनकी मौत के बाद नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को बझिया बाजार में शव रखकर कोटवा-राजपुर मार्ग को तीन घंटे तक जाम कर दिया। पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर आगजनी की गई और नारेबाजी की गई। पुलिस के समझाने और मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ।

### उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के दनियावां स्थित सूर्य मंदिर सरोवर और विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक घाटों पर लोक आस्था के महापर्व छठ पर उगते सूर्य भगवान भास्कर को शुक्रवार के अहले सुबह अर्घ्य देने के साथ छठ व्रत सम्पन्न हो गया। सरथुआ, तोप, एरई, जीवनचक व अन्य गांवों के छठ व्रत से जुड़े श्रद्धालुओं ने फल्गु नदी की शाखा महतमाईन नदी की जलधारा में अर्घ्य दिया। इस मौके पर घाटों को सजाकर रौशनी और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई। घाटों पर सुंदर सजावट की गई। व्रतियों ने बताया कि बिहार की संस्कृति में लोक आस्था के इस महापर्व का बड़ा महत्व है।

### अभियुक्त के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रुपया ठगी के एक मामले में लंबे समय से फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। आरोपित शिकारगंज थाना क्षेत्र के हरिहरा टोला भेड़ियाही गांव निवासी राजेश्वर सिंह का पुत्र मुकेश कुमार है। थानाध्यक्ष मो. शाहरुख ने बताया कि इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया गया है कि जल्द वह न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दे। आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में उस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### लोक आस्था का महापर्व संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया, अंतिम दिन व्रतियों ने उदयमान सूर्य को नमन किया। इस दौरान छठ घाट पर अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही, वही छठी मैया के गीतों से इलाके का माहौल भक्ति में बना रहा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। वही गुरुवार को तीसरे दिन व्रतियों ने नदी तथा तालाब में अस्चलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया, एवं भगवान भास्कर का नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में छठ व्रती माथे पर सुप एवं दउरा लेकर छठ घाट पहुंचे। इस दौरान छठ व्रतियों के स्वागत के लिए छठ घाटों को पूरी तरीके से सजाकर तैयार किया गया था। प्रखंड मुख्यालय स्थित कृष्णवंशी शब्द घाट, पलेया सूर्य मंदिर, सुगांव सूर्य मंदिर, टेहटा सूर्य मंदिर सबदलपुर, धराउत, धरनई समेत नदियों, तालाब एवं अन्य जलस्रोत में व्रतियों ने स्नान कर भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर नमन किया।

# लोजपा आर के प्रदेशाध्यक्ष ने किया छठ घाट का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के लखनीपुर गांव मे लोजपा आर के प्रदेशाध्यक्ष राजु तिवारी ने सुर्य षष्ठी व्रत के अवसर पर छठ घाट का उद्घाटन किया तथा साथ मे माता के जागरण मंच का दीप प्रज्वलित कर मंच का भी उद्घाटन किया। लखनीपुर पुर विकास मंच नवयुवक पुजा कमिटी के द्वारा माता का जागरण का आयोजन किया गया था। गोपालगंज से चल कर आए कलाकारों ने कांच ही बांस के बहंगिया छठ गीत से सबका मन मोह लिया तथा श्रोताओं ने रात भर संगीत के सागर मे गोता लगाया। श्री तिवारी अपने सम्बोधन मे छठ पर्व पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर लोजपा आर के प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव चौरसिया प्रेम शुक्ल अवनिश कुमार सिंह, राजन शाही, प्रखंड सचिव अवध किशोर सिंह तथा पुजा कमिटी अभय सिंह, परमेश्वर मिश्र, दीपक ठाकुर, राजन सिंह, राज कुमार सिंह, रुपेश कुमार, रुपेश मिश्र, भोला प्रसाद कुशवाहा, विपिन मिश्र, वेदप्रकाश तिवारी, सौरभ कुमार तिवारी सहित बहुत लोग उपस्थित थे।

# शिवहर सांसद लवली आनंद ने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर लिया छठी मैया का आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** हिन्दू धर्म का पवित्र त्यौहार छठ पर्व पूरे प्रखंड में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस परिपेक्ष्य में शिवहर सांसद लवली आनंद ने क्षेत्र के घोड़ासहन छठवा, लौखान,कदमवा आदि आधा दर्जन छठ घाटों पर पहुंच तथा छठी मैया से आशीर्वाद लिया। सांसद ने छठ महापर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमारे सांस्कृतिक जीवन में दिव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिकता को जीवंत करता है। छठ पूजा न केवल हमारी पारंपरिक मान्यताओं का सम्मान करती है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की परंपराओं, सामुदायिक एकता, और पारिवारिक संबंधों को भी मजबूत करने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा, छठ पूजा जीवन में संतुलन, संयम और समुदाय के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करती है। यह पर्व सभी को एकजुट करने और हमारी आध्यात्मिक धरोहर को बनाए रखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी को इस पवित्र पर्व के अवसर पर एकजुट होकर समाज को सकारात्मक दिशा में अग्रसर करने की प्रेरणा देते आह्वान किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुभाष सिंह, जिलापरिषद दिलीप सर्राफ, जदयू प्रखंड अध्यक्ष डॉ सचिदानंद कुशवाहा, बचालाल साह, कन्हैया पांडेय, भागेश्वर चौधरी, राकेश कुमार, लालबाबू पासवान, राजमंगल पटेल, लालबाबू गुप्ता आदि शामिल रहे।

# दो गुटों के बीच मारपीट में दो व्यक्ति घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**घोसी (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखण्ड क्षेत्र कैरवा गांव स्थित सूर्य मंदिर घाट पर शुक्रवार को चाट खाने को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद में ईंट पत्थर एवं लाठी डंडा से हुई मारपीट में दो व्यक्ति को जख्मी होने कि सूचना मिली है। दोनों घायल व्यक्ति बाहरी बताए जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार साहोबिगहा पुरनका बिगहा गांव के कुछ असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा इस तरह के घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा कैरवा सूर्य मंदिर घाट पर ठेला पर चाट बेच रहे ठेला वाले से चाट खाया और पैसा मांगने पर नहीं दिया। इसी को लेकर ईंट पत्थर और लाठी डंडा से हुई मारपीट में दो बाहरी व्यक्ति जख्मी हो गये जो ऑटो रिक्शा में सवार होकर कैरवा गांव स्थित सूर्य मंदिर पर अपने परिवार वालों के साथ अर्घ्य अर्पित करने के लिए आए थे। घटना की जानकारी पाकर घोसी थाने की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर मामला को शांत कराया।

# जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को अब वापस नहीं लाया जा सकता : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को फिर से लागू कराने को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराने का विरोध कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शलों की सहायता से बाहर फेंके जाने को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी नाराजगी जाहिर की। शुक्रवार को पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला कितने भी हाथ पांव मार लें, धारा 370 को अब वापस नहीं ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भले ही उमर अब्दुल्ला के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर में अपनी सरकार बनाने में कामयाब हो गए हों, लेकिन उनमें भी यह हिम्मत नहीं है कि धारा 370 को फिर से बहाल कर सके। यह चैप्टर अब हमेशा के लिए क्लोज हो गया है। गिरिराज सिंह ने इस दौरान कश्मीरी विधानसभा में पत्थरबाजों का समर्थन करने वाले के लिए श्रद्धांजलि देने को पर हैरानी जताते हुए कहा यह वही लोग हैं, जो पाकिस्तान से वार्ता की बात कहते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जम्मू- कश्मीर में कांग्रेस और पीडीपी के चुनावी एजेंडे में ही धारा 370 को फिर से बहाल करना था। अब जैसे ही यहां उमर अब्दुल्ला की सरकार बनी है। धारा 370 को लाने को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया तो उन्हें सदन से बाहर कर दिया गया। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह भी हैरानी की बात है कि जम्मू कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद आतंकी फिर से सक्रिय हो गए है। यहां एक माह में लगभग आधा दर्जन छोटे बड़े आतंकी हमले हो चुके हैं।

# लोक कल्याण के लिए भगवान भास्कर को नगर विधायक ने दिया अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** लोक आस्था का पर्व छठ सामाजिक सरोकार का पर्व भी माना जाता है। इस पर्व पर हम सभी लोग लोक कल्याण के लिए भगवान भास्कर की आराधना करते हैं। यह बातें शुक्रवार को अहले सुबह रानी सती स्थान कारक घाट पर भगवान भास्कर को दूध अर्पित करने के उपरांत विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने कही। उन्होंने कहा कि शहर, जिला एवं राज्य के कल्याण के लिए भगवान भास्कर से प्रार्थना किया हूं। पूरे शहर व जिला में अमन चैन रहे। लोगों के बीच भाईचारा बना रहे, यही सबसे बड़ी पूंजी हमारे समाज की है। नगर विधायक के साथ उनकी धर्मपत्नी शोभा सरावगी भी उपस्थित थीं। मनीगाछी (आससे) चार दिवसीय लोक आस्था का महान पर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। 5 नवम्बर को नहाय खाय के साथ शुरू हुई लोक आस्था के महा पर्व को लोगों ने श्रद्धा पूर्वक मनाया। इस दौरान सभी गांवों के विभिन्न छठ घाटों पर गाजेबाजे के साथ छठ व्रती व श्रद्धालु पहुंचे थे। पूरे प्रखंड क्षेत्र में मिथिला के पेरिस कहे जाने वाले नेहरा गांव के रजोखर पोखर पर मनाए गए छठ पर्व काफी मनोरम एवं चर्चित रहा। इस घाट पर क्या हिन्दू, क्या मुस्लिम सब एक समान लग रहे थे। 72 एकड़ भूमि वाले इस पोखर के 49 एकड़ में पानी है। इसके तीन भिन्डा पर बीस हजार जनसंख्या वाले इस गांव के सभी हिन्दू वर्ग के लोग एक साथ छठ पर्व मनाते हैं। लोगों ने घाटों की साफ सफाई एवं लाइट साउंड की व्यवस्था करवाने वाले समाजसेवी शिव नारायण सहनी एवं उनके परिजनों को धन्यवाद दिया।

# सांसद संजय झा ने 32 लाख रुपये की लागत से बनी विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनीगाछी (दरभंगा)।** जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा ने प्रखंड क्षेत्र के गंगौली कनकपुर, कटमा बहुअरबा, बघांत एवं राघोपुर दक्षिणी पंचायत में 32 लाख रूपये की लागत से बने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना मद से बने इन चारों योजनाओं का स्वीकृति उन्होंने विधान पार्षद के रूप में रहते हुए अपने स्वैच्छिक निधि से दिए थे। जिन योजनाओं का उन्होंने उद्घाटन किया है उनमें गंगौली कनकपुर के शुभंकरी पोखर में छठ घाट, कटमा में नाट्य कला मंच, बघांत के भसौर टोल में सामुदायिक भवन एवं राघोपुर दक्षिणी पंचायत के पुरनी पोखर में छठ घाट शामिल हैं। इन सभी योजनाओं में प्रत्येक योजनाओं की लागत आठ आठ लाख रूपये की बताई जाती है। इस अवसर पर उन्हें जगह जगह पाग चादर एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य एवं केन्द्र सरकारों के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से प्रांत का विकास तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार में बिहार की भूमिका की भी चर्चा की।

# धूमधाम से मनाया गया महापर्व छठ, पारण के साथ हुई व्रत की समाप्ति






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर/ हसपुरा/ रफीगंज/ औरंगाबाद।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हो गया। जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इन चार दिनों में छठ को लेकर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं में काफी उत्सवी माहौल देखा गया।

**दाउदनगर संवाददाता के अनुसार** लोक आस्था का महापर्व छठ महापर्व दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों तक में आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। व्रतियों ने शुक्रवार की सुबह छठ घाटों पर उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और पारण करते हुए अपने व्रत की समाप्ति की। इससे पहले गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। दाउदनगर शहर के मौलाबाग स्थित सूर्य मंदिर तालाब, सोन नदी काली घाट, सोन पुल (जमालपुर) घाट के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों के छठ घाटों पर भी व्रतियों द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। व्रती छठ गीत गाते हुए पूजन सामग्रियों को लेकर छठ घाटों तक पहुंचे, जहां स्नान करने के बाद पूजा- अर्चना करते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। छठ गीतों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। एसडीओ मनोज कुमार, एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, बीडीओ मो.जफर इमाम, थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान समेत अन्य पदाधिकारी भ्रमणशील थे। सूर्यमंदिर तालाब पर श्री सूर्य मंदिर न्यास समिति के सचिव डॉ. संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, सदस्य द्वारिका प्रसाद उर्फ गुरु जी, विकास आनंद, ओमप्रकाश, विजय चौबे, सत्येंद्र तिवारी, आर्यन अभिराज, सुशांत, विशाल उर्फ विक्की, रवि, चंदन, संजय तेजस्वी आदि व्यवस्था की देख-रेख में लगे थे। सोन नदी काली घाट पर ईओ ऋषिकेश अवस्थी, बीडीओ मो.जफर इमाम, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश राम, स्टैंडिंग कमिटी सदस्य दिनेश प्रसाद, वार्ड पार्षद जयगोविंद प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार, सियाराम सिंह, जहांगीर कुरैशी, सत्येंद्र कुमार, मो.अनवर फहीम आदि उपस्थित थे। सोन पुल (जमालपुर) घाट पर सीओ शैलेंद्र कुमार यादव, वार्ड पार्षद बसंत कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जहांगीर कुरैशी उपस्थित थे। इस घाट पर व्यवस्था की देखरेख स्थानीय छठ पूजा समिति के सदस्य कर रहे थे।

**हसपुरा संवाददाता के अनुसार** प्रखंड क्षेत्र के इटवां, मलहारा, चनहट, सलेमपुर, गहना, पहरपुरा छठ घाट, छठी आहर, पीरु सहित विभिन्न नदी, आहर एवं तालाबो में सूर्योपासना का चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। हसपुरा पुलिस प्रशासन, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष नरोत्तम, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह सभी छठ घाटों का घूम-घूमकर जायजा लेते रहे और लोगो से शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील करते रहे। सभी छठ घाटों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात दिखे।

प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष भी आस्था और पवित्रता का महापर्व छठ पूजा बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर स्वंयसेवी संस्था 'कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच' के बैनर तले इसके कार्यकर्ताओ द्वारा पूरे बिहार में इस पर्व से जुड़े अनेक शुभ कार्यों में अपना योगदान दिया गया। संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा छठ घाटों की सफाई से लेकर छठ पर्व पर व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। संस्था द्वारा विषेश रूप से औरंगाबाद, गया और सासाराम में जहां शाम में फल वितरण किया गया और वहीं सुबह में छठ घाटों पर अर्घ्य हेतू दुध का वितरण किया गया और घाट पर आए हुए सभी श्रद्धालुओं हेतू चाय का भी प्रबंध किया गया था। हसपुरा के क्षेत्रीय लोग भी इस मंच के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए और अपना योगदान दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋषि कुमार, विजय नारायण, जेके शर्मा, संतोष कुमार, शिव कुमार, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, नीतीश कुमार, रंजय प्रजापत, रामबाबू गुप्ता, रविकांत कुमार, अर्जुन राम इत्यादि सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

**रफीगंज संवाददाता के अनुसार** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों के तालाब, नहर एवं नदियों के घाटो पर छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया। रफीगंज के धावा नदी के काली घाट, महादेव घाट, रानी तालाब के आदित्य घाट, हाजीपुर घाट, हरिश्चंद्र घाट एवं चरकावां उपरडीह सूर्य तालाब, गोरडीहा तालाब, सिघी बुजूर्ग के सूर्य तालाब, कासमा, सरावक, देवकली, ठकुरार के धावा नदी घाट, भेटनिया एवं मंझौली, तेमुडा, इटार, पौथू, बरपा,जाखीम, भदवा के मदार नदी, भारतीपुर एवं पाठक बिगहा के पास पुनपुन नदी, दनई, बहादुरपुर, पोगर, सिहुली के पास नहर मे छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया और भगवान सूर्य की अराधना किया। रफीगंज के काली घाट पर आजाद वीर संघ, महादेव घाट पर संस्कार सेवा समिति, रानी तालाब पर आदित्य छठ पूजा समिति, इंडियन ग्रूप, भाष्कर सेवा समिति सहित कई जगहों पर आयोजको द्वारा आकर्षक ढंग से सजाया गया। शहरी क्षेत्र मे नगर पंचायत एवं अन्य कई संस्थानो द्वारा साफ-सफाई, सजावट-लाइटिंग की गयी। वही सुबह में उगते सूरज को अर्घ्य देकर छठ पर्व का समापन किया गया। पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार व पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र यादव ने प्रत्येक घाट जैसे कालीघाट हरिशचंद्र घाट राजधानी घाट, अब्दुलपुर घाट, तालाब पर घूम-घूम कर निरीक्षण किया। पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि छठ महापर्व आस्था का पर्व है। छठ पर्व भाईचारा और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। जिसमें लाखों महिलाओं पुरुषों ने उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर छठ पर्व समाप्त की। इस मौके पर सोहन प्रसाद, प्रवेश राम, उमेश प्रसाद, मनोज कुमार, रामाशीष दास, रामदास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**औरंगाबाद संवाददाता के अनुसार** सदर प्रखंड के ग्राम खैरा सलेम में सूर्य मंदिर परिसर में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का भगवान सूर्य को शुक्रवार सुबह का अर्घ्य देने के बाद अरुणोदय में छठ व्रत सम्पन्न हुआ। इस दौरान पारंपरिक छठ पूजा का लोक गीत गूंजता रहा। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा आज सम्पन्न हो गया। इस पर्व को लेकर मान्यता है कि भगवान सूर्य यहां साक्षात विद्यमान हैं जो कोई सच्चे मन से छठी मईया की पूजा अराधना करता है, भगवान उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि हमने भी अपने पैतृक गांव में छठ पूजा किया और सुख शांति समृद्धि की कामना की। मौके पर कमिटी के सदस्य सूचित सिंह, कृष्णा सिंह, कुंडल सिंह, अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, नागेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, अभिषेक सिंह, महेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, रोहित कुमार, अविनाश कुमार, कुंदन कुमार, रोहित कुमार, अनूप कुमार, वीरी कुमार, आनंद कुमार, अंकित कुमार, नीरज कुमार, मनोज पासवान, प्रवीण कुमार, सचिन कुमार, रितेश कुमार, धनंजय कुमार, नंदन कुमार के द्वारा मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं व्रतियों की सेवा किया गया।

## मारपीट की घटना में युवक जख्मी, स्थिति गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के अमृत बिगहा में मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक सूर्य प्रकाश कुमार दाउदनगर थाना क्षेत्र के भगवान बिगहा का रहने वाला है। बताया जाता है कि जख्मी युवक के प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय अस्पताल के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बड़े चिकित्सालय में बाहर रेफर कर दिया है। घटना गुरुवार के रात्रि की बताई जाती है। घटना के संबंध में जख्मी युवक के चाचा भगवान बिगहा निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह द्वारा अमृत बिगहा निवासी अर्जुन पासवान के पुत्र नीतीश कुमार, लव कुमार, कुश कुमार, राम आशीष पासवान के पुत्र राम इकबाल, अशोक कुमार, अक्षय कुमार, सुदामा पासवान के पुत्र लाल बाबू सुनील साव के पुत्र शशि कुमार समेत आठ लोग को नामजद आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सूर्य प्रकाश बाजार से रात्रि 8:40 बजे टेंट वाले को बाजार में छोड़कर वापस घर लौट रहा था। तभी अमृत बिगहा बर के पेड़ के पास उसकी गाड़ी को रुकवा कर आरोपितों ने गाली गलौज करते हुए सभी आरोपित मिलकर युवक सूर्य प्रकाश को लोहा के रड से सिर पर वार कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जख्मी युवक का इलाज पटना में निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## एंबुलेंस न मिलने पर परिजनों ने किया हंगामा

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** गुरुवार की रात सदर अस्पताल में हृदय रोग से ग्रसित मरीज को एंबुलेंस न मिलने पर परिजनों ने हंगामा किया और स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी जताई। समय से एंबुलेंस और चिकित्सकों का बेहतर इलाज न मिलने के कारण सदर अस्पताल में ही 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान रफीगंज प्रखंड के गंधारा गांव निवासी रामानंद महतो के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि बिना जांच के ही किशोर को चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। ईसीजी कराने को कहा गया, लेकिन दो घंटे तक एक भी कर्मी द्वारा ईसीजी जांच नही किया गया। इसके बाद चिकित्सकों द्वारा उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद उसे बेहतर इलाज हेतु बाहर ले जाने के लिए समय पर एंबुलेंस भी नही मिला।

## एसडीओ व एसडीपीओ ने छठ मेला का किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के मौलाबाग स्थित सूर्य मंदिर तालाब पर श्री सूर्य मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष सह दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार एवं एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने संयुक्त रूप से न्यास समिति के मेला कार्यालय व छठ मेला का उद्घाटन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा -अर्चना की गई और उसके बाद एसडीओ व एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर छठ मेला का उद्घाटन किया। मौके पर अवर निबंधन कार्यालय के रजिस्टार अमित प्रकाश, न्यास समिति के सचिव डॉ संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, सदस्य द्वारिका प्रसाद, विकास आनंद, सत्येंद्र तिवारी, विजय कुमार चौबे, पूर्व मुख्य पार्षद परमानंद प्रसाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बताया गया कि व्रतियों की सुविधा के लिए श्री सूर्य मंदिर न्यास समिति द्वारा रोशनी व सजावट का प्रबंध करते हुए हर संभव उपाय किए गए।

## डाकबंगला पर चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव का हुआ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के डाकबंगला के मैदान में छठ पूजा के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार दिनों का मेला का आयोजित किया गया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पूर्व जिप पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुबोध सिंह, पंस मन्टू शर्मा, लोजपा नेता राजेश पासवान, डॉ. तूलसी यादव, लड्डू खां, समाजसेवी शंकर शौंडिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। आयोजक सुरेश प्रजापति एवं मन्टू कुमार ने बताया कि पहाडीनुमा पंडाल मे वैष्णव देवी, अमरनाथ गुफा एवं सूर्य प्रतिमा स्थापित की गयी है। 7 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 नवम्बर तक मेला लगेगी। 11 नवम्बर को समापन एवं प्रतिमा विसर्जन होगी। आगत अतिथियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। लोगो ने छठ पूजा के महत्व पर चर्चा किया। मौके पर आजाद वीर संघ के सदस्य अनिल गौतम, जितेंद्र विश्वकर्मा, अमरेन्द्र, मनोज खत्री, रंजीत, रोहन, आलोक चौधरी, प्रणव कुमार, सुनील मिस्त्री, लक्ष्मी विश्वकर्मा, धिरज खत्री, सुरेंद्र मौर्य, अंकू, राकेश शर्मा, दिलीप अग्रवाल, विजय, सुबोध शर्मा, अंशू, विकास, रमेश, गोलू, शुभम, गोलू, अनीश, रोहित, दिलीप, सौरभ, संकेत, धनराज, सुशील सिंह, बबलू विश्वकर्मा, रौशन, सुरज, अशोक प्रसाद, बालगोविंद साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार जीजा की मौत, साला गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार एक जीजा-साला को रौंद दिया जिसमें 40 वर्षीय जीजा की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि साला घायल हो गया। घटना शहर के जसोईया मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खडीहा गांव निवासी तुलसी चौधरी के पुत्र सुजय चौधरी के रूप में हुई है। वहीं घायल शहर के धर्मशाला रोड निवासी शिवपूजन चौधरी है। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि मृतक का शव चिथड़े में तब्दील हो गया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक सुजय चौधरी अपने साले शिवपूजन चौधरी के



सदर अस्पताल में मृतक के परिजन

साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से रोहतास जिले के अमरा-अमरी गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान जैसे ही जसोइया मोड़ के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक दोनों को रौंदते हुए फरार हो गया। घटनास्थल पर ही जीजा सुजय की दर्दनाक मौत हो गई जबकि शिवपूजन चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी और घायल शिवपूजन को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। सूचना पर नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई जिसके आलोक में अस्पताल पहुंचे परिजन शव से लिपटकर चीत्कार कर उठे। परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस ने परिजनों से जरूर पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। पता चला कि मृतक के दो बेटा व एक बेटी है। घटना के बाद तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

## महाआरती में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर।** नबीनगर में शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय सूर्योपासना का छठ महापर्व पारण करने के साथ ही संपन्न हो गया। बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाओ द्वारा पुनपुन नदी में स्नान कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। वहीं सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पुनपुन नदी तट पर लोगो का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मान्यताओं के अनुसार अर्घ्य देने से घरों में शांति रहती है और सुख समृद्ध में वृद्धि होती है। वहीं छठी मईया निःसंतान दंपत्ति को संतान सुख देती है और सूर्य की कृपा बनी रहती है। इस बीच पुनपुन नदी छठ घाट पर सुबह महा आरती का आयोजन किया गया जिसे देखने के लिए हजारों लोग मौजूद रहे। वहीं पुनपुन नदी छठ घाट के समीप पंचदेव स्थल में दर्शनार्थियों की काफी भीड़ देखी गई। छठ घाट सहित मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती, स्वच्छता पदाधिकारी सौम्या, छठ पूजा सेवा समिति के स्वयंसेवक, एस आई नरेन्द्र प्रसाद, एस आई राजू कुमार, एस आई कामिनी कुमारी दल बल के साथ मौजूद रहे। वहीं घाट पर महिला पुलिस कर्मी द्वारा छठ व्रतियों को सहयोग करते देखा गया।

## रात के अंधेरे में गायब हो गई पूर्व मंत्री रामविलास बाबू की प्रतिमा!

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड से बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व समाजवादी नेता रामविलास सिंह यादव की स्थापित प्रतिमा रात के अंधेरे में गायब हो गई जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेश यादव को आरोपित बनाया गया है। बताया गया है कि जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि के मुताबिक संवेदक कुंदन माथुर द्वारा प्रतिमा को अवैध बताते हुए हटाकर, जेसीबी की मदद से नगर थाना में सुरक्षित रखवाया गया है। विदित हो कि जिला परिषद की सर्वसम्मति से बीते 08.01.23 को एक विशेष बैठक के दौरान जिला पार्षद अध्यक्ष प्रमिला देवी की अध्यक्षता में प्रताव पारित किया गया था जिसमें तय किया गया था कि बहुत जल्द पूर्व मंत्री रामबिलास बाबू की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इधर हाल ही में रामबिलास बाबू की प्रतिमा को बस स्टैंड में बने फाउंडेशन पर स्थापित किया गया था जिसे बुधवार की रात जेसीबी की मदद से प्रतिमा को उतार कर नगर थाना में सुरक्षित रखा गया है। इस पर विरोध जताते हुए जिला पार्षद अनिल यादव, सुरेंद्र यादव, सदर प्रखंड के उप प्रमुख ओम प्रकाश उर्फ बादशाह यादव, सुरेंद्र सिंह, राजद वरीय नेता डॉ रमेश यादव, मुखिया बिरेंद्र यादव, मुखिया संजय यादव, मुखिया लंबू यादव, पूर्व मुखिया संजीत यादव, समाजसेवी अजय यादव, संतोष कुमार समेत अन्य ने मूर्ति को उस जगह पुनः स्थापित करने एवं आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबध में नगर थाना में एक आवेदन समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें कहीं से कोई विवाद नहीं है जो मामला पिछले वर्ष जिला परिषद के एक विशेष बैठक में सर्व सम्मति से पारित किया गया था उस पर राजनीतिक नहीं होना चाहिए। शहर में कई महापुरुषों के प्रतिमाएं लगी हुई है जिसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है और ना ही किसी का प्रशासनिक अनुमति है। सारे प्रतिमाएं अवैध रूप से स्थापित किए गए हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन से जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि एक पिछड़ा और सामाजिक न्याय के पुरोधा रामबिलास बाबू की प्रतिमा लगने से कुछ लोगों को बेचैनी बढ़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सर्वमान्य नेता रामबिलास बाबू की प्रतिमा दानी बिगहा बस स्टैंड में नहीं लगेगी तो जिला मुख्यालय में किसी महापुरुष की प्रतिमा नहीं रहेगी। अब आर-पार की लड़ाई होगी। इधर भरथौली ग्राम निवासी स्वर्णजीत सिंह सहित अन्य ने कहा कि दानी बिगहा बस स्टैंड की जमीन हमारे पूर्वज के नाम से हैं जिसे सरकार को दान कर दी गई थी जिस पर हमारे पूर्वज रामबिलास सिंह का भी प्रतिमा स्थापित हो। मामला कोर्ट में चल रहा है। अभी यहां कोई भी प्रतिमा स्थापित करना उचित नहीं है। हालांकि इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे दोनों पक्ष के लोगों द्वारा आपस में बैठक राय विचार पर जोर दिया है। इस दौरान लोगों ने यह भी कहा कि पूर्व मंत्री रामबिलास बाबू के साथ- साथ रामबिलास सिंह की भी प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए। इधर मामले की सूचना पर दल-बल के साथ पहुंचे नगर थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करवाया है और एक दूसरे से मामले में बैठक कर, समाधान निकालने पर जोर दिया।

## छठ पर भव्य भंडारे का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर।** शुक्रवार को छठ महापर्व के अवसर पर शिव मंदिर पूजा समिति मंगल बाजार के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 10 बजे दिन तक चला जिसमें हजारों पुरुष महिलाएं एवं बच्चों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में लोगों ने शुद्ध और सात्विक रूप से बने कचौरी, जलेबी, देसी चना की बनी सब्जी का आनंद लिया। भंडारा कार्यक्रम मे राम बाबू, भोला भगत, दिलीप मालाकार, दीपक कुमार, शशि भगत, रवि कुमार, रिंकू कुमार, मुन्ना जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ आने जाने वाले लोगों को भंडारे का प्रसाद खिलाते देखे गए।

### मारपीट में युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** शहर के कुरैशी मुहल्ला में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में एक युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान उस मोहल्ला निवासी मो बेलाल कुरेशी के पुत्र मो नूरेन बेलाल के रूप में हुई है। घटना के बाद जख्मी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मामले में चार लोगों के खिलाफ नगर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर दिखीं स्वंयसेवी संस्थाएं




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** छठ महापर्व के अवसर पर विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा व्रतियों के बीच फल वितरण किया। नगर परिषद की मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के सौजन्य से फल वितरण किया गया। सोन नदी काली घाट पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश राम ने फल वितरण किया। साथ में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सियाराम सिंह उपस्थित थे। मौलाबाग रोड में भी फल का वितरण किया गया। नप के स्टैंडिंग कमेटि के सदस्य दिनेश प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सियाराम सिंह, शंभु कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। धनकुटा बाजार लखन मोड़ के पास टीम अभिमन्यु के सदस्य के द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। फल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित सनोज यादव, रोहित ए स्टिकर, रवि कुमार, विशल, लव कुमार, रवि बंगाली, मोनू कुमार, आशीष कुमार, अमर कुमार, सिद्धांत यादव, मेंडिस लोकेश कुमार विकास, सोनी, रोहित राज, मुकेश राज, राजेश कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित होकर फल वितरण किया। लक्ष्य कोचिंग सेंटर के पास छठ व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने के लिए दूध और दतवन का व्यवस्था व्यवसायी रंजन कुमार पाल एवं आलोक कुमार के द्वारा किया गया। इसके अलावा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों एवं छठ पूजा समितियों द्वारा व्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया। युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह भोजपुर जिला प्रभारी अजीत यादव के सौजन्य से युवा टीम अजीत द्वारा पटना रोड में व्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया।

# छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्पित किया अर्घ्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** छठ व्रतियों ने गुरुवार की शाम मे अस्ताचलगामी सूर्य यानी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। बता दे कि लोक आस्था का महापर्व छठ हर साल कार्तिक महीने मे शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथी को मनाया जाता है। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत मंगलवार को ही नहाय-खाय के साथ हो गयी थी। बुधवार को खरना का प्रसाद ग्रहण किया गया था। वहीं शुक्रवार की सुबह मे उदित हो रहे हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण होगा। गुरुवार को अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए बक्सर के सभी गंगा घाटों को दुल्हन की तरह सजाया दिया गया था। छठ व्रतियों ने सूप व दउरा में प्रसाद रखकर पानी में प्रवेश करके भगवान दिनकर को अर्घ्य अर्पित किया। गंगा घाटों के अलावे कई लोगों ने अपने घर पर या छत पर ही अस्थायी जलाशयों का निर्माण कर छठ पूजा भक्तिपूर्वक हर्षोल्लास से किया।



भगवान आदित्य की उपासना का महापर्व छठ के पावन मौके पर नगरपरिषद ने छठ घाटों और वहां जाने वाले मार्गों का सौंदर्यीकरण किया था। जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये थे। नगर परिषद ने भव्य द्वार, कट आउट, पेंटिंग्स एवं साइन बोर्ड लगाकर नगर की खूबसूरती मे चार चाँद लगा दिया था। गंगा घाटों पर जाने और आने के लिए अलग-अलग रास्तों को बनाया गया था। मॉडल थाना के पास नगरपरिषद द्वारा बनाया गया द्वार और विभिन्न देवताओं की पेंटिंग्स छठ घाटों पर जाने वाले लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोगों का कहना था कि छठ के अवसर पर सौन्दर्यीकरण का प्रयास नगरपरिषद के द्वारा पहली बार किया गया है, जो सराहनीय है। जिला प्रशासन की टीम भी हर चौक चौराहों के साथ साथ घाटों पर मुस्तैद रही। एनडीआरएफ की टीम भी मुस्तैदी के साथ गंगा नदी में गश्त लगाती देखी गयी। नगर परिषद और रेडक्रास के सहायता केंद्र तत्पर रहे। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल, आरक्षी अधीक्षक शुभम आर्य, अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्र, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार, रेडक्रास के सचिव श्रवण तिवारी, जदयू के संजय सिंह राजनेता एवम जनप्रतिनिधि और समाज सेवी आदि स्टीमर से लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। इस दौरान निजी नौका परिचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित था।

छठ करने के लिए शहरी व्रतियों के साथ साथ ग्रामीण इलाके से भी लोगों की भीड रही। छठी मैया के पारंपरिक लोकगीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। पंडित अनिल दुबे ने बताया कि इस पर्व में भगवान आदित्य की आराधना कर अर्घ्य अर्पित करने से सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। जिसके घर छठ पूजा नही होती है वे प्रसाद मांगकर ग्रहण करते है। छठ बिहार की सांस्कृतिक पहचान है।

## गंगा घाट पर भास्कर महोत्सव में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

**बक्सर।** छठ महापर्व के अवसर पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार पटना एवं जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को सिपाही घाट पर भास्कर महोत्सव का आयोजन किया गया। भास्कर महोत्सव में स्थानीय एवं अन्य राज्यों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। वसुंधरा शर्मा द्वारा कथक नृत्य के माध्यम से सूर्य वंदना, राधा कृष्ण दादरा, पारंपरिक कथक तीन ताल आदि की प्रस्तुति दी गई। अंशिका दीप सिंह के द्वारा छठ गीत, भगवान शिव की आराधना में प्रस्तुति दी गई। पूनम कुमारी एवं सुश्री ज्योति कुमारी द्वारा छठ गीतों पर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान संगीतकार पं0 आनंद किशोर मिश्रा (गायन एवं संवादनी), पं0 माता प्रसाद मिश्र (तबला वादक) रवि प्रजापति (बांसुरी वादक) द्वारा भी प्रस्तुति दी गई।

इस मौके पर डीडीसी महेन्द्र पाल, सदर एसडीएम धीरेन्द्र मिश्रा सहित जिलाप्रशासन के प्रशासन के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गंगा घाटों पर लगाया गया स्वास्थ्य व सहायता शिविर

**बक्सर (बिहार)।** रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए सभी गंगा घाटों पर स्वास्थ्य एवं सहायता शिविर लगाया गया था। इस दौरान रेड क्रॉस के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सेवा भाव से लोगों की सहायता की। इस मौके पर रेड क्रॉस के चेयरमैन सुरेश अग्रवाल, सचिव डॉक्टर श्रवण कुमार तिवारी, वाइस चेयरमैन सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सुरेश संगम, गिरधारी अग्रवाल, राजीव सिंह, मनोज राय, डुडु जी, अवधेश महबूब इत्यादि उपस्थित रहे। रेडक्रॉस के सचिव डॉ श्रवण तिवारी ने बताया कि सोसायटी के द्वारा पर्व- त्योहारों एवम उत्सवों में स्वाथ्य व सहायता शिविर का आयोजन किया जाता रहा है और आगे भी किया जाता रहेगा। सोसायटी के द्वारा यथा संभव लोगों की सहायता की गयी। रेडक्रॉस के सभी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता सेवा भाव एवम निष्ठा से गंगा तटों पर मुस्तैद रहे।

# नोटबंदी की बरसी पर तेजस्वी ने कसा तंज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आठ साल पहले हुए नोटबंदी को याद करते हुए तंज कसा कि आज एक खास दिन है। उन्होंने कहा कि यह वह दिन है, जिसने देश के 140 करोड़ लोगों को सड़क पर लाइन लगने के लिए मजबूर कर दिया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि नोटबंदी के कारण कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। उन्होंने नोटबंदी को हादसा बताते हुए कहा कि आज इसकी बरसी मनाई जा रही है। बेलागंज में चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे तेजस्वी यादव ने कहा कि नोटबंदी को जब लागू किया गया तो प्रधानमंत्री ने कहा था कि इससे काला धन वापस आएगा। लेकिन कितना काला धन आया, यह सभी को पता है। वहीं काला धन से भाजपा ने हर जिले में अपना फाइव स्टार कार्यालय जरुर बना लिया। उन्होंने कहा कि उस समय के भाजपा के लोगों ने कहा था इससे भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। लेकिन भ्रष्टाचार खत्म हुआ क्या? आज भ्रष्टाचार चरम पर है। इसलिए भाजपा के लोगों को माफी मांगनी चाहिए। तेजस्वी यादव ने बिहार में चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में राजद की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी हमलोग अपनी सरकार बनाएंगे। धारा 370 को लेकर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान को बकवास करार देते हुए तजेस्वी ने कहा कि वह बोलने के सिवा कुछ नहीं कर सकते हैं। बिहार को टेक्सटाइल पार्क दिलाने को कहा था। पहले बिहार को टेक्सटाइल पार्क दिलाएं, फिर बात करें। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिहार दौरे के लेकर उन्होंने कहा वह सिर्फ यहां जायजा लेने के लिए आए थे। साथ ही यह भी देखने भी आए थे कि नीतीश जी के साथ सब कुछ ठीक है या नहीं। उधर, महाराष्ट्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि छोड़िए नफरत फैलाने लोगों का काम है। लेकिन इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। बिहार ही नहीं भारत की जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या का रिजल्ट क्या हुआ? उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का आशीर्वाद किसे मिला इंडिया गठबंधन को मिला। वहीं, महापर्व छठ को लेकर तेजस्वी ने कहा कि आस्था का पर्व पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# कांटी में मनाया गया एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कांटी।** कंटी स्थित एनटीपीसी स्टेशन में एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस पूरे धूम धाम से मनाया गया। आज ही के दिन सन 1975 में सिंगरौली में एनटीपीसी के पहले परियोजना की नींव रखी गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत नए प्रशासनिक भवन में झंडातोलन करके किया गया। तत्पश्चात कर्मचारियों ने केक काट कर आपस में खुशियां साझा की।



लोगो को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि यह स्वर्ण जयंती देश को उर्जा प्रदान करने में एनटीपीसी की पाँच दशकों की उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक है। हम आज विश्व के प्रमुख ऊर्जा केंद्रों में से एक है और देश के विकास में हमारा एक अहम योगदान है। आज एनटीपीसी के उत्पादन क्षमता 76000 मेगावॉट से भी ज्यादा है और ये हमारे उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस मौके पर एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने एनटीपीसी के सारे स्टेशंस पे मौजूद समूचे कर्मचारीगण को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मधु एस, परियोजना प्रमुख, तापस साहा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवम प्रचालन) महेश कुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एवं अन्य वरिष्ठ कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस स्वर्णिम अवसर पर कंाटी की टीम ने एकजुटता, गर्व और भविष्य की नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ इस दिन का जश्न मनाया।

# ब्रहमांड के सबसे प्रखर तेज का आमंत्रण महापर्व छठ के रुप में

पंकज कुमार



महापर्व छठ पर यूं तो कई कथा और किवदंतियां है पर इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को हमारे मनीषियों ने विभिन्न प्रयोगों की कसौटियों के आधार पर हजारों वर्ष पूर्व ही बता दिया था कि ब्रहमांड के सबसे प्रखर तत्व के ऊर्जा के प्रयोग से ही प्रकृति में संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

अक्षय उर्जा के सर्वोत्तम स्रोत सूर्य अपनी साम्यवाद का अप्रतिम उदाहरण है, आज संपूर्ण विश्व इसके शोध संवर्धन और इसके प्रयोग के साथ पर्यावरण की स्वीकार्यता पर विशेष रुप अपनी कार्ययोजना बना जा रहा है और वैश्विक स्तर पर इसके प्रयोग से धरती के वातावरण को संतुलत करने का प्रयास जारी है ताकि जल ,जीवन और जंगल को बचाया जा सके। संपूर्ण विश्व जिस संकल्पना की ओर बढ़ रहा है, वह हमारे संस्कृति में महापर्व छठ के रुप में पहले से ही रची बसी है और ई. पूर्व से ही संदेश दे रही है कि अक्षय ऊर्जा के सर्वाधिक प्रयोग में ही विश्व का कल्याण निहित है। सूर्य की आराधना महापर्व छठ की रुप में जो बिहार से निकलती है और विश्व को अस्ताचलगामी सूर्य के अर्ध्य देने के माध्यम से दो सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए , इसके समाजिक और वैज्ञानिक पहलू पर संदेश देती हैः

'उदेति सविता ताम्रः ताम्र स्वास्तमेति' अर्थात जिसप्रकार उगते हुए सूर्य और डूबते हुए सूर्य का रंग ताम्र का होता है और दोनो ही पहर के सूर्य का प्रकाश हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, उसी प्रकार हम केवल उदयमान या सामर्थ्यवान को ही प्रणाम नहीं करते, हम उनको भी प्रणाम करते है जो हमारे लिए जले हैं, भले ही वे आज वह अंधकार की गोद में समा गए हैं। औरंगाबाद जिले में स्थित सूर्य भगवान को समर्पित देव मंदिर, भारत के कुछ गिने चुने मंदिरों में एक है जो पूर्वाभिमुख न होकर पश्चिमाभिमुख है। मंदिर के द्वार पर पाली भाषा में लिखित शिलालेख से जानकारी प्राप्त होती है कि इसकी शिल्प कला में नागर, द्रविड़ और वेसर शैली का मिश्रित प्रभाव है, जिससे स्पष्ट होता है कि इसका निर्माण काल छठी-आठवीं सदी के बीच का है जो मंदिर के साथ महापर्व छठ के प्रचीनतम होने की ओर इसारा करते है। मंदिर के प्रांगण में सात रथों से सूर्य की उत्कीर्ण प्रस्तर मूर्तियां अपने तीनों रूपों उदयाचल, मध्याचल तथा अस्ताचल के रूप में विद्यमान हैं। इसके साथ ही वहाँ अद्‌भुत शिल्प कला वाली दर्जनों प्रतिमाएं हैं।

चार दिन की कठिन साधना का महापर्व छठ में पृथ्वी के सबसे नाजुक चीज केले के पत्ते या लचकते हुए बांस की बनी सूप से अर्ध्य से ब्रहमांड के सबसे प्रखर तत्व को आमंत्रित किया जाता है, न कोई विधि, न कोई विधान, अपने घर का बना प्रसाद, न किसी पुरोहित की जरुरत, सूर्य आपका , कुंड,नदी तट आपका,आमंत्रण आपका, समर्पण आपका, अमीर हो या गरीब, शुचिता इसमें सबसे महत्वपूर्ण। प्रकृति के प्रति आस्था, समर्पण और अक्षय ऊर्जा के सर्वोत्तम प्रयोग से ही विश्व का विकास संभव है और लोक आस्था का महापर्व छठ इसका अप्रतिम उदाहरण है ।

**पंकज कुमार**
**वरिष्ठ प्रबंधक, पी. वी . यू. एन. एल. पतरातु।**

# मिथिला विभूति पर्व में तीन दिनों तक बहेगी साहित्य, संगीत व कला की त्रिवेणी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** मिथिला के महान विभूतियों को यथोचित सम्मान प्रदान करते हुए आने वाली पीढ़ी को उनके कृतित्व से रूबरू कराने के उद्देश्य से प्रति वर्ष साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महाकुंभ के रूप में मिथिला विभूति पर्व समारोह का आयोजन मिथिला-मैथिली के उत्कर्ष का जीवंत प्रतीक है। यह बात विद्यापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रो शशिनाथ झा ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि 52वें समारोह के दौरान मिथिला की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करने के साथ ही मिथिला की गौरवशाली धरोहर से नई पीढ़ी को रूबरू कराने पर विशेष जोर रहेगा। महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने बताया कि इस बार तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति एमएलएसएम कॉलेज परिसर में किया जायेगा। जबकि इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्घाटन करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति डॉ रामवरण यादव, पूर्व उप राष्ट्रपति परमानन्द झा, सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए बिहार सरकार के काबीना मंत्री विजय कुमार चौधरी, डॉ अशोक कुमार चौधरी, मदन सहनी, हरि सहनी, नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्र, डॉ. राम प्रीत पासवान, ललित कुमार यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मश्री डॉ. सीपी ठाकुर एवं अश्विनी चौबे, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, लोकसभा सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, डॉ. अशोक कुमार यादव, राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा, डा धर्मशीला गुप्ता, विवेक ठाकुर व फैयाज अहमद, नगर विधायक संजय सरावगी आदि ने अपनी सहमति प्रदान किया है। 13, 14 एवं 15 नवम्बर को होने वाले तीन दिवसीय मिथिला विभूति पर्व के 52वें वार्षिक समारोह की विधिवत शुरुआत 13 नवम्बर को प्रातः बेला में होगी।

## एक नजर

### धनसोई में पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनसोई थाना क्षेत्र के महदेवा गांव में शुक्रवार को पुरानी रंजिश में एक युवक को गोली मार दी गई। गोली सीधे युवक के पेट में जा लगी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान महदेवा गांव निवासी जितेंद्र सिंह के पुत्र राहुल उर्फ राजा के रुप में हुई। जिसका ईलाज हेतु परिजनों द्वारा आनन फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा बेहतर ईलाज हेतु वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।सूचना मिलतें ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन करने में जुट गई। वही परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि छह माह पूर्व जख्मी युवक का गांव के ही मुकेश सिंह व कुछ अन्य लोगों के साथ गांव में शराब के कारोबार करने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद से ही उनके बीच विवाद चल रहा था। और जख्मी युवक भी अपनी बहन के पास दिल्ली चला गया था, वही छठ पर्व को लेकर दो दिन पूर्व से गांव आया था। तथा अपने दरवाजे पर बैठा हुआ था तभी गांव के मुकेश सिंह अपने अन्य साथियों के साथ आ धमका और पुराने विवाद की बात करने लगा इसी में मामले ने तूल पकड़ लिया। देखते ही देखते एक पक्ष के एक युवक ने तमंचे से गोली चला दी। गोली सीधे युवक के पेट में जा लगी। जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वही थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई हैं, बहुत ही जल्द सभी आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

### पुलिस ने नवीं के छात्र का शव किया बरामद

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भागलपुर जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र से फिरौती के लिए अपह्रत नौ वीं कक्षा के छात्र का शव को पुलिस ने आज बरामद किया। भागलपुर के पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) चन्द्र भूषण कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि मृत छात्र की पहचान आलम उर्फ आलीम के रुप में हुई है और विगत पांच नवंबर को कुछ अपराधियों ने आलीम का अपहरण कर लिया था और फिर उसके भाई को फोन कर पांच लाख रुपए फिरौती की मांग की थी। रकम नहीं देने पर उसकी हत्या की धमकी भी दी थी। उन्होंने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी और इससे मिली जानकारी के बाबत अपहरण एवं हत्या शामिल कुछ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शुक्रवार को बगल के तिलकपुर गांव के बहियार से मृत छात्र आलीम का शव बरामद किया। श्री कुमार ने बताया कि मृतक के भाई से शव का शिनाख्त कराने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। जबकि इस मामले का मास्टर माइंड की गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने किया छठ व्रतियों के बीच सामग्री का वितरण

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की ओर से छठ पूजा के अवसर पर दीघा घाट एवं कंगन घाट, पटना पर छठ व्रतियों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में छठ व्रतियों को अगरबत्ती, कपूर, पान और पानी का बोतल उपलब्ध कराया गया। साथ ही छठ घाट में छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गई। बैंक के अधिकारी ने कहा कि इस छठ पूजा आप की भक्ति लाए आप की समृद्धि। उन्होंने देशवासियों को छठ की शुभकामना देते हुए उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। इस अवसर पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के वरीय अधिकारी सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### आईटीसी सनराइज मसालों ने बिहार के श्रद्धालुओं के लिए लॉन्च किया छठ कंपेनियन बॉट

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रमुख मसाला ब्रांड्स में से एक आईटीसी सनराइज मसाले ने बिहार में श्रद्धालुओं के छठ पूजा अनुभव को बढ़ाने के लिए एक नई पहल की है। ब्रांड ने विशेष रूप से छठ पूजा की तैयारी के लिए एक व्हाट्सएप कंपेनियन बॉट पेश किया है, जो त्योहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेगा, जैसे - दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त के समय की जानकारी दी जाएगी, जिसके लिए भारतीय मौसम विभाग का सहयोग लिया जाएगा, इसके अलावा पूजा विधि, गानों की सिफारिश, रेसिपी, त्योहार का सांस्कृतिक महत्व आदि की जानकारी दी जाएगी। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालु त्योहार से संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से विवरण प्राप्त करते हैं। हालांकि, ऑनलाइन कई लेख और जानकारियां उपलब्ध हैं, फिर भी कभी-कभी सही जानकारी तक पहुंचना भक्तों के लिए मुश्किल हो जाता है। उनकी आशंकाओं को दूर करने और एक सहज त्यौहार अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, सनराइज ने इस बॉट को डिजाइन किया है, जो व्हाट्सएप पर श्रद्धालुओं को तुरंत आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा, जिससे यह आसानी से सुलभ हो सके। यह पहल सनराइज के उपभोक्ता केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो उपभोक्ताओं को जरूर पसंद आएगी।

# अब 30 नवंबर तक चलेगी पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल ट्रेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिवाली और छठ में बिहार आये लोगों के अब दूसरे राज्यों के लिए लौटने का शुरू होते देख रेलवे ने बड़े स्तर पर कदम उठाए हैं। दिल्ली और पटना के बीच वंदे भारत को भी स्पेशल ट्रेन के तौर पर चलाया जा रहा है। इससे यात्रियों को थोड़ी सहूलियत हो रही है। पहले 20 नवंबर तक चलने वाली दिल्ली से पटना वंदे भारत स्पेशल ट्रेन अब 30 नवंबर तक चलेगी। जो यात्री बिहार से वापस दिल्ली लौटना चाहते हैं वे इस महीने के आखिरी तारीख तक वंदे भारत से लौट सकेंगे।

पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पटना के लिए वंदे भारत स्पेशल ट्रेन 20 नवंबर तक चलने का ऐलान किया गया था। पटना से यह 21 नवंबर तक लौट रही थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा गया है और नई दिल्ली से 22, 24, 27 और 29 नवंबर को पटना के लिए रवाना होगी। वहीं, वापसी में पटना के लिए यह ट्रेन 23, 25, 28 और 30 नवंबर को दिल्ली के लिए चलेगी। नई दिल्ली-पटना वंदे भारत स्पेशल ट्रेन सुबह 8.25 मिनट पर दिल्ली से रवाना होती है और फिर साढ़े आठ बजे पटना पहुंच जाती है। इसके बाद अगले दिन यह ट्रेन पटना से सुबह साढ़े सात पर चलती है और शाम को सात बजे वापस नई दिल्ली पहुंच जाती है। यानी कि कम समय में ही यात्री दिल्ली से पटना या फिर पटना से दिल्ली की आरामदायक यात्रा कर सकते हैं। ट्रेन रास्ते में कई जगह रुकती है। इसके स्टॉपेज कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, डीडीयूजंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन पर हैं, जो यात्री दिल्ली और पटना से इन शहरों की भी यात्रा करना चाहते हैं, उनके लिए भी वंदे भारत की इस स्पेशल ट्रेन से सफर करना आसान हो जाएगा।

# आईटीसी आशीर्वाद आटा ने मधुबनी कलाकार के साथ की साझेदारी की घोषणा

**पटना।** मशहूर आटा ब्रांड और भारतीय घरों का भरोसेमंद नाम आईटीसी आशीर्वाद ने छठ पूजा का पर्व धूमधाम से मनाने के लिए प्रसिद्ध मधुबनी कलाकार पद्मश्री दुलारी देवी के साथ एक खास साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत दुलारी देवी के नेतृत्व में एक खास मधुबनी आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य उभरते मधुबनी कलाकारों और उत्साही लोगों को सीधे दिग्गज कलाकार के साथ सीखने का अवसर प्रदान करना था। आईटीसी की कोशिश है कि इस प्रयास से पारंपरिक कला और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित किया जाए। इस पहल के साथ ही आशीर्वाद ने लिमिटेड एडिशन आटा पैक भी लॉन्च किए हैं। जिनमें दुलारी देवी द्वारा तैयार की गई एक खूबसूरत मधुबनी पेंटिंग को दर्शाया गया है। पेंटिंग में छठ पूजा के अनुष्ठानों और परंपराओं को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया है।

# दरभंगा एम्स के शिलान्यास में होगी कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** एम्स शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफलता को लेकर गौरबौराम विधानसभा के एनडीए कार्यकर्ताओं की बिरोल प्रखंड के पर्री गांव स्थित सती स्थान में भाजपा संयोजक मणिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें इस विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत के हर बूथ से सौ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि एम्स का निर्माण मिथिला क्षेत्र के विकास के नव निर्माण का नींव रखेगा। बिहार के दूसरा एम्स दरभंगा में देने के लिए साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासी पीएम श्री नरेन्द्र मोदी का सदैव आभारी रहेंगे। 13 नवंबर को पीएम मोदी के द्वारा एम्स शिलान्यास कार्यक्रम की सफ़लता देश स्तर पर गूंजेगी।सांसद डा ठाकुर ने इस शिलान्यास कार्यक्रम को सफ़ल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मिथिला के लिए इससे बड़ा सौभाग्य क्या होगा जब देश के पीएम यहां के नव निर्माण की नींव रखने के लिए आ रहे।

बैठक में चर्चित समाजसेवी सह भाजपा नेता डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू, विधानसभा प्रभारी विनय पासवान, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, भाजपा नेता सुजीत कुमार सिंह, जदयू के बिरोल के प्रखंड अध्यक्ष कामरान खां, सुरेश गुप्ता, लोजपा के प्रभाकर ठाकुर, संजय पासवान, प्रदीप गुप्ता, गौरीशंकर पासवान, मनोज सहनी, भगवान ठाकुर, ब्रजनंदन सहनी, राजकुमार राय आदि मौजूद थे।

# लनामिवि की पुरुष कबड्डी टीम ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर उत्तर प्रदेश द्वारा 6 नवंबर से 9 नवंबर तक पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी (पु0) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की पुरुष कबड्डी की टीम ने भाग लेते हुए पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय कबड्डी (पु0) प्रतियोगिता में क्वालीफाइंग राउंड में एडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल को 47-18 से पराजित करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। इस शानदार जीत से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। विश्वविद्यालय खेल पदाधिकारी प्रोफ़ेसर अजय नाथ झा ने सहर्ष बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल चार पुल बनाए गए थे जिसमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की टीम पुल- सी में खेल रही थी। हमारी टीम ने अपने पुल के अन्य विश्वविद्यालयों की टीमों पर दबदबा बनाते हुए अपने शानदार प्रदर्शन के द्वारा अपने पुल के विभिन्न विश्वविद्यालयों- कल्याणी विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल, एस0 के0 एम0 विश्वविद्यालय, बस्तर, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया रॉबिंसन विश्वविद्यालय, ओडिशा, गुरु घासी दास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, मैथ्स विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, चित्रकूट, ओ0पी0 जिंदल विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, एडमास विश्वविद्यालय,पश्चिम बंगाल की टीमों को पराजित करते हुए 20 नवंबर से 23 नवंबर तक जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला यूनिवर्सिटी, झुंझुनुन, राजस्थान में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। प्रो झा ने बताया कि कल हमारी कबड्डी टीम अन्य पुल के विजेता टीमों के साथ लीग मैच खेलेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि मैंने एक माह पूर्व अपने कबड्डी खिलाड़ियों के शक्ति और साहस का प्रदर्शन चांसलर टॉफी, राजभवन, बिहार में देखा था, जहां ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की कबड्डी (पु0) की टीम अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रही। मुझे खुशी है कि हमारी टीम ने अपने कठिन परिश्रम और संकल्प शक्ति से कबड्डी खेल में प्रोन्नति की है और सबसे अहम बात कि हमारी टीम खेल भावना से ओत- प्रोत है। मैं सभी विजेता खिलाड़ियों प्रशिक्षक, सहायक प्रशिक्षक और टोली प्रबंधक को उनके शानदार जीत और अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने हेतु बधाईयाँ और आने वाली प्रतियोगिता रूपी चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## सार समाचार

### पूर्व पाक क्रिकेटर सिकंदर बख्त का तीखा बयान

## यह 2 प्लेयर तो बोझ है

**लाहौर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान के प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व पाक तेज गेंदबाज सिकंदर बख्त ने वरिष्ठ और युवा दोनों खिलाड़ियों के फॉर्म की आलोचना की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में बख्त ने युवा बल्लेबाजों अब्दुल्ला शफीक और सैम अयूब को टीम पर 'बोझ' बताया, जिससे पाकिस्तान की टीम के चयन और रणनीति पर बहस छिड़ गई। पाकिस्तान टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया में सफेद गेंद की सीरीज खेलने के लिए पहुंची हुई है। पहले ही वनडे में दोनों टीमों के तेज गेंदबाजों में मजेदार जंग हुई थी जिसमें आखिरकार ऑस्ट्रेलिया



जीतने में सफल रहा था। बख्त, जिन्होंने 1976 और 1989 के बीच पाकिस्तान के लिए 26 टेस्ट मैच और 27 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, ने कहा कि वरिष्ठ होने के बावजूद बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान लगातार चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आगे नहीं बढ़े हैं, जिससे उनके नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। बख्त ने कहा कि बाबर और रिजवान टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, फिर भी वे कठिन समय में टीम का नेतृत्व नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका मानना ??है कि वनडे में पाकिस्तान के एकमात्र सच्चे मैच विजेता फखर जमान को गलत तरीके से बाहर कर दिया गया। बख्त ने नसीम शाह की लचीलेपन की प्रशंसा की। युवा तेज गेंदबाज ने पहले वनडे में तब शानदार गेंदबाजी की थी जब पाकिस्तान की टीम पहले खेलते हुए 203 रन ही बना पाई थी। नसीम की किफायती गेंदबाजी के कारण एक समय ऑस्ट्रेलिया पर हार का खतरा मंडराने लगा था। लेकिन अंत में पैट कमिंस ने साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिला दी। मैच के दौरान पाक टीम के संघर्ष और रिजवान के कप्तानी कौशल को सराहा गया था। लेकिन जीत न मिलने के चलते रिजवान भी निंदा का शिकार हुए थे। मैच में मोहम्मद रिज़वान 71 गेंदों में 44 रन बनाकर पाकिस्तान के शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि नसीम ने 39 गेंदों में 40 रन जोड़कर पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धी स्कोर के करीब ला खड़ा किया था।

### भारत-आस्ट्रेलिया ए

## स्पिनर को तोहफे में विकेट दे गए के एल राहुल, गाबा टेस्ट से पत्ता कटना तय



**मेलबर्न (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में ओपनिंग के लिए दावेदारी पेश करने उतरी केएल राहुल की किस्मत उनका साथ देता दिखाई नहीं दे रही है। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान राहुल जहां पहली पारी में 4 ही रन बना पाए थे तो वहीं, दूसरी पारी में भी उन्होंने अपने क्रिकेट फैंस को निराश कर दिया है। तेज और उछाल लेती पिच पर राहुल फिर से संघर्ष करते नजर आए और मात्र 10 रन बनाकर बोल्ड हो गए। भारत ए टीम अब मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी में 5 विकेट पर 73 रन बनाकर खेल रही है। राहुल का इस प्रदर्शन के साथ गाबा में होने वाले पहले टेस्ट से पत्ता कटना तय माना जा रहा है।

भारतीय टीम में सलामी बल्लेबाज के एक अन्य दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन भी मूव करती गेंदों पर संघर्ष करते नजर आए जबकि अन्य बल्लेबाजों का भी यही हाल रहा। भारत ए की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है जबकि उसे केवल 11 रन की बढ़त हासिल है। ऑस्ट्रेलिया ए ने भारतीय टीम को पहली पारी में 161 रन पर आउट करने के बाद अपनी पहली पारी में 223 रन बनाए और इस तरह से उसने 62 रन की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन दूसरी पारी में भी जारी रहा जिससे आस्ट्रेलिया की टीम दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के करीब पहुंच गई है। उसने पहला मैच सात विकेट से जीता था। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे मैच में राहुल अजीब तरीके से आउट हुए। उन्होंने हल्की उछाल लेती गेंद को खेलने का प्रयास ही नहीं किया जो उनके पैड से लगकर विकेटों में समा गई। राहुल 44 गेंद की अपनी पारी के दौरान रन बनाने के लिए जूझते रहे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए बैकअप सलामी बल्लेबाज के रूप में भारतीय टीम में चुने गए अभिमन्यु दूसरी पारी में भी नाकाम रहे। अभिमन्यु पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 31 गेंद पर 17 रन बनाए। शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाजों के भी नहीं चल पाने के कारण भारत ए का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (नाबाद 19) और नितीश कुमार रेड्डी (नाबाद 09) ने इसके बाद टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया। इससे पहले प्रसिद्ध कृष्णा के चार विकेट और मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को 62.1 ओवर में 223 रन पर आउट कर दिया।

### डब्ल्यूपीएल 2025

# सभी टीमों की रिटेंशन लिस्ट आई बाहर, यह प्लेयर हुई बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना, एलिस पैरी, शेफाली वर्मा, मेग लेनिंग और हरमनप्रीत कौर कुछ बड़े नाम है जिन्हें उनकी फ्रेंचाइजी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल ) क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र के लिए रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को 14 खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की जिसमें 6 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। कप्तान स्मृति, स्टार बल्लेबाज पैरी और विकेटकीपर रिचा घोष को डब्ल्यूपीएल चैंपियन टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है।

दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी जैसी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखा है। विदेशी खिलाड़ियों में लेनिंग, दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी और एनाबेल सदरलैंड को टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। डब्ल्यूपीएल 2025 से पहले मुंबई इंडियन्स ने 14 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है। मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत, नैट स्किवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, सजना सजीवन, सेइका इशाक जैसी खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

### रिटेन खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

#### दिल्ली कैपिटल्स

भारतीय खिलाड़ी-जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे, तानिया भाटिया, मीनू मणि, स्नेहा दीप्ति, टिटास साधु रिटेन की गई

विदेशी खिलाड़ी - मेग लेनिंग, मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड



#### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू

भारतीय खिलाड़ी – स्मृति मंधाना, रिचा घोष, सब्बिनेनी मेघना, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, रेणुका सिंह, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा रिटेन की गईं

विदेशी खिलाड़ी – केट क्रॉस, डेनियल वॉट हॉज, एलिस पेरी, जॉर्जिया वेयरहैम, सोफी डिवाइन, सोफी मोलिन्यु

#### मुंबई इंडियंस

भारतीय खिलाड़ी –हरमनप्रीत कौर, शबनिम इस्माइल, यस्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, सजना सजीवन, सेइका इशाक, अमनजोत कौर, जिंतिमनी कलीता, कीर्तना बालाकृष्णन और अमनदीप कौर।

विदेशी खिलाड़ी – नेट स्काइवर–ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, शब्निम इस्माइल, क्लो ट्रायोन।

#### गुजरात जायंट्स (जीजी)

रिटेन खिलाड़ी –एशले गार्डनर*, बेथ मूनी*, भारती फुलमाली, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, काशवी गौतम, लौरा वोल्वार्डट*, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, फोएबे लिचफील्ड*, प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे, शबनम शकील और तनुजा कंवर।

रिलीज खिलाड़ी – कैथरीन ब्राइस*, लॉरेन चीटल*, ली ताहुहू*, स्नेह राणा, तरन्नुम पठान, त्रिशा पूजिथा और वेदा कृष्णमूर्ति।

#### यूपी वारियर्स (यूपीडब्ल्यू)

रिटेन खिलाड़ी – एलिसा हीली*, अंजलि सरवानी, चमारी अथापथु*, दीप्ति शर्मा, गौहर सुल्ताना, ग्रेस हैरिस*, किरण नवगिरे, पूनम खेमनार, राजेश्वरी गायकवाड़, साइमा ठाकोर, श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन*, ताहलिया मैकग्राथ*, उमा छेत्री, और वृंदा दिनेश.

रिलीज खिलाड़ी – लक्ष्मी यादव, पार्श्ववी चोपड़ा, एस. यशश्री, और लॉरेन बेल*। पिछले सीज़न में यूपी वारियर्स तीन जीत और पांच हार के साथ चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ़ से चूक गया था।

# रुतुराज गायकवाड़ की वकालत में बैठ गए सूर्यकुमार यादव

- **बोले- उनका समय जल्द आएगा...**

**डरबन (एजेंसी)।** डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 से पहले भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त किया, जो श्रृंखला टीम से गायब हैं, और कहा कि उनका समय जल्द ही आएगा। भारत की युवा टीम दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है। शुक्रवार को डरबन में 4 टी20 मैचों की सीरीज का पहला मैच होना है। यादव की यह टिप्पणी भारत की घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड से 0-3 से टेस्ट सीरीज हार, 12 साल में घरेलू सरजमीं पर किसी टेस्ट सीरीज में पहली हार और तीन मैचों या उससे अधिक मैचों की टेस्ट सीरीज में पहली बार व्हाइटवॉश के बाद आई है।



रुतुराज वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की दो मैचों की श्रृंखला में खेल रहे हैं, जहां उन्होंने बल्लेबाज के रूप में कोई प्रभाव नहीं डाला है। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए मेरा मानना ??है कि उनका समय जल्द आएगा। रुतुराज एक शानदार खिलाड़ी हैं। वह सभी प्रारूपों में शानदार और निरंतर रहे हैं... ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो उनसे पहले भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए मुझे लगता है कि प्रबंधन के पास एक दिनचर्या या प्रक्रिया है। रुतुराज ने अब तक 23 मैचों की 20 पारियों में 39.56 की औसत और 143.53 की स्ट्राइक रेट के साथ 633 रन बनाए हैं। वह एक शतक और चार अर्द्धशतक बना चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 123* है। उनकी बेहतरीन पारियों के बावजूद उन्हें बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया है।

बहरहाल, भारत चार टी20 मैचों की सीरीज खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंचा है। दूसरा टी20 मैच 10 नवंबर को गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में होगा, इसके बाद तीसरा 13 नवंबर को सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में होगा। सीरीज का समापन 15 नवंबर को वांडरर्स स्टेडियम में चौथे टी20 मैच के साथ होगा।

#### भारत की टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक, अवेश खान, यश दयाल।

### चैंपियंस ट्रॉफी

# झुका पीसीबी, 'हाइब्रिड मॉडल' अपनाने को तैयार, यूएई में खेलेगा भारत

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपने पिछले रुख से पीछे हटते हुए अपनी मेजबानी में होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम में बदलाव करने को तैयार है और भारत के मुकाबले यूएई में हो सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसका मतलब यह है कि टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल% में आयोजित किया जा सकता है क्योंकि मौजूदा सामाजिक-राजनीतिक माहौल और राष्ट्रीय टीम के लिए सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए भारत सरकार के अपनी टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति देने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान ने पिछली बार जब 2023 में एशिया कप की मेजबानी की थी तो इसका आयोजन भी 'हाइब्रिड मॉडल' में किया गया था जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा पार यात्रा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।



पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र का कहना है कि पीसीबी को लगता है कि भले ही भारत सरकार पाकिस्तान दौरे को मंजूरी ना दे लेकिन कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया जा सकता है क्योंकि पूरी संभावना है कि भारत अपने मैच दुबई या शारजाह में खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपनी ओर से किसी भी बोर्ड को अपनी सरकारी नीति के खिलाफ जाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस मामले में अंतिम फैसला कब लेता है। जब अंतिम फैसला होने की संभावना है तब आईसीसी की अध्यक्षता भारत के जय शाह करेंगे। इस बीच पीसीबी आईसीसी पर अगले सप्ताह तक टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए दबाव डाल रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था के कुछ शीर्ष अधिकारी अगले सप्ताह फिर से लाहौर का दौरा करने वाले हैं।

सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी के साथ उस संभावित कार्यक्रम पर चर्चा की है जो उन्होंने कुछ महीने पहले भेजा था और वह चाहता है कि 11 नवंबर को उसी कार्यक्रम की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने आईसीसी से कहा है कि संशोधित बजट के साथ एक वैकल्पिक योजना पहले से ही मौजूद है इसलिए संभावित कार्यक्रम जारी करने में देरी करने का कोई मतलब नहीं है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से यह भी कहा है कि वह बीसीसीआई पर यह पुष्टि करने के लिए दबाव डाले कि क्या वे अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेंगे। सूत्र ने कहा कि पीसीबी चाहता है कि बीसीसीआई लिखित में दे कि उन्हें अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मिली है या नहीं।

पीसीबी द्वारा प्रस्तावित अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार अगले साल एक मार्च को लाहौर में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी 2025 को शुरू होगा जिसका पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। फाइनल नौ मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होगा। अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार सुरक्षा और साजों-सामान से जुड़े कारणों से भारत के सभी मैच लाहौर में ही रखे गए हैं। सूत्रों के अनुसार पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों के नवीनीकरण पर लगभग 13 अरब रुपये खर्च कर रहा है जहां चैंपियन्स ट्रॉफी के मैच होने हैं।

# चेन्नई ग्रांडमास्टर्स शतरंज -राउंड 3

### अर्जुन नें सराना को हराया, विश्व नंबर 2 रैंकिंग पर पहुंचे



**चेन्नई (एजेंसी)।** फीडे सर्किट 2024 का हिस्सा चेन्नई ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में आज का दिन तीन परिणाम लेकर आया और आज सिर्फ एक मुक़ाबला बेनतीजा रहा। भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी का शानदार खेल आज भी जारी रहा और उन्होने आज सर्बिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्सी सराना को पराजित करते हुए ना सिर्फ अपने खेल जीवन की सर्वोच्च लाइव रेटिंग 2805.8 हासिल की बल्कि वह पहली बार दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी बन गए है। अब अर्जुन से आगे 2831 अंको के साथ सिर्फ पाँच बार के विश्व चैम्पियन और एक दशक से ज्यादा समय से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैगनस कार्लसन है। अर्जुन नें काले मोहरो से खेलते हुए सराना के खिलाफ आज निमजों इंडियन ओपनिंग मे एक बेहतरीन आक्रामक खेल खेला साथ ही कई मौको पर उन्होने बहुत खतरा भी उठाया पर सराना मिले मौको का फायदा नहीं उठा सके और अर्जुन नें 37 चालों में जीत दर्ज कर दी। आज सिर्फ एक मुक़ाबला बेनतीजा रहा, भारत के विदित गुजराती नें लगातार दो हार के बाद आज हमवतन अरविंद चितांबरम से ड्रॉ खेला और अपना खाता खोला। वहीं ईरान के अमीन तबातबाई नें फ्रांस के मकसीम लागरेव को पराजित करते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की तो यूएसए के लेवान अरोनियन नें ईरान के परहम मघसूदलू को मात देते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

### इंग्लैंड जिन टर्निंग पिचों पर हारी

# आईसीसी ने दे दी रेंटिंग, पीसीबी हो गया बागोबाग

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान की हाल ही में इंग्लैंड पर 2-1 टेस्ट श्रृंखला जीत के दौरान इस्तेमाल की गई मुल्तान और रावलपिंडी की पिचों पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रिव्यू किया है। पाकिस्तान इस सीरीज का पहला मैच बुरी तरह हार गया था। लेकिन इसके बाद पाकिस्तान प्रबंधन ने आगामी दो मैचों के लिए ऐसी टर्निंग पिचें बनाई जिसके आगे इंग्लैंड की टीम नतमस्तक हो गई और आगामी दोनों टेस्ट गंवा दिए। क्या पिचों के साथ माणक से ज्यादा छेड़छाड़ की गई, इस पर आईसीसी की टीमों ने जांच की थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस जांच में कोई आंच नहीं आई है क्योंकि आईसीसी ने पिचों को संतोषजनक की रेटिंग दी है। मुलतान में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने 827/7 (डी) रन बनाए थे। इसमें जो रूट (262) और हैरी ब्रूक (317) का बड़ा सहयोग रहा था। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड की टीम इन्हीं पिचों पर रन बनाने के लिए संघर्ष करती दिखी थी।

मुलतान में पहला टेस्ट गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक नई चयन समिति का गठन किया था। इसमें आकिब जावेद और अलीम डार शामिल थे। इसी टीम ने मुलतान के ही मैदान पर दूसरा टेस्ट खेलने का फैसला किया। देखा गया कि



पिच को सुखाने के लिए बड़े पंखों का उपयोग किया गया, जिससे स्पिनरों को लाभ मिल सके। इसी तरह की नीति रावलपिंडी में लागू की गई थी, जहां पिच को सुखाने के लिए विशाल पंखे का उपयोग किया गया था, जो स्पष्ट रूप से गेंदबाजों को स्पिन की कमी के लिए जाना जाता था। दोनों स्ट्रिप्स ने टेस्ट की शुरुआत में तेज स्पिन और असमान उछाल के साथ स्पिनरों को भरपूर सहायता प्रदान की। दूसरे और तीसरे गेम में पाकिस्तान की फिरकी के कारण इंग्लैंड के सभी 40 विकेट गिर गए, जिसने टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद को पहली सीरीज जीत भी दिलवाई।

# सूर्य नगरी देव में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## चार दिवसीय महापर्व का हुआ समापन | जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल मेला क्षेत्र में कैंप कर स्थिति की मॉनिटरिंग में दिखे तत्पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हो गया। इस मौके पर औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्थल सूर्य नगरी देव में बिहार-झारखंड के अलावा पूरे भारत से लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर आस्था की डुबकी लगाई। छठ पूजा को लेकर देव में नहाय खाय से ही छठव्रतियों और श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। आज सुबह से ही अर्घ्य देने के बाद अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाये गये देव के त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही और लोग बारी-बारी से भगवान भास्कर का दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर रहे थे। देव का पूरा इलाका छठी मैया के भक्तिपूर्ण और कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान हो गया। देव छठ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं और छठव्रतियों की सुविधा के लिए औरंगाबाद जिला प्रशासन की ओर से बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा, परिवहन, आवासन आदि के बेहतर प्रबंध किए गए थे। पूरे मेला क्षेत्र और मंदिर परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल स्वयं मेला क्षेत्र में कैंप कर पूरी स्थिति की मॉनीटरिंग कर रहे थे। लोक मान्यता है कि देव में छठ व्रत करने से भगवान सूर्य देव की साक्षात उपस्थित की रोमांचक अनुभूति होती है और यहां के पौराणिक सूर्यकुंड में अर्घ्य अर्पित करने से मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है। यहां स्थित भगवान सूर्य मनोकामना पूर्ण करने वाले हैं। कई लाख श्रद्धालु ऐसे हैं जो हर वर्ष यहां छठ करने आते हैं और सूर्य नारायण से मांगी हुई मन्नत पूरी होने पर मंदिर परिसर में स्थित जटहा बाबा के पास अपना बाल दान करते हैं। इस वर्ष समिति के सदस्यों ने तय किया था कि जो भी श्रद्धालु मुंडन कराना चाहते हैं वो मंदिर कमिटी के द्वारा पहले अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, उसके बाद मुंडन कराएं। इसे निःशुल्क रखा गया था। मंदिर परिसर में दर्जनों नाई बाल मुंडन करने के लिए बैठे रहते हैं। मंदिर परिसर में बैठे नाई रमेश ठाकुर ने बताया कि मंदिर कमिटी के द्वारा हमें रोजाना के हिसाब से मेहनताना दी जाती है। दिनभर में एक नाई 50 से अधिक मुंडन कराता है। उन्होंने बताया कि देव में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामना पूरी होने पर बाल मुंडन करवाते हैं। इधर जिला पदाधिकारी द्वारा देव कार्तिक छठ मेला में आये हुए व्रतियो एवं श्रद्धालुओं के आवास स्थल, पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। इस बीच उन्होंने बाहर से आए श्रद्धालूओं से जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी पर बातचीत की एवं उनका फीडबैक भी मांगा। छठ पूजा के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन ने सरकार के निर्देशन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की थी। आवासन हेतु 9 स्थल कुल क्षेत्रफल लगभग दस लाख वर्ग फीट को तैयार किया गया था जहां लगभग छह लाख वर्ग फीट में टेंट विभिन्न एजेंसियों एवं बैंकों के सी.एस.आर. मद से तैयार किया गया था। साथ ही 10,000 छोटे-बड़े वाहनों के लिए 10 पार्किंग स्थल तैयार किए गए थे जिसका कुल क्षेत्रफल दस लाख वर्ग फीट से अधिक था। किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पेयजल, बोरिंग, टैंकर आदि की व्यवस्था की गई थी। महिला/पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय, स्नानागार आदि की भी व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा एवं निगरानी की दृष्टि से पूरे मेला परिसर में लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे एवं तीन ड्रोन कैमरे की व्यवस्था की गई थी ताकि हर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके। छठ मेला के दौरान श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु कुंड क्षेत्र में 10 बेड का एक अस्थायी मिनी अस्पताल तैयार किया गया था जहां ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध थी। पूरे मेला अवधि में सभी आवासन एवं नियंत्रण कक्ष में मेडिकल कैंप चौबीसों घंटे संचालित था जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, एंबुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की गई थी। उक्त के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देव को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु तैयार किया गया था। एन.डी.आर.एफ के 30 सदस्यों के दल की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी। सभी आवश्यक स्थलों पर अग्निशमन गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। 250 एन.सी.सी. एवं 400 स्काउट गाइड के युवा मेला परिसर में श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए प्रतिनियुक्त किए गए थे। पूरे मेला परिसर में विभिन्न स्थलों पर मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। देव मोड़ से मालेनगर, चांदपुर पथो में श्रद्धालुओं के यातायात हेतु निःशुल्क ऑटो की सेवा भी उपलब्ध कराई गई थी।


सूर्य नगरी देव में लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी


जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री व्यवस्थाओं को लेकर दिखे तत्पर

# एनटीपीसी विद्युत क्रांति की एक भव्य मिसाल : चंदन कुमार सामंता

## एनटीपीसी नबीनगर ने मनाया अपना 50 वां स्थापना दिवस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** नबीनगर स्थित एनटीपीसी नबीनगर में एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस मनाया गया। परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चन्दन कुमार सामंता ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा परियोजना प्रमुख एवं एनटीपीसी ध्वज को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। अपने सम्बोधन में परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक श्री सामंता ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी और एनटीपीसी की उपलब्धियो से सबको अवगत कराया। श्री सामंता ने कहा की आज का दिन हमारे लिए एक उत्सव से काम नहीं है क्यों की आज के ही दिन 1975 में एनटीपीसी की स्थापना हुई थी, एनटीपीसी विद्युत क्रांति की एक भव्य मिसाल है और सफल स्वदेशी उद्यम का एक सफल उदारहरण है। इस मौके पर उन्होने एनटीपीसी नबीनगर के परिचालन प्रदर्शन की प्रशंसा की और सारे कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रमुख ने केक काट कर सभी को 50वे स्थापना दिवस की शुभकामनाए दी। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक के अलावा, एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक के डी यादव, महाप्रबंधक (ओपरेशन) ए के त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ऑटो पलटने से चालक घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव में ऑटो पलटने से एक ऑटो चालक घायल हो गया, जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घायल ऑटो चालक की पहचान बाला कर्मा गांव निवासी शिवपूजन चौधरी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शिवपूजन सवारी लेकर रायपुरा गांव गया था और वापसी के दौरान उसकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह घायल हो गया।

# गरीबों की सेवा करना ही जिंदगी का मकसद : शक्ति मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सदर प्रखंड के आलमपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के अध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर छठ व्रतियों के बीच फल वितरण किया गया। सर्वप्रथम मौके पर कृष्ण युवा क्लब के सदस्यों ने अंग वस्त्र एवं फूलमाला से स्वागत किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने कहा कि छठ महापर्व के इस कार्यक्रम में आकर मैं स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली अनुभव कर रहा हूं। इस भव्य आयोजन के लिए मैं आयोजन समिति को बहुत बहुत बधाई देता हूं। छठ महापर्व की प्रतीक्षा उपासक वर्ष भर करते हैं। इस महापर्व पर दूर-दूर से लोग चाहे कहीं भी रह कर काम कर रहे हों, वे छठ पूजा में शामिल होने पहुंचते हैं। इस पर्व में कठिन व्रत रखा जाता है। हमारी माताएं-बहनें निर्जला उपवास रखती हैं। छठ महापर्व हमें प्रकृति से भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा हमारी प्राथमिकता है, आपको हमारी जिस रूप में जहां आवश्यक है, मैं आपके साथ हूं। मानव होने के नाते एक व्यक्ति का फर्ज है वह निःस्वार्थ भाव से दूसरे मनुष्य की सेवा करें, यही मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। वह कोई राजनैतिक व्यक्ति नहीं हैं बल्कि एक साधारण इंसान हैं। अपने आस-पास के अभावग्रस्त जरूरतमंदों की मदद करना उनकी प्राथमिकता है। गरीबों की सेवा करना ही उनके जिंदगी का मकसद है। इस अवसर पर फेसर पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामजन्म यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार, संतोष सिंह, कमिटी के अध्यक्ष पवन कुमार, अतुल कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।



शक्ति मिश्रा को सम्मानित करते कृष्ण युवा क्लब के सदस्य सुनील कुमार

# दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर।** छठ पर्व के दौरान गुरुवार की देर शाम बाइक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। घटना बिहार- झारखंड के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोटनिया गांव की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी उपेंद्र पासवान के पुत्र रॉकी एवं बिनोद पासवान के पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान उस गांव निवासी अखिलेश पासवान के पुत्र विक्की कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार उक्त तीनों युवक किसी काम को लेकर जपला जा रहे थे। इस क्रम मे बिहार झारखंड के सीमा पर लोटनिया गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया जिससे दो युवकों की मौत घटना पर ही हो गई जबकि एक घायल हो गया। इधर झारखंड पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# व्रतियों के बीच किया फल वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के उन्थु छठ घाट पर आदर्श युवा क्लब बांसेखाप द्वारा व्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया। समाजसेवी सिद्धि सिंह एवं सौरभ कुमार सिंह ने नारियल, सेव, घगर निब्बू, केला, ईख, अगरबती, पान, कसैली समेत अन्य जरूरत के समानों का वितरण किया। समाजसेवी ने कहा कि हर वर्ष क्लब के सदस्यों द्वारा अभियान चलाकर फल का वितरण किया जाता है। व्रतियों के सेवा में क्लब के सदस्य लगे रहते हैं। फल वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी शक्ति मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह युवाओं द्वारा बहुत बड़ी सेवा है। युवाओं को बेहतर करते हुए देखने पर बहुत खुशी होती है। इस दौरान कुंदन सिंह, संजीव सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, रमेश कुमार, सुजीत कुमार, महारथी, अश्विनी, मंटू, गुड्डू राम, राहुल सिंह, मंटू राम आदि मौजूद रहे।



# मुंडन के लिए सूर्य मंदिर जा रहा टोटो गिरा कुंए में, सहोदर भाई-बहन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के बरहेता गांव से तीन पहिया टोटो पर दस श्रद्धालु सवार होकर देव सूर्य मंदिर में मुंडन के लिए आ रहे थे। तभी केशौर मोड और इगुनियां टॉड के बीच देव के तरफ से जा रही एक बाइक टोटो को चकमा दे दिया और रात के अंधेरा होने के कारण टोटो के चालक को दिखाई नहीं दिया और अनियंत्रित होकर बगल के खाई के पास में रहे एक कुआं में जा गिरा। इसके कारण उस पर सवार सभी लोग कुआं में भरा लबालब पानी में समा गए। घटना देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया तब जाकर ग्रामीणों के सहयोग से टोटो एवं सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। जिसमें दो बच्चे की मौके पर जान चली गई। घटना की सूचना पाकर देव पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। इधर देव छठ में जिला प्रशासन की व्यवस्था पर आक्रोशित लोगों ने शव को रोड पर रख कर जाम कर दिया और जिलाधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे। इस सूचना पर एसडीपीओ 2 मदनपुर अमित कुमार, सीओ देव दीपक कुमार मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन गुस्साए लोगों ने शांत होने का नाम ही नहीं लिया। फिर इसकी सूचना स्थानीय समाजसेवी शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के अध्यक्ष शक्ति मिश्रा को मिली तो वे आनन-फानन में भागते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर अपनी तरफ से तत्काल एक लाख रुपया देने की घोषणा की और सभी घायलों का इलाज कराने का जिम्मा लिया। तब जाकर पुलिस शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। मृतक की पहचान सविता कुमारी 12 वर्ष और दिलखुश कुमार 8 वर्ष दोनों पिता कुंदन चौधरी ग्राम पैदापुर थाना गुरुवा जिला गया के रूप मे की गई है। जबकि घायल आयुष कुमार 2 वर्ष, ज्योति कुमारी पिता विकास चौधरी ग्राम बरहेता थाना देव के निवासी है। सभी मृतक दिलखुश कुमार के मुंडन करने के लिए छठ में अपने मामा के घर बरहेता आए हुए थे। सभी लोगों ने पहला अर्घ्य देने के बाद बरहेता गांव से मुंडन करने के लिए देव सूर्य मंदिर आ रहे थे। तभी यह हादसा हो गई। समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने कहा कि देव छठ मेला के व्यवस्था पर जिला प्रशासन से लाइट और पानी के लिए मैंने कई बार आग्रह किया लेकिन हमारे बातों पर ध्यान नहीं दिया गया। मैं एक छोटा समाजसेवी हूं। आखिरकार जो डर था वह हो ही गया। अगर लाइटिंग की व्यवस्था पूरी अच्छी तरीके से रहती तो शायद टोटो चालक को बगल में रहे कुआं दिखाई दे देता और यह हादसा नहीं होती।



**■ समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने की अपनी तरफ से तत्काल एक लाख रुपया देने की घोषणा**

● **औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर के समीप स्थित छठ घाट पर शुक्रवार की सुबह एक 12 वर्षीया किशोरी की डूबकर मौत हो गई। किशोरी की पहचान शहर के वार्ड नंबर 32 के रामडीहा निवासी प्रदीप चौधरी की पुत्री सधनी कुमारी के रूप में की गई है।

# देव छठ मेला में एनसीसी कैडेट रहे मुस्तैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद की टीम के द्वारा पूरी निष्ठा से प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी भगवान भास्कर की नगरी देव मे कार्तिक छठ मेला में श्रद्धालुओं की सेवा व सहायता की। इस टीम की प्रतिनिधित्व सूबेदार मिक्की प्रसाद एवं हवलदार शशि रंजन ने किया। उन्होंने बताया कि एनसीसी की टीम 5 तारीख के दोपहर से ही 8 तारीख के दोपहर तक ड्यूटी दिया तथा श्रद्धालुओं की हर तरह से मदद की तथा छठ मेला का कैंप सीनियर एस.यू.ओ. सुमन कुमार के नेतृत्व में पोखरा, सूर्य मंदिर, थाना कंट्रोल रूम, सभी चौराहे तथा बैरियर के पास श्रद्धालुओं की सहयोग तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एनसीसी के कैडेट्स मौजूद रहे। एनसीसी कैडेट्स ने बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलने में मदद की तथा सही रास्ते की जानकारी दी तथा भीड़ में फंसे बच्चों एवं महिलाओं को निकालने में मदद की। इस सराहनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने एनसीसी टीम को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी की टीम हर मुश्किल परिस्थिति में सहयोग करते हैं तथा कैडेट्स से मिलकर देव छठ मेला का जायजा लिया। वहीं 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज कुमार सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को ड्यूटी के दौरान मिलकर प्रोत्साहित किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269





